कृ

* श्रीमद्‌विष्णुवैभवम् *

कृष्णदत्त भारद्वाजः

पीताम्बर बुक डिपो

* श्रीमद्विष्णुवैभवम् *

प्रणेता

कृष्णदत्त भारद्वाजः

Bhawan's Sri Sankaracharya Sanskrit Mahavidyalaya Bharatiya Vidy.
८९६

पीताम्बर बुक डिपो

(स० पीताम्बर पब्लिशिंग कम्पनी)

शैक्षिक प्रकाशक

८८८, ईस्ट पार्क रोड, करौल बाग़,

नई दिल्ली-११०००५(भारत)

प्रकाशक	पीताम्बर बुक डिपो ८८८, ईस्ट पार्क रोड, करौल बाग़, नई दिल्ली-११०००५. दूरभाष : कार्यालय : ५१९४३३ आवास : ५६२९१९
प्रकाशन वर्ष	१९७७
प्रणेता	कृष्णदत्त भारद्वाज
मूल्य	३० रुपये
कापीराईट	प्रकाशकाधीन
मुद्रक	पीताम्बर प्रिंटिंग प्रेस ४१-४२, बस्ती हरफूलसिंह, दिल्ली-११०००६ दूरभाष : ५१२०४१

।। श्रीगणेशाय नमः ।।

महस्ते विष्णो सुमतिं भजामहे ।।

(ऋग्वेद : १ । १५६ । ३)

बलं विष्णोः प्रवर्द्धताम् ।।

(बाल्मीकि-रामायणम् ७ । २११ । २५)

BHARATIYA VIDYA BHAVAN
Kasturba Gandhi Marg.
New Delhi-1.

प्राङ् निवेदनम्

श्रीमद्विष्णुवैभव-नामधेयां कृतिमेतां सानन्दं भगवतो भक्ति प्रप्सुभ्यस्तथा तदीय-चरण-नलिन-युगल-मकरन्दं पिपासुभ्यः सुधीभ्यो निवेदयामि। ग्रन्थेऽस्मिन् श्रीमद्भगवद्विष्णु-विषयकं स्व-मतमेव मया उपनिषच्छैल्या सूत्र-शैल्या च प्रतिपादितं मतान्तर-निरसनस्य प्रयासस्तु मनागपि न कृतः।

अत्रत्यानि सूत्राणि यद्यपि सुगमानि सन्ति तथापि तेषां भावं स्पष्टतः विधातुकामेन मया स्वयं वनमाला-नामिका विवृतिर्हिन्दी-भाषायां प्रस्तुता।

अथ कतिपयैः संस्कृत-पद्यैर्विष्णुमहिम-संवलितं गीतमेकं विलिख्य गोस्वामितुलसीदास-विरचितां 'श्रीहनुमान चालीसा'—स्तुतिमनुकृत्य 'श्रीविष्णु-चालीसा'—स्तवो हिन्दी-भाषायां चत्वारिंशता पङ्क्तिभिः प्रणीतः। हिन्दी-भाषायामेव च विष्णु-नीराजनमपीह विहितं यद् गीत्वा सहृदया विन्देयुरमन्दमानन्दम्।

विष्णूपनिषदो विष्णु-गीतस्य च रूपान्तरमाङ्ग्ल-भाषा-वेदितॄन् नूनमुपकरिष्यतीत्यहमाशासे।

श्रीविष्णु-यन्त्रं स्व-पुत्रस्य चिरञ्जीवि—डॉ० कोशलेश भारद्वाजस्य अनुसन्धान-सन्दर्भात् तदनुमत्या सङ्गृह्याऽत्र निवेशितम्।

इदानीमयमभिलाषोऽस्ति मे यत्—

पितरौ पृथुकस्येव बाललीलामिमां मम।
निर्वर्ण्य वर्ण-सम्भूतां मोदेतां दिव्य-दम्पती॥

❁ ❁ ❁

अनुक्रमः

१.	विष्णूपनिषद्	....	१
२.	विष्णूपनिषद आङ्ग्लभाषायां रूपान्तरम्	....	७
३.	परतत्त्वसूत्रापरपर्यायं विष्णुसूत्रम्	....	१४
४	विष्णुसूत्रस्य हिन्दीभाषायां वनमालानाम्नी विवृतिः	....	२१
५.	विष्णु-गीतम्	....	१८५
६.	विष्णु-गीतस्य आङ्ग्लभाषायां रूपान्तरम्	....	१८७
७.	विष्णु-यन्त्रम्	....	१८९
८.	विष्णु-चालीसा (हिन्दी)	....	१९०
९.	विष्णु-नीराजनम् (हिन्दी)	....	१९५

श्रीविष्णु भगवान

श्रीविष्णूपनिषद्

अथ मङ्गलं युग्मेन

पिपर्त्ति प्रकृतिं नित्यं पुमांसं च पृणाति यः ।
यः पारयति भक्तानामशेषा एव कामनाः ॥ १ ॥
विश्वं व्याप्याऽपि यो देव एतस्मात्परतः स्थितः ।
परस्मै श्रीमते तस्मै विष्णवेऽस्तु नमो नमः ॥ २ ॥

—०—

प्रथमोऽनुवाकः

एकस्मिन् पुण्याहे पूर्वाह्णे सन्ध्यामुपास्याऽन्तेवासी देशिकमनूचानमुपागम्य तदीय-पादावुपसङ्गृह्य सविनयं प्रार्थयाञ्चक्रे, "भगो गुरुवर्य्य, अनुगृह्य मामत्रभवान् पर-तत्त्वं शास्तु ।"

अथाऽसौ देशिकः सुधीः प्रमुदितमनास्तं सस्नेहं प्रोवाच, "भगवाञ्श्रीविष्णुर्लक्ष्मी-रञ्जित-वामभाग एव परमं तत्त्वं सौम्य । अयमेव निर्देशः खलु निगमाऽऽगमयोः । विष्णुरेव परम-पुरुषः परमात्मा नारायणो भगवान् वासुदेवः । बहून्यन्यानि तस्य गुण-प्रभवानि नामानि । जगत उदयो विभवो विलयश्च तस्यैव चिरन्तनी लीला ।

द्वितीयोऽनुवाकः

सूक्तोऽयं मन्त्रे; बृंहितो ब्राह्मणे; वर्णित आरण्यके; उपासित उपनिषदि; निरूपितो रामायणे;

स्मृतः स्मृत्याम् ; सूत्रितो ब्रह्मसूत्रे; महितो महाभारते; गीतो गीतायाम्; पूर्णः पुराणे; आम्नात आगमे; आरचिताञ्जलिराचार्यैः; स्तुतः सद्भिः; ईडितश्च कविभिः ॥"

तृतीयोऽनुवाकः

कीदृशं विष्णोर्गुण-वृन्दं कीदृक् च तस्य रूपमिति शिष्येण सोत्कलिकं पृष्टो गुरुवरो व्याख्यातुं प्रचक्रमे, "विष्णोर्गुणाः सर्वे स्वरूपभूताः। ते तु निखिल-हेय-प्रत्यनीकाः। ज्ञाना-ऽऽनन्द-सत्यकाम-सत्यसङ्कल्पाऽऽदयो-ऽनन्तास्तत्र षाड्गुण्यस्य प्राधान्यम्। युगपत् समस्तवस्तु-साक्षात्कारो ज्ञानम्; अघटन-घटनं शक्तिः; अनन्त-भुवन-धारणं बलम्; निखिल-चेतनाऽचेतन-नियमनमैश्वर्यम्; विकाराऽभावो वीर्यम्; पराऽभिभव-सामर्थ्यं तेजश्चेति षड् गुणाः।

चतुर्थोऽनुवाकः

"एवमेवाऽमुष्य दिव्यं कल्याणं-रूपमपि स्वरूप-भूतम्। अत एवाऽसौ षाड्गुण्य-विग्रहः सच्चिदानन्द-घनश्चेति प्रथितः। अहो ! धर्म-ब्रह्म-सुखानां प्रतिष्ठाऽयम्। देह-देहि-भिदा नाऽत्र भगवत्तत्त्वे। नाऽस्य करणाऽपेक्षं द्रष्टृत्वादिकं किन्तु स्वभावत एव। अमल-कमल-दल-नयन-युगलोऽयं श्यामोऽपि स्वर्णाभः। आचसेनिकाऽस्य रूप-माधुरी। स्वेतर-समस्त-वस्तु

विलक्षणोऽगमगोचरः प्राक् समाराधनाद्, गोचरस्त्वर्वाक्, इति त्वं नूनं निश्चिनुहि। अपीच्य-वया भगवान्नित्यं सश्रीकः। श्रीर्वै तदभिन्नैव।"

पञ्चमोऽनुवाकः

क्वाऽसावस्ति परमात्मेति निरूपयितुं जिज्ञासुना सादरं प्रार्थित उपदेष्टा व्याचचक्षे, "सर्वत्रैवाऽयं विराजतेऽन्तर्यामी भगवानिहाऽमुत्र च। अमुत्रेति नित्य-विभूताविहेति च लीला-विभूतौ। परिकर-परिच्छद-परिवारा नित्य-विभूतौ। परमपद-परमव्योम-वैकुण्ठाऽऽदि पद-वाच्या सा। अकृता नित्यत्वात्, स्वयम्प्रकाशाऽप्राकृती च। तत्सिद्धिः श्रुतेः स्मृतेश्च।

षष्ठोऽनुवाकः

"अथ व्यूहा लीला-विभूतौ। वीर्यैश्वर्याभ्यां प्रद्युम्नः प्रपञ्चस्य कर्त्ता, शक्ति-तेजोभ्यामनिरुद्धो भर्त्ता, ज्ञान-बलाभ्यां च सङ्कर्षणो हर्त्ता। श्रीराम-श्रीकृष्णादयो विभवाः। ते च स्वरूपाऽऽवेश-पूर्णांश-भेदवन्तः। पूर्णाऽवतारेऽपि भगवान् परिपूर्णः। स्वरूपतोऽवतरणेऽसावजहदेव स्वभावमवतरति विद्यार्थिन्।"

सप्तमोऽनुवाकः

पुनः कृपया भक्तिं विवृणोतत्रभवानिति सप्रश्रयं जिज्ञासमानेन प्रेरितः श्रोत्रिय-वर इत्थङ्कारं प्रत्यपीपदत्,

"उपासनं भक्तिः। सा द्विधा परा परमा च। श्रवणादीनि तस्या अनेकान्यङ्गानि। ज्ञानकर्मणी तत्र सहाये। ज्ञानं प्रेमा सेवेति सत्क्रमः। वैदिकोपासनेऽधिकार उपनीतानाम्। शास्त्रान्तरोक्ते सर्वेषाम्। प्रपत्तिः शरणागतिर्वा सारः।

अष्टमोऽनुवाकः

"अथ श्रवण आदर्शो देवरातः कीर्त्तने वैयासकिः स्मरणे प्रह्लादश्चरण-सेवायां पद्माऽर्चने वैन्यो वन्दने श्वफल्क-तनयो दास्येऽञ्जना-नन्दनः सख्ये गुडाकेश आत्म-निवेदने वैरोचनिस्तन्मयतायां व्रजाङ्गना वात्सल्ये नन्द-पत्नी ध्याने च ध्रुव औत्तानपादिः।"

नवमोऽनुवाकः

भूयोऽपि ज्ञानाऽमृतं पिपासुनाऽन्तेवासिना स्व-जीवने साध्यं तदनु च साधनमपि विवरितुं साञ्जलिबन्धं प्रार्थितः सद्गुरुरेवमचकथत, "साधनं पूर्वं पश्चाच्च साध्यं वक्ष्यामि, तदाकर्णय सावधानम्। अभिगमनादिकं साधन-पञ्चकं श्रूयते। अभिगमनं तावत्प्रथमम्, द्वितीयमुपादानम्, तृतीयमिज्या, स्वाध्यायश्चतुर्थम्, पञ्चमं च योगः। तत्रेज्या द्विविधा बाह्याऽऽन्तर-भेदात्। प्रतिमायां पूजनं सम्प्रदायः। चतुर्विंशति-प्रकारा प्रतिमा कञ्जाऽदि-विन्यास-भेदेन। विहितैः कुसुमादिभिरर्चनं सुखदम्। यात्राव्रतोपवासा

अनुष्ठेयाः । शीलाऽऽचार-निष्ठोत्कर्षकरी । ब्रह्मादीनां सम्मानो विधेयस्तेषां विष्णु-विभूतित्वात् । विवेकादीनां पालनं कार्यम् । आहारे शुद्धिर्विवेकः । कामादिष्वनासक्तिर्विमोकः । आलम्बन-संशीलनमभ्यासः । पञ्चमहायज्ञाद्यनुष्ठानं क्रिया । दयार्जवाऽऽदि कल्याणम् । दुःखेऽनवसादः । सुखेऽनुद्धर्षश्चेति सप्त साधनानि ।

दशमोऽनुवाकः

'अथ भक्तो द्विविधस्त्रिवर्गाऽपवर्ग-पर- भेदात् । चतुर्वर्गफला-ऽवाप्तिर्वै श्रीविष्णु-सेवया । मुक्तिं विन्दन्ति स्वात्म-याथात्म्यवेदितारोऽपि । न तत्राऽऽगन्तुक-देह-परिग्रहः श्रुति-व्याकोपात् । बन्धाऽभावे स्वाभाविक-गुण-विकासः । सत्य-सङ्कल्पत्वेऽपि विश्वव्यापृतावनधिकारः । जीवेश्वरयोरैक्यं सिंह-माणवकयोरिव । उपास्य-समानाऽऽकारता विना श्री-श्रीवत्स-कौस्तुभान् । सायुज्यं परमः पुमर्थः । तत उत्तमा सेवा परमा भक्तिः । एतदेव साध्यम् । न तदा कर्मणः संसरणम् । स्वेच्छया परमेश्वरादेशेन वा लीलायामागमनम् । पर-तत्त्वं भगवाञ्श्रीविष्णुरेव स्वजनानां सर्वत्र सर्वदा सर्वथा च शरणम् । स एव सकल-कामनानां पूरयितेति सर्व-वेदान्तानां सिद्धान्तः सौम्य ।"

देशिक-वचन-पीयूष-पानेनाऽऽप्यायितोऽन्तेवासी पर-तत्त्वं श्रियः पतिं विष्णुमेव परमाऽऽराध्यत्वेन परम-प्राप्यत्वेन परम-प्रापकत्वेन च मेने ।

एतामुपनिषदं सविस्रम्भं योऽधीते प्रत्यहं स वै श्रीविष्णोः परमं प्रसादं लभते, परमं प्रसादं लभते ।।

अथेदं मङ्गल-पद्यम् :—

विश्वात्मासीत्पुरासौ पुरुषविध इति स्तूयते यो मुनीन्द्रै-
र्ज्ञानानन्दात्मको यः परम-रसमयो भक्त-कल्याणकारी ।
ऐश्वर्याद् दिव्यरूपस्त्रिभुवन-ललितो योऽस्ति सर्वत्र पूर्णो
लक्ष्मी-कान्तस्य तस्य प्रभवति सततं माधुरी मङ्गलाय ।।

*

श्रीविष्णूपनिषन्नाम्ना कृतिरेषा मनोरमा
सदा श्रीविष्णु-भक्तानां हृदयेषु विराजताम् ।।

An Elucidatory English Version

OF

ŚRĪ VIṢṆŪPANIṢAD

Prologue :

I offer my obeisance to Śrī Viṣṇu, the Supreme, who permeates all animate beings and inanimate existence and also transcends this entire cosmos at the same time.

First Section

It was in the forenoon of an auspicious day that an inquisitive disciple having finished his daily prayers approached his learned Guru, touched his feet, and solicited him in all humbleness, "Revered Sir, kindly communicate to me the knowledge of the Supreme."

Then the sagacious Guru, feeling felicitous, delivered the following discourse.

Śrī Viṣṇu Bhagavān, whose left side is adorned by Lakṣmī, is the Supreme Reality. This is ordained in the scriptures, namely, the Vedas and the Āgamas. Viṣṇu is the Supreme Person and the Cosmic Soul. His well known epithets are Nārāyaṇa, Bhagavān and Vāsudeva. Many other names are His, based on various attributes. The creation, sustenance and sublation of the universe are his eternal sports.

Second Section

Viṣṇu is eulogised in the Mantra portion of the Vedas, and dilated upon in the Brāhmaṇa part thereof. He is also dwelt upon in the Āraṇyakas, approached well nigh in the Upaniṣads, expounded in the Rāmāyaṇa, referred to in Smṛtis, delineated in the Brahma-sūtra, reverentially spoken about in the Mahābhārata, melodiously put in the Gītā, fully described in the Purāṇas,

repeatedly set forth in the Āgamic literature, *i.e.*, Pāñcaratra Samhitās, paid homage to by the Ācāryas, praised by saints, and extolled by poets.

Third Section

Being earnestly accosted by the pupil to depict the nature of the attributes and the Divine form of Viṣṇu, the teacher said, "All the auspicious attributes constitute the nature or essence of Viṣṇu. They are opposed to all despicable, material elements. Countless are they—such as bliss, infinity, purity, true desire and infallible resolve. Six attributes are most prominent : omniscience, power, prowess, vigour, energy and overlordship.

Fourth Section

"Similarly, Viṣṇu's form is His own nature or essence. It is identical with Him. He is, therefore, widely known as Ṣāḍguṇya-vigraha or one who has a form made of six attributes, and is also termed Saccidānanda-ghana, *i.e.*, one who is pure, blissful Reality in its crystalline form. He is the substratum of rite, sublimity and bliss. There is no distinction between body and soul in the Divinity. The Deity's activities such as hearing and seeing do not depend upon the function of the sense-organs. They are spontaneous, self-originated.

"His eyes are as beautiful as two petals of a spotless lotus. Golden rays emanate from His form of blue complexion. One never feels satiated to look at the elegance of His form. The Lord is distinguished from all things, animate and inanimate, other than Himself.

"Viṣṇu is invisible, but only prior to an ardent worship ; for He verily is visible thereafter : be sure about this fact. The Lord enjoys ever-budding youth.

"Śrī is but another form of His. She resides on the Lord's bosom in the shape of a beautiful golden streak."

Fifth Section

The disciple, who wanted to know where God is obtainable, reverentially asked his spiritual guide to enlighten him on the subject. The spiritual guide enunciated the topic in the following wise.

God is everywhere—here and there. By 'here', we mean this entire creation, and by 'there' we understand the eternal, transcendental plane where the Lord resides amid His Divine paraphernalia. That is known by such epithets as Parama-pada, Parama-vyoma and Vaikuṇṭha. Being eternal, it was never fashioned. It is non-material and self-effulgent. The source of our knowledge about it is the Vedic literature and Smṛtis.

Sixth Section

The emanation (Vyūha) forms of Viṣṇu control and regulate the creation, sustenance and sublation of all cosmic units. Saṁkarṣaṇa, in whom omniscience and power predominate, is responsible for sublation ; Pradyumna with predominance of prowess and overlordship looks after creation ; and Aniruddha in whom vigour and energy dominate is in charge of sustenance.

Śrī Rāma and Śrī Kṛṣṇa are Viṣṇu's two prominent Vibhava or Avatāra forms. Again, an Avatāra may be either self-same (svarūpa) or tutelary (āvesa), and complete (pūrṇa) or partial (aṁs'a).

Viṣṇu remains complete even after his appearance as complete descent (Pūrṇa Avatāra).

In His self-same appearance He descends without withdrawing his real nature.

Seventh Section

The disciple thereafter requested the teacher to throw light on the cult of devotion. The teacher, then. delivered his discourse as follows :

Bhakti means service. The word upāsana which literally signifies 'sitting near' might have been primarily used to denote sitting down for worship ; but it came, later, to mean worship in general.

Bhakti is twofold :— (*a*) para-bhakti or the primary love of God, and (*b*) parama-bhakti or the love of God in its supreme aspect.

Bhakti has several phases such as listening to the sports of the Lord.

Knowledge and Action are auxiliaries of Bhakti.

First of all a person comes to know about God from the scriptures, saints and savants. Correct knowledge, then, generates love of God ; and sincere love is always expressed through service such as obeisance, prostration and offering of flowers. This is the reasonable order.

Those who are initiated into the 'upanayana' ceremony are eligible for worshipping Viṣṇu through the medium of the Vedas. Those who are not so privileged can worship Him according to the injunctions laid down in other scriptures.

The doctrine of Surrender is the epitome of all scriptural sermons.

Eighth Section

Parīkṣit is a model for listening ; Śukadeva, for reciting ; Prahlāda, for remembering ; Lakṣmī, for serving the feet ; Pṛthu, for offering flowers etc. ; Akrūra, for prostrating ; Hanūmān, for servanthood ; Arjuna, for friendly attitude ; the damsels of Vraja, for feeling of absorption ; Yas'odā, for parental affection ; and Dhruva, for meditation.

Ninth Section

The disciple who was still desirous of drinking deep the nectar of erudition requested the preacher to detail the means worth adopting by a religious aspirant. He also wanted to know the summum bonum of all pious practices during the human existence.

The Guru proceeded to explain, first the means, and then the summum bonum.

There are five expedients to be practised.

The first is 'Abhigamana' or approaching the sacred image of the Deity installed in a temple or in one's own residence.

The second is 'Upādāna' or collection and arrangement of the articles, *e.g.*, leaves, flowers, fruits and water.

The third is 'Ijyā' or service which means the adoration of the Deity in five, ten, sixteen or more formal ways.

The fourth is 'Svādhyāya' or study which consists in counting the divine names, chanting the holy hymns, or reciting the religious texts.

The fifth is 'Yoga' or concentration of mind on the Deity.

The service 'Ijyā' is twofold—internal (mental) and external. It is traditional to worship the Deity in an image or idol. An idol of Viṣṇu can be of twentyfour forms based on the changing position of the conch, disc, mace and lotus.

Some articles are prohibited in the adoration of Viṣṇu. It is beneficial to use only those articles which are prescribed and recommended for it.

Going on pilgrimage promotes devotional attitude, and so does the periodical fasting especially on festivals pertaining to Viṣṇu.

One must keep one's conduct spotless and behave in a dignified way : it elevates disciplined personality.

Such deities as Brahmā are to be venerated, for they are Viṣṇu's vibhūtis participating in His grandeur.

An aspirant is to strictly observe the following seven expedients. (1) Discrimination of food is the first : only a pure and pious dish is conducive to the discipline of mind. (2) The second is the giving up of desires for sensual enjoyment ; lust, wrath and greed are detrimental to spiritual advancement. (3) The third is the practice of meditation. There must be something for the mind to fix upon, and Viṣṇu is the most sublime object to which all mental activities should be directed. (4) The fourth is the performance of traditional rites *e.g.*, five yajña-ceremonies every day. (5) The fifth consists in the cultivation of such virtues as cleanliness, purity, modesty, fortitude, forgiveness, equanimity and compassion. (6) The sixth is the non-dejection. A man of devotional character should not lose heart, if adversity brings him affliction and disaster. The Gītā says that a saint is he whose mind sets un-disturbed, while he is overtaken by misfortune. (7) The seventh is absence of elation. A man of devotion is to remain unperturbed in the midst of merrymaking and pastime.

Tenth Section

The final discourse of the Guru was as follows :

There are two categories of devotees. Some pray to Viṣṇu simply for worldly gains, whereas others worship Him for salvation alone.

Wordly objects such as pelf and power as well as emancipation can be obtained by a person through his or her devotion to Lord Viṣṇu. Those who realise the true nature of their own selves also get freedom from bondage.

An emancipated soul is not under compulsion to take any external body. The Chāndogya says, "Having approached the Highest Light (Viṣṇu), a soul in salvation manifests in its own form".

In the absence of all impurities of matter accumulating aaound it, the soul shines in its essential, pristine glory.

A freed soul, though it is endowed with powers such as true resolve, cannot create, sustain and destroy the universe.

The oneness of an individual soul and God is as figurative as that of a boy and a lion in the statement—'This boy is a lion'.

The ancient texts reveal, "The Pure soul attains the likeness of God". But there is an exception. Even the emancipated souls differ from Him in that they do not possess the insignia of Śrī, Śrīvatsa and the Kaustubha gem.

The Divine communion is the soul's summum bonum: the soul has then the privilege of serving the Lord with supreme devotion.

That is the aim to be achieved.

Thereafter, there is no fear of the soul's fall into transmigration.

A released soul can visit the Lord's Līlā-vibhūti either on its own or under the Lord's will and direction.

The Ultimate Reality, Śrī Viṣṇu Bhagavān, is always, everywhere and by all means, the Saviour of His devotees. He fulfils all desires of His devotees.

This is the gist of all Vedāntic themes.

So spoke the Guru.

Feeling satisfied by intently listening to the delicious discourse, the disciple had the conviction that Viṣṇu, the spouse of Śrī, is the best among the adorable, that He is the Supreme Person worth approaching for worship, and that He Himself is the best helper and guide.

Whosever reads through this Upaniṣad every day with faith becomes recipient of the superb grace of Viṣṇu.

Epilogue.

While attending the discourses on Vedic themes, we have heard that the Cosmic Soul was a PERSON in the beginning. Bliss and consicousness being His nature, He is replete with sportive ecstasy and is ever engaged in doing good to His devotees. By dint of His potential majesty He is always in a Divine Form wdich has no parallel in the three worlds. He is VIṢṆU, the Infinite. The charming elegance of the spouse of Lakṣmī is capable of producing auspicious occasions for His votaries. Amen.

———

May this pleasant composition of mine, Śrī Viṣṇū-paniṣad, ever remain in the hearts of those who are devoted to Lord Viṣṇu !

सिद्धान्त औपनिषदः प्राग् यः सम्यङ् मया विनिर्णीतः ।
सम्प्रति निजतोषार्थं विव्रियते सूत्रशैल्याऽसौ ॥

— ० —

परतत्त्वसूत्रापरपर्यायम्

विष्णुसूत्रम्

प्रथमोऽध्यायः

(पर-तत्त्व-प्रतिष्ठापनम्)

१. अथातः पर-तत्त्वं व्याख्यास्यामः ।

२. भगवाञ्छ्रीविष्णुस्तत्तथा निर्देशात् ।

३. पूर्षु शयनात्पुरुषः ।

४. स एव नारायणो वासुदेवश्च ।

५. नामान्तराणि शास्त्रात् ।

६. जगज्जन्मादि तल्लीला ।

७. विकारः प्रकारे न प्रकारिणि ।

(तत्राऽऽप्त-प्रमाणम्)

८. सूक्तोऽयम्मन्त्रे ।

९. बृंहितो ब्राह्मणे ।

१०. वर्णित आरण्यके ।

११. उपासित उपनिषदि ।

१२. निरूपितो रामायणे ।

१३. स्मृतः स्मृत्याम् ।

१४. सूत्रितो ब्रह्मसूत्रे ।

१५. महितो महाभारते ।

१६. गीतो गीतायाम् ।

१७. पूर्णः पुराणे ।

१८. आम्नात आगमे ।

१९. आरचिताञ्जलिराचार्यैः ।

२०. स्तुतः सद्भिः ।

२१. ईडितः कविभिः ।

द्वितीयोऽध्यायः

(गुणानां गानं तथा रूपस्य निरूपणम्)

२२. अत्राऽनेके कल्याण-गुणाः स्वरूपभूताः ।

२३. निखिल-हेय-प्रत्यनीकाः ।

२४. ज्ञानाऽऽनन्द-सत्यकाम-सत्यसङ्कल्पादयः ।

२५. षाड्गुण्यस्य मुख्यत्वम् ।

२६. अस्य कल्याणं रूपमपि स्वरूपभूतम् ।

२७. अतएव षाड्गुण्य-विग्रहः ।

२८. सच्चिदानन्दघनश्च ।

२९. धर्म-ब्रह्म-सुखानां प्रतिष्ठाऽयम् ।

३०. देह-देहि-भिदा नाऽत्र ।

३१. न करणापेक्षं द्रष्टृत्वादिकं स्वभावतस्तु ।

३२. अमल-कमल-दल-नयन-युगलः ।

३३. श्यामोऽपि स्वर्णाभः ।

३४. अन्या रूप-माधुरी शास्त्रात् ।

३५. स्वेतर-समस्त-वस्तु-विलक्षणः ।

३६. अगोचरः प्राक् समाराधनाद् गोचरस्त्वर्वाक् ।

३७. अपीच्यवयाश्च ।

३८. नित्यं सश्रीकः ।

३९. तदभिन्नेयम् ।

तृतीयोऽध्यायः

(नित्यविभूतिर्लीलाविभूतिश्च)

४०. परिकर-परिच्छद-परिवारा नित्यविभूतौ ।

४१. परमपद-परमव्योम-वैकुण्ठादि-पद-वाच्या ।

४२. अकृता नित्यत्वात् ।

४३. अप्राकृती स्वयम्प्रकाशा च ।

४४. तत्सिद्धिः श्रुतेः स्मृतेश्च ।

४५. व्यूहा लीला-विभूतौ ।

४६. ज्ञान-बलाभ्यां सङ्कर्षणः ।

४७. वीर्यैश्वर्याभ्यां प्रद्युम्नः ।

४८. शक्ति-तेजोभ्यामनिरुद्धः ।

४९. श्रीराम-श्रीकृष्णादयो विभवाः

५०. ते च स्वरूपाऽऽवेश-पूर्णांश-भेदवन्तः ।

५१. पूर्णावतारेऽपि पूर्णः ।

५२. स्वरूपेऽजहदेव स्वभावम् ।

चतुर्थोऽध्यायः

(भक्तिस्तस्यामादर्शाश्च)

५३. उपासनं भक्तिः ।

५४. सा द्विधा परा परमा च ।

५५. श्रवणादीन्यनेकाङ्गानि ।

५६. ज्ञान-कर्मणी सहाये ।

५७. ज्ञानं प्रेमा सेवेति सत्क्रमः ।

५८. वैदिकोपासनेऽधिकार उपनीतानाम् ।

५९. शास्त्रान्तरोक्ते सर्वेषाम् ।

६०. प्रपत्तिः शरणागतिर्वा सारः ।

६१. श्रवण आदर्शो देवरातः ।

६२. कीर्त्तने वैयासकिः ।

६३. स्मरणे प्रह्लादः ।

६४. चरण-सेवायां पद्मा ।

६५. अर्चने वैन्यः ।

६६. वन्दने श्वफल्क-तनयः ।

६७. दास्येऽञ्जनानन्दनः ।

६८. सख्ये गुडाकेशः ।

६९. आत्मनिवेदने वैरोचनिः ।

७०. तन्मयतायां व्रजाङ्गनाः ।

७१. वात्सल्ये नन्द-पत्नी ।

७२. ध्यान औत्तानपादिः ।

पञ्चमोऽध्यायः

(साधनं सायुज्यञ्च)

७३. अभिगमनादयः पञ्च ।

७४. इज्या द्विविधा बाह्यान्तर-भेदात् ।

७५. प्रतिमायां सम्प्रदायः ।

७६. अनेकधा सा कञ्जादि-विन्यास-भेदेन ।

७७. विहितैः कुसुमादिभिः ।

७८. यात्रा-व्रतोपवासाः ।

७९. शीलाऽऽचार-निष्ठा ।

८०. ब्रह्मादीनां सम्मानस्तद्विभूतित्वात् ।

८१. विवेकादीनाम्पालनम् ।

८२. आहारे शुद्धिर्विवेकः ।

८३. कामादिष्वनासक्तिर्विमोकः ।

८४. आलम्बन-संशीलनमभ्यासः ।

८५. पञ्चमहायज्ञाद्यनुष्ठानं क्रिया ।

८६. दयार्जवादि कल्याणम् ।

८७. दुःखेऽनवसादः ।

८८. सुखेऽनुद्धर्षः ।

८९. भक्तो द्विविधस्त्रिवर्गापवर्गपर-भेदात् ।

९०. परतत्त्वोपासका द्वितीयभाजः ।

९१. स्वात्म-याथात्म्य-वेदितारोऽपि ।

९२. न तत्राऽऽगन्तुक-देहपरिग्रहः श्रुति-व्याकोपात् ।

९३. बन्धाभावे स्वाभाविक-गुण-विकासः ।

९४. सत्यसङ्कल्पत्वेऽपि विश्वव्यापृतावनधिकारः ।

९५. जीवेश्वरयोरैक्यं सिंहमाणवकयोरिव ।

९६. उपास्य-समानाकारता विना श्री-श्रीवत्स-
कौस्तुभान् ।

९७. सायुज्यं परमः पुमर्थः ।

९८. तत उत्तमा सेवा परमा भक्तिः ।

९९. न तदा कर्मणः संसरणम् ।

१००. स्वेच्छया परतत्त्वेच्छया तु ।

१०१. परतत्त्वं शरणं परतत्त्वं शरणम् ॥

मङ्गलाशंसा

सूत्राणां शतकं पुण्यमेतद्ये भक्ति-पूर्वकम्
अधीयते सदा तेषु भूयाद् भागवती कृपा ।
लप्सीरँस्तेऽचिरं धन्याः सर्वान् कामान् मनोगतान्
लक्ष्मीदेव्यास्तथा विष्णोर्दया-दृष्टि-विलासतः ॥

श्रीविष्णु-सूत्रम् पर वनमाला

प्रथम अध्याय

पर-तत्त्व का प्रतिपादन

मङ्गलाचरणम्

श्रियः श्रीनूपुरे वन्दे यदीयं शिञ्जितं मम
हृदये सूत्ररूपेण प्रास्फुरद् वल्गु मञ्जुलम् ॥१॥
तस्या एव जगन्मातुर्दिव्ययोः पद-पद्मयोः
सूत्राणां विवृती रम्या वनमालेयमर्पिता ॥२॥

प्राक्कथन

मैंने अपनी इस रचनामें एक भक्तके दृष्टिकोणसे भगवत्तत्त्व का निरूपण किया है। मेरे विचारसे श्रीभगवान् ही परमतत्त्व किंवा परतत्त्व हैं।

यह कृति पूर्णरूपेण प्रतिपादनात्मक है। इसमें मतान्तरके निरासका प्रयत्न कहीं नहीं किया गया है।

परतत्त्व-सम्बन्धी अपने विचार प्रकट करने के लिये मैंने सूत्र-शैलीका अवलम्बन किया है। ये सूत्र यद्यपि सुगम हैं, तथापि अपने हृदयको अधिक विशदरूपमें प्रकट करने के उद्देश्यसे मैं स्वयम् इनकी वनमाला नामकी विवृति यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ।

कृष्णदत्त भारद्वाज

अथातः पर-तत्त्वं व्याख्यास्यामः ॥१॥

वेदों को विद्वत्समाज ने कल्पतरु के समान सकल-कामना-पूरक बताया है। यह प्रतिपादन उचित हो है, क्योंकि 'सर्वं वेदात् प्रसिध्यति' इस मनूक्ति के अनुसार वैदिक वाङ्मय से हमें वे सभी प्रेरणाएँ प्राप्त होती हैं जिनसे मानव को सर्वाङ्गीण कल्याण का लाभ होता है।

वैदिक परम्परा के अनुसार मानव-जीवन के लक्ष्य हैं प्रेय और श्रेय—

श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतः। (कठोपनिषद् २।२)

धर्म, अर्थ, और काम ये तीन पुरुषार्थ प्रेय के अन्तर्गत हैं; एवम् श्रेय हो निःश्रेयस, अपवर्ग, मुक्ति, मोक्ष अथवा निर्वाण कहलाता है। धर्म, अर्थ और काम को त्रिवर्ग भी कहते हैं। मोक्ष को मिला देने से इन चारों पुरुषार्थों का नाम चतुर्वर्ग हो जाता है। मानव-जीवन के सभी उदात्त उद्देश्यों का चतुर्वर्ग में समावेश हो जाता है।

ऐसा कौन व्यक्ति है जो उपर्युक्त चार पुरुषार्थों में से किसी एक का भी अभीप्सु न हो? कोई नहीं। सभी प्रवृत्तिमार्गी स्त्री-पुरुष अर्थ-लालसी हैं और काम-कामी हैं। अर्थ की लालसा को और काम की कामना को धर्म से सम्पृक्त कर देने पर वे दोनों परिष्कृत हो जाती हैं, और मानव के जीवन को निम्न स्तर से उठाकर उच्च स्तर पर ले जाती हैं। अतः धर्म का महत्व स्वयं सिद्ध है। यही कारण है कि मनीषी मनुष्य धार्मिक ही होते हैं, अधार्मिक नहीं।

जो व्यक्ति ऐहिक अभ्युदय की प्राप्ति को ही जीवन का चरम लक्ष्य न मानकर आमुष्मिक निःश्रेयस को प्राप्त करना चाहते हैं, वे निवृत्तिमार्गी कहलाते हैं। उनका ध्येय है संसार-चक्र से मुक्त होकर कैवल्य-लाभ किंवा परमपद-प्राप्ति।

प्रवृत्तिमार्गी और निवृत्तिमार्गी मनुष्यों के चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति का एक परम मनोरम उपाय इस प्रकार बताया गया है—

अकामः सर्वकामो वा मोक्षकाम उदारधीः।
तीव्रेण भक्तियोगेन यजेत पुरुषं परम्॥
(श्रीमद्भागवत २।३।१०)

अर्थात् संसार की कतिपय अथवा समस्त कामनाओं की पूर्ति चाहने वाले को और प्रकृष्ट-विचारवान् मोक्षाभिलाषी को भी चाहिये कि वह उत्तम भक्ति-भाव से उस पुरुष की आराधना करे जो 'पर' है। निगम-कल्पतरु के सरस फल-रूप श्रीमद्भागवत के प्रथम मङ्गल-पद्य में 'सत्यं परं धीमहि' के द्वारा पर-तत्त्व का ध्यान किया गया है। तथा चरम मङ्गल-पद्य में 'तं नमामि हरिं परम्' के द्वारा उसी पर-तत्व को प्रणाम किया गया है।

इस विवेचन का निष्कर्ष यह है कि 'पर' ही ध्येय है और वही प्रणम्य है। और उसी के यजन, भजन, प्रणिधान, आराधन से सब प्रकार के मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। इस विषय के हृदयङ्गम हो जाने पर इस जिज्ञासा का उदय स्वाभाविक है कि जिसकी आराधना का परामर्श यहाँ दिया गया है, वह 'पर' कौन है ? इस जिज्ञासा का समाधान करने के लिये 'अथातः पर-तत्त्वं व्याख्यास्यामः' इस प्रथम सूत्र का अवतरण हुआ है जिसका अर्थ है कि इसीलिये अर्थात् उक्त जिज्ञासा का समाधान करने के लिये अब हम पर-तत्त्व की व्याख्या में प्रवृत्त हो रहे हैं।

'पर' शब्द के अनेक अर्थ हैं। अमरकोषका वचन है—

दूरानात्मोत्तरा: परा:

अर्थात् 'पर' शब्द का प्रयोग दूर, पराया और परेके अर्थ में होता है। ओर मेदिनीकोषका वचन है—

परा: श्रेष्ठारिदूरान्योत्तरे क्लीबं तु केवले

अर्थात् 'पर' शब्द जब नपुंसकलिङ्ग में प्रयुक्त होता है तब इसका अर्थ होता है केवल; और पुँल्लिङ्ग में प्रयुक्त होने पर इसका अर्थ होता है श्रेष्ठ, शत्रु, दूर, अन्य और परे। इन अर्थों के अतिरिक्त पुँल्लिङ्ग संज्ञा के रूप में इस शब्द का प्रयोग आत्मा, ईश्वर और ब्रह्मायुष्य के अर्थ में भी होता है। महर्षि बादरायणने—

परात्तु तच्छ्रुतेः (२।३।४०)

इस वेदान्तसूत्र में ईश्वर के लिये 'पर' शब्द का प्रयोग किया है। गीता के—

असक्तो ह्याचरन् कर्म परमाप्नोति पूरुषः। (३।१९)

इस वचन में 'पर' शब्द का प्रयोग आत्मा के लिये है। कूर्मपुराणके—

निजेन तस्य मानेन चायुर्वर्षशतं स्मृतम्।
तत् पराख्यं तदर्धं च परार्धमभिधीयते ॥

इस वचन के अनुसार ब्रह्माजी के पुर्णायुष्यका नाम 'पर' है। गीता के—

क्षुद्रं हृदयदौर्बल्यं त्यक्त्वोत्तिष्ठ परन्तप

इस वचन में रिपु के अर्थ में 'पर' शब्द का प्रयोग हुआ है। सर्वनाम के रूप में जब इस शब्द का प्रयोग होता है तब इसका अर्थ होता है अन्य, इतर। उदाहरणार्थ—

आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।

अर्थात् मनुष्य उन बातों को दूसरों के प्रति न करे जो कि अपने को बुरी लगती हैं।

विशेषण के रूप में प्रयुक्त 'पर' शब्द के अर्थ होते हैं— दूर, अधिक, अधिक-देशवृत्ति, मुख्य (प्रधान), सर्वोत्तम और अतिक्रान्त । न्यायसिद्धान्तमुक्तावली के—

पाटलिपुत्रात् काशीमपेक्ष्य प्रयागः परः

इस वाक्य में 'पर' का अर्थ है दूर, जो कि दैशिक है। गीता के—

अपरं भवतो जन्म परं जन्म विवस्वतः

इस श्लोकार्ध में भी 'पर' का अर्थ दूर है; किन्तु यह कालिक है । गीता के—

इन्द्रियेभ्यः परं मनः

इस वचन में 'पर' का अर्थ मुख्य या प्रधान है । परश्शत, परस्सहस्र आदि प्रयोगों में 'पर' शब्द का अर्थ 'अधिक' है । अधिक-देश-वृत्ति भी इसका अर्थ है । इस अर्थ में यह वैशेषिक शास्त्रोक्त सामान्य का विशेषण है—

सामान्यं द्विविधं प्रोक्तं परं चापरमेव च ।

इसकी व्याख्या में मुक्तावलो का वचन है कि—

परत्वमधिकदेशवृत्तित्वम् । सकलजात्यपेक्षयाधिकदेशवृत्तित्वात् सत्तायाः परत्वम् ।

गीता के—

परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं भवान्

इस वचन में 'पर' शब्द का अर्थ सर्वोत्तम है। भागवत के—

ततो वैकुण्ठमगमद् भास्वरं तमसः परम्

(१० । ८८ । २५)

इस वचन में 'पर' शब्द का अर्थ है परे । उक्त ग्रंथ के—

विदितो भगवान् साक्षात् पुरुषः प्रकृतेः परः

(१० । ३ । १३)

इस वचन में 'पर' शब्द का अर्थ है अतिक्रान्त । ईश्वर प्रकृति में रहकर उसका नियमन करते हुए उससे परे भी हैं, इस

अर्थ को सूचित करने के लिये भी 'पर' शब्द का प्रयोग होता है। वेदका—

स भूमिं सर्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशांगुलम्।

(ऋक्संहिता १०। ९०। १)

यह ऋगंश ईश्वर को विश्वव्यापी कहकर विश्वातिग भी बता रहा है। इसी दृष्टि से 'पर' शब्द का अर्थ है अतिक्रान्त, अतिस्थित और अतिग। ईश्वर की इस अतिक्रान्ति, अतिस्थिति और अतिगति से उसके विश्वव्यापित्वका विरोध नहीं है। वह अपनी महामहिमा से विश्व में भी है और उससे परे भी है।

हम जिस तत्त्व की व्याख्या करना चाहते हैं, वह स्वेतर-समस्तवस्तुविलक्षण है; त्रिगुणात्मिका जड़ा प्रकृति और चेतन जीव-जात से इतर है; अतएव 'पर' है। वह अपने से भिन्न समस्त वस्तुओंसे उत्तम, उत्कृष्ट, प्रकृष्ट वा श्रेष्ठ है; अतएव 'पर' है। वह अपने एकांशसे पुम्प्रकृतिमय समस्त लीलास्थल विश्व में अंत:प्रविष्ट होकर शासन करता है, और साथ ही अपने त्रिपाद् रूप से इस विश्व का देशत: अतिक्रमण करके, इससे परे चिदानन्दमय रूप में विराजमान है; इस हेतु से भी वह 'पर' है।

यहाँ यह शङ्का की जा सकती है कि विशुद्धावस्था में जीव भी प्रकृति से परे होता है, अतएव वही इस व्याख्या का लक्ष्य होना चाहिये, किन्तु इसका समाधान यह है कि जीवका परतत्व के रूप से प्रतिपादन हमें अभीष्ट नहीं है। यह ठीक है कि जीव आविर्भूत-स्वरूप होकर प्रकृति के परे हो जाता है, परन्तु ईश्वर तो मुक्त जीव से भी परे है। इसीलिये ईश्वर को 'परात्पर:' कहा जाता है और उससे परे किसी तत्त्वान्तर की परताका निषेध है जैसा कि—

यस्मात्परं नापरमस्ति किञ्चित् (श्वेताश्वतर० ३। ९)

मत्त: परतरं नान्यत् (गीता ७। ७)

—इत्यादि वचनों से स्पष्ट है। परत्वकी निरतिशयता जीव में न होकर ईश्वर में है। जीव में वह सातिशय है। अतएव व्यासदेव ने भी ब्रह्म को—

पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततो ह्यस्य बन्धविपर्ययौ
(ब्रह्मसूत्र ३।२।४)

—इत्यादि सूत्रों में 'पर' शब्द से ही स्मरण किया है न कि 'परात्पर' शब्द से।

'पर' शब्द की व्याकरणसम्मत व्युत्पत्ति इस प्रकार है—पिपर्त्ति इति परः। पृणाति इति परः। पारयति इति परः। प्रथम पक्ष में 'पृ पालनपूरणयोः' इस जुहोत्यादिगणीय धातु से, दूसरे पक्ष में 'पृ पालनपूरणयोः' इस क्र्यादिगणीय धातु से और तीसरे पक्ष में 'पृ पूरणे' इस चुरादिगणीय धातु से अच्, अप् अथवा घ प्रत्यय लगाकर 'पर' शब्द निष्पन्न होता है।

जो पुम्प्रकृतिमय निखिल ब्रह्माण्डों में अन्तः-प्रविष्ट होकर पालन-पोषण करे और जो भक्तों की अशेष कामनाओं को पूर्ण करे, वह 'पर' है—

पिपर्त्ति प्रकृतिं नित्य पुमांस च पृणाति यः।
यः पारयति भक्तानामशेषा एव कामनाः॥
विश्वं व्याप्यापि यो देव एतस्मात् परतः स्थितः।
परस्मै श्रीमते तस्मै विष्णवेऽस्तु नमो नमः॥

भाषा-विज्ञान की दृष्टि से 'पर' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम विशेषण के रूप में रहा होगा। समय पाकर 'पर' शब्द का प्रयोग संज्ञा के रूप में होने लगा। वैष्णव आगमों के समय में यह शब्द पारिभाषिक बन चुका था, जैसा कि निम्नाङ्कित उद्धरण से

विदित होता है—

मम प्रकाराः पञ्चेति प्राहुर्वेदान्तपारगाः ॥
परो व्यूहश्च विभवो नियन्ता सर्वदेहिनाम् ॥
अर्चावतारश्च तथा दयालुः पुरुषाकृतिः ।
इत्येवं पञ्चधा प्राहुर्मां रहस्यविदो जनाः ।

(विष्वक्सेनसंहिता)

ब्रह्मसूत्र में महर्षि बादरायणने 'पराभिध्यानात्तु' आदि सूत्रों-में पारिभाषिक 'पर' शब्द का ही प्रयोग किया है ।

भगवाञ्श्रीविष्णुस्तत्तथा निर्देशात् ॥ २ ॥

पर-तत्त्व का लोक-विश्रुत नाम है श्रीविष्णु भगवान् । वेद एवम् तदनुयायी वाङ्मय में निर्भ्रान्त रूप से विष्णु भगवान् की परता का प्रतिपादन हुआ है। किस ग्रन्थ में किन वचनों द्वारा इस सिद्धान्त का निर्देश है—यह आगे बताया जाएगा ।

जो तत्त्व चर और अचर में, जड़ और चेतन में व्याप्त है, सबमें अन्तर्यामी रूप से विद्यमान है, वह विष्णु है। वेवेष्टि विश्वम् इति विष्णुः । विष्णु शब्द के सूर्य, वसु, अग्नि आदि अनेक अर्थ होने पर भी दार्शनिक चर्चा में विष्णु-शब्द का वाच्यार्थ वही पर-तत्त्व है जिसका विवेचन ऊपर किया जा चुका है ।

यहाँ पर यह शङ्का हो सकती है कि परतत्त्व तो एक ही है । तब ऐसा कहना समीचीन है कि विष्णु पर-तत्त्व हैं, न कि श्री विष्णु; क्योंकि श्री-सहित विष्णु की परता प्रतिपादित होने से पर-तत्त्व दो हो जायँगे—एक तो श्री, और दूसरे विष्णु । इस शङ्का का समाधान यह है कि श्री और विष्णु दोनों एक ही हैं । उन दोनों में अभेद है, अद्वैत है। यदि श्री और विष्णु में व्यक्ति-दृशा भेद का आग्रह हो, तो भी श्री-विष्णु की परता का प्रति-पादन उचित है, क्योंकि शास्त्र के अनुसार दोनों ही पर हैं, जैसा

कि विष्णु-पुराण का वचन है—

नाऽनयोर्विद्यते परम् (१ । ८ । ३५)

अर्थात् श्री और विष्णु से परे कुछ भी नहीं है। विष्णु-पुराण के इस वचन से गीता के

मत्तः परतरं नान्यत् (७ । ७)

इस वचन की एक-वाक्यता करने पर वास्तव में श्री और विष्णु में अभेद एवम् पर-तत्त्व की एकता ही सिद्ध होती है।

सूत्र में श्रीविष्णु का एक विशेषण दिया गया है 'भगवान्'। ऐश्वर्य, ज्ञान, कीर्ति, कान्ति, धर्म और वैराग्य जिनमें पूर्ण होते हैं, वे ही भगवान् हैं। श्रीविष्णु ही वास्तव में भगवान् हैं। देवता आदि के लिये तो 'भगवान्' शब्द का प्रयोग औपचारिक हुआ करता है—

एवमेष महाञ्शब्दो मैत्रेय भगवानिति ।
परम-ब्रह्म-भूतस्य वासुदेवस्य नान्यगः ।।
तत्र पूज्य-पदार्थोक्ति-परिभाषा-समन्वितः ।
शब्दोऽयं नोपचारेण त्वन्यत्र ह्युपचारतः ।।

(विष्णु-पुराण ६ । ५ । ७६-७७)

उपर्युक्त ऐश्वर्यादि छः गुणों के विकल्प में ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, वीर्य और तेज भी दिव्य भगवदीय गुण माने जाते हैं—

ज्ञान-शक्ति-बलैश्वर्य-वीर्य-तेजांस्यशेषतः ।
भगवच्छब्द-वाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः ।।

(तदेव ६ । ५ । ७९)

पूर्षु शयनात् पुरुषः ।। ३ ।।

ये समस्त लोक पुर हैं—

इमे वै लोकाः पूः । (शतपथ)

जो भगवान् इनमें शयन करते हैं, वे पुरुष हैं—

सोऽस्यां पुरि शेते तस्मात्पुरुषः । (शतपथ)

इन पुरुष भगवान् के माहात्म्य का प्रतिपादक ऋग्वेदीय सोलह

ऋचाओं वाला सूक्त पुरुष-सूक्त के नाम से अत्यन्त प्रसिद्ध है, और उसके द्वारा श्रीविष्णु भगवान् के पूजन का सम्प्रदाय सर्वत्र प्रचलित है। इस सूक्त का सार यह है कि पुरुष इस विश्व का सब ओर से नियमन और पालन करके इससे परे भी रहा, और इसी से विराट् की उत्पत्ति के अनन्तर ऋगादि वेद, इन्द्र, अग्नि, वायु, आकाश, अन्तरिक्ष, सूर्य, चन्द्रमा, भूमि, दिशाएँ, अनेक लोक और ब्राह्मणादि वर्ण उत्पन्न हुए।

यजुर्वेद में जो पुरुष-सूक्त है उसमें छः मन्त्र अधिक हैं। अन्तिम मन्त्र में विष्णु भगवान् की अनपायिनी शक्ति के दो नामों का—श्री और लक्ष्मी जी का भी उल्लेख है।

पुरुष शब्द जीवों के लिये भी व्यवहृत होता है जैसा कि 'द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च' इस गीता-वचन से विदित होता है; किन्तु प्रस्तुत प्रसङ्ग में यह शब्द पर-तत्त्व का ही अभिधायक है। पर-तत्त्व ही पुम्प्रकृतिमय विश्व में, अयस्कान्त में अग्नि के समान, व्याप्त होकर भिन्न होता हुआ भी अभिन्न के समान विराजमान है—

अयः-पिण्डे यथा वह्निर्भिन्नस्तिष्ठत्यभिन्नवत्।
तद्वत् सर्वमिदं देवो व्यावृत्य परितिष्ठति ॥
(जयाख्य-संहिता ४। ८३)

स एव नारायणो वासुदेवश्च ॥ ४ ॥

विष्णु भगवान् के ही नाम हैं नारायण और वासुदेव। विष्णु-गायत्री में इन दोनों नामों का समावेश है—

(अ) नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि।
तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्। (नारायणोपनिषद्)

(आ) तत्केशवाय विद्महे। नारायणाय धीमहि।
तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्। (मैत्रायणी संहिता २। ९। ८)

नरों के समूह को नार कहते हैं। नर शब्द में

तस्य समूहः (पाणिनि ४। २। ३७)

इस सूत्र के अनुसार समूहार्थक अण् प्रत्यय के योग से 'नार' शब्द बनता है। यहाँ 'नार' शब्द प्रकृति-संश्लिष्ट समस्त चेतन क्षेत्रज्ञ जीवों का उपलक्षण है। नार अर्थात् विश्व ब्रह्माण्ड जिनका अयन है, धाम है, निवास है; वे नारायण हैं। नारायण के विषय में कहा गया है कि

यच्च किञ्चिज्जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽथवा।
अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः॥

(नारायणोपनिषद्)

अर्थात् जो कुछ भी देखा जाता है अथवा सुना जाता है, उसमें समस्त प्रपञ्च के अन्तर्यामी और बहिर्यामी रूप से भगवान् नारायण विराजमान हैं। इसी उपनिषद् का एक और वचन है :—

तत्त्वं नारायणः परः

अर्थात् परम-पुरुष नारायण ही वास्तविक तत्त्व हैं।

अष्टाक्षर मन्त्र के द्वारा नारायण नाम से श्रीभगवान् की आराधना की जाती है।

❀ ❀ ❀

जो प्रभु विश्व में निवास करते हैं, और जिनमें यह समस्त विश्व निवास करता है, वे वासुदेव हैं—

सर्वत्राऽसौ समस्तं च वसत्यत्रेति वै यतः।
ततोऽसौ वासुदेवेति विद्वद्भिः परिगीयते॥

(विष्णु-पुराण १। २। १२)

वसुदेव जी के सदन में अवतीर्ण होने के कारण भी श्री-विष्णु भगवान् वासुदेव कहलाते हैं। श्रीकृष्ण जी ने महाराज

BVBSSMV

मुचुकुन्द के प्रति अपना परिचय देते हुए कहा था—

अवतीर्णो यदुकुले गृह आनकदुन्दुभेः।
वदन्ति वासुदेवेति वसुदेव-सुतं हि माम्॥

(भागवत १०। ५१। ४१)

भक्तों के द्वारा आराधित होने के कारण भी वे वासुदेव कहलाते हैं। "वास्यते सेव्यते भक्तैरिति वासुः। स चासौ देव इति वासुदेवः। वास उपसेवायाम्।"

द्वादशाक्षर मन्त्र के द्वारा वासुदेव नाम से श्रीभगवान् को प्रणाम किया जाता है।

नामान्तराणि शास्त्रात्॥ ५॥

श्रीभगवान् के नाम तो बहुत हैं। कहाँ तक गिनायेंगे? अतएव उनकी नामावली शास्त्र से जान लेनी चाहिये। महाभारत के अनुशासन-पर्व में श्रीविष्णु भगवान् के सहस्र नाम उपवर्णित हैं जो विष्णु-सहस्र-नाम से प्रसिद्ध हैं। पर-तत्त्व के सभी नाम मधुरातिमधुर हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण नामों ने न जाने कितने पतितों का उद्धार कर दिया है। भव-भीति से मुक्ति का सुगम उपाय है हरे राम और हरे कृष्ण नामों का जप—

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥

(कलिसन्तरणोपनिषद्)

जगज्जन्मादि तल्लीला॥ ६॥

जगत् के सृष्टि-स्थिति-प्रलय श्रीविष्णु भगवान् की लीला है। इस विषय में विष्णु-पुराण का यह वचन मननीय है—

क्रीडतो बालकस्येव चेष्टां तस्य निशामय (१। २। १८)

तथा वेदान्त-दर्शन का

लोकवत्तु लीला-कैवल्यम् (२। १। ३३)

यह सूत्र भी द्रष्टव्य है।

४९६

भगवान् विष्णु जगत्कर्त्ता के रूप में प्रद्युम्न, विश्व के पालनकर्त्ता के रूप में अनिरुद्ध, और प्रपञ्च के संहर्त्ता के रूप में सङ्कर्षण कहलाते हैं।

यह समग्र प्रपञ्च भगवान् की त्रिगुणमयी एकपाद्विभूनि के अन्तर्गत है। त्रिगुणातीत त्रिपाद्-विभूति का निरूपण आगे किया जायगा। वह नित्योदित है, और वही पर-तत्त्व श्रीविष्णु भगवान् का परम-पद है।

विकारः प्रकारे न प्रकारिणि ॥७॥

भगवान् कारण हैं और जगत् कार्य है। इससे शंका होती है कि विकारी, परिणामी जगत् का कारण परमात्मा भी विकारी और परिणामी होगा। इसका समाधान इस प्रकार है। जगत् के उपचय, अपचय, क्षय, वृद्धि आदि विकार त्रिगुणात्मिका प्रकृतिमें ही हुआ करते हैं, प्रकृतिके अधिष्ठाता परमात्मा में नहीं। देवदत्तमें जो केश-श्मश्रुनखोद्गम होता है अथवा कौमार, यौवन और जरा का उद्भव होता है, यह देवदत्त के शरीर में ही होता है। चेतनांश तो निर्विकार ही रहता है। कृकलास (गिरगिट) में रक्त, नील, पीत, हरित वर्णका जो परिवर्तन होता रहता है, वह उसके जड़ शरीर में ही होता है, चेतनांशमें नहीं। इसी प्रकार महत्तत्त्वादि पृथिव्यन्त परिणाम प्रकृतिमें ही होता है, परमात्मा में नहीं। परमात्मा की अध्यक्षता में त्रिगुण में परिणाम होता है, परमात्मा में नहीं—

मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्।

(गीता ९। १०)

शास्त्रमें जो ऐसे वचन मिलते हैं, जिनसे जगत् का उत्पत्त्यादि व्यापार परमात्मा से प्रतीत होता है, जैसे कि—

यतः सर्वाणि भूतानि भवन्त्यादियुगागमे।
यस्मिंश्च प्रलयं यान्ति पुनरेव युगक्षये॥

उन सबका पर्यवसान इसीमें है कि भगवान् की अध्यक्षतामें कल्पारम्भके समय त्रिगुणमें विकासोन्मुख परिणाम होने लगता है और कल्पान्तके समय इसमें विनाशोन्मुख परिणाम होने लगता है। भगवान् से अधिष्ठित प्रकृतिसे ही विश्वका उद्भव होता है, और उसीमें उसका विलय हो जाता है—जैसा कि गीता का वचन है—

सर्वभूतानि कौन्तेय प्रकृतिं यान्ति मामिकाम्।
कल्पक्षये पुनस्तानि कल्पादौ विसृजाम्यहम्॥
(९।७)

देवदत्त में चेतनांश के साथ जडांशका क्या सम्बन्ध है? देह-देही-सम्बन्ध, शरीर-शरीरी-सम्बन्ध, नियाम्य-नियन्ता-सम्बन्ध, प्रकार-प्रकारी-सम्बन्ध, शेष-शेषी सम्बन्ध, शरीर-आत्मा-सम्बन्ध, विशेष्य-विशेषण-सम्बन्ध। भगवान् का भी जड़ जगत् के साथ ही नहीं अपितु जीवात्माओं के साथ भी आत्म-शरीर-सम्बन्ध है। भगवान् आत्मस्थानीय हैं और पुरुष एवं प्रकृति शरीरस्थानीय हैं। प्रकृतिमें विचित्र विविध परिणाम हुआ करते हैं, किन्तु पुरुष में नहीं। पुरुषमें प्रकृति के संग से उसके ज्ञानका संकोच-विकास-मात्र हुआ करता है, किन्तु भगवान् में न तो परिणाम होता है और न ज्ञानका ही संकोच-विकास।

सूक्तोऽयं मन्त्रे॥ ८॥

श्रीभगवान् की पवित्र वाणी रूप जो वेद है, उसके दो भाग हैं— मन्त्र और ब्राह्मण। ऋगादि चार संहिताएँ मन्त्रभाग के ग्रन्थ हैं और उनमें यथास्थान परतत्त्वका प्रतिपादन सुन्दर-सुन्दर वचनों में हुआ है। दिग्दर्शनार्थ—

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्
(यजुर्वेद)

इसमें स्पष्ट ही उस महापुरुषको तमस् अर्थात् प्रकृति से परे

बताया गया है। इसी प्रकार ऋग्वेदके नासदीय सूक्तमें कहा गया है कि—

नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं
नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्। (१०। १२६। १)
आनीदवातं स्वधया तदेकं
तस्माद्धान्यन्न परः किंचनास॥ (१०। १२६। २)

अर्थात् सृष्टि के प्रारम्भ में प्रकृति के दोनों रूप—कार्य और कारण—नहीं के समान थे ('नेव वा इदमग्रेऽसदासीत् नेव सदासीत्' शतपथ १०। ५। ३)। उस समय वही एक परतत्व पाञ्चभौतिक पवनके बिना ही केवल अपनी शक्ति से जीवित था, उससे परे और कुछ नहीं था।

बृंहितो ब्राह्मणे॥ ६॥

मन्त्र-भागके व्याख्यानस्वरूप ऐतरेय, शतपथ षड्विंश, गोपथ आदि ग्रन्थ वेदके ब्राह्मण भागके अन्तर्गत हैं। इनमें परतत्त्व का वर्णन मन्त्र-भागकी अपेक्षा अधिक विस्तार से हुआ है।

परतत्त्वका नारायण नाम वैदिक साहित्यमें सर्वप्रथम ब्राह्मण भागमें ही मिलता है। पुरुष-सूक्तका व्याख्यान करते हुए शतपथ ने कहा है—

पुरुषो ह नारायणोऽकामयत
अतितिष्ठेयं सर्वाणि भूतानि।

अर्थात् नारायण पुरुषने यह इच्छा की कि मैं सब भूतोंको—प्रकृतिसंसृष्ट जीवोंको—अतिक्रमण करके अर्थात् उनसे परे रहूँ। परतत्त्वकी इस अतिस्थितिके कारण उसकी श्रेष्ठता निरतिशय है—

तस्मादाहुर्विष्णुर्देवानां श्रेष्ठः।

वर्णित आरण्यके ॥ १० ॥

ब्राह्मणग्रन्थोंमें यज्ञविधानके साथ-साथ ज्ञान और भक्तिका भी समावेश है। ज्ञान, वैराग्य और भक्तिके प्रतिपादक अंशका स्वाध्याय-प्रवचन वीतराग महात्मा बहुधा अरण्यमें (वनमें) किया करते थे। इससे उस अंशका नाम आरण्यक पड़ा। आरण्यक ग्रन्थोंमें भी स्थल-स्थलपर परतत्त्वका वर्णन प्राञ्जल भाषा में किया गया है। दिग्दर्शनार्थ—

विरजः पर आकाशादज आत्मा महान् ध्रुवः

(बृहदारण्यक ४। ४। २०)

इस वचनमें परमात्माको अजन्मा, एक-रस, रजस् अर्थात् प्रकृतिसे अपरामृष्ट और इससे परे बताकर—

सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः

(बृहदारण्यक ४। ४। २२)

इस वचनमें उसे समस्त विश्वका प्रभु, शासक और नियामक बताया गया है।

उपासित उपनिषदि ॥ ११ ॥

ब्राह्मणभागके उपासना-प्रतिपादक ग्रन्थोंको उपनिषद् कहते हैं। इन्होंने तो परतत्त्वकी इतनी चर्चा की है कि प्रतीत होने लगता है कि वे उसीके उपासक हैं और अपनी स्तवाञ्जलियोंद्वारा उसीकी सतत उपासनामें निरत हैं। दिग्दर्शनार्थ—

एतद्ध्येवाक्षरं परम् (कठ० १। २। १६)

यह ही अविनाशी परतत्त्व है।

एतदालम्बनं परम् (कठ० १। २। १७)

यही सर्वोत्तम आलम्बन है।

अक्षरं ब्रह्म यत् परम् (कठ० १। ३। २)

अविनाशी ब्रह्म परतत्त्व है।

अक्षरात् परतः परः (मुण्डक० २। १। ४)

प्रकृतिसे परे जीवसे भी वह परे है ।

परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम् (मुण्डक० ३ । २ । ८)

ज्ञानी व्यक्ति परात्पर पुरुषका सामीप्य पाता है ।

ब्रह्मविदाप्नोति परम् (तैत्तिरीय० २ । १ । १)

ब्रह्मवेत्ता व्यक्ति परतत्त्वको प्राप्त करता है ।

यस्मात्परं नापरमस्ति किंचित् (श्वेताश्वतर० ३ । ९)

उससे परे और कुछ नहीं है ।

तत्त्वं नारायणः परः (नारायणोपनिषद्)

नारायण ही परतत्त्व हैं ।

निरूपितो रामायणे ॥ १२ ॥

जिस रामायणके लिए यह सूक्ति प्रचलित है कि—

वेद-वेद्ये परे पुंसि जाते दशरथात्मजे ।
वेदः प्राचेतसादासीत् साक्षाद्रामायणात्मना ॥

अर्थात् दशरथ-भवनमें वेदगम्य परमपुरुषके अवतीर्ण होने-पर वेद भी महर्षि वाल्मीकिके द्वारा रामायण रूपसे प्रकट हुआ था; उसी रामायणमें परतत्त्वका सम्यक् निरूपण हुआ है । इस आदि-काव्यके नायक राम स्वयं भगवान् विष्णु ही हैं । इसके आदि, मध्य, अन्तसे यह सिद्ध है कि परतत्त्व श्रीविष्णुने ही राम-रूप धारण किया था । दिग्दर्शनार्थ—

भवान्नारायणो देवः (६ । ११७)

त्वमोंकारः परात्परः (६ । ११७)

इन वचनोंमें ब्रह्मदेव स्तुति करते हुए कहते हैं कि हे राम आप नारायण हैं, प्रणवस्वरूप हैं और परात्पर हैं । इसी प्रकार अध्यात्म-रामायणके अयोध्याकाण्डमें कहा गया हैं कि महर्षि अत्रिने श्रीरामको परतत्त्व नारायण जानकर उनकी विधि-पूर्वक पूजा की—

श्रुत्वा रामस्य वचनं रामं ज्ञात्वा हरिं परम् ।
पूजयामास विधिवद् भक्त्या परमया मुनिः ॥

(९ । ८२)

स्मृतः स्मृत्याम् ॥ १३ ॥

साधारण धर्म, विशेष धर्म, वर्णाश्रम धर्म, आचार, व्यवहार, प्रायश्चित्त आदि विषयों पर प्रचुर प्रकाश डालनेवाले धर्म-ग्रन्थों को स्मृति कहते हैं। यद्यपि सामान्य रूपसे श्रुतीतर सभी ग्रन्थों को स्मृति कहते हैं तथापि विशेष रूपसे—

मन्वत्रिविष्णुहारीतयाज्ञवल्क्योशनोङ्गिराः

(याज्ञवल्क्यस्मृति १। १। ४)

इत्यादि वचनके अनुसार मन्वादि महर्षियोंद्वारा प्रणीत धर्मग्रन्थ स्मृति-रूपमें व्यवहृत होते हैं। इनमें यथास्थान परतत्त्वका स्मरण किया गया है। उदाहरणार्थ मनुस्मृतिका एक वचन है—

प्रशासितारं सर्वेषामणीयांसमणीयसाम्।
रुक्माभं स्वप्नधीगम्यं विद्यात्तं पुरुषं परम्॥

(१२। १२२)

अर्थात् समस्त जीव-निकायके शासक, अणु-स्वरूप जीवोंसे भी अधिक अणु, सुवर्णोपम-वर्ण-विशिष्ट निर्मल बुद्धि द्वारा प्राप्य पुरुषको परतत्त्व समझना चाहिये।

सूत्रितो ब्रह्मसूत्रे ॥ १४ ॥

अत्यन्त विस्तृत उपनिषद्-ग्रन्थोंका एक संक्षेप महर्षि वेद-व्यास ने प्रस्तुत किया था, जिसका नाम ब्रह्मसूत्र है। इस सूत्र-ग्रन्थमें ब्रह्मके नामसे परतत्त्वका ही वर्णन है। कई सूत्र ऐसे हैं जिनमें 'पर'—शब्दका भी साक्षात् प्रयोग किया है। जैसे—

(अ) परात्तु तच्छ्रुतेः (२। ३। ४१)
(आ) प्रकाशादिवत्तु नैवं परः (२। ३। ४६)
(इ) पराभिध्यानात् (३। २। ५)
(ई) न स्थानतोऽपि परस्योभयलिंगं सर्वत्र हि (३। २। ११)

ब्रह्मसूत्रमें एक पराधिकरण नामक स्वतन्त्र अधिकरण है,

जिसमें युक्तिपूर्वक यह सिद्धान्त स्थापित किया गया है कि ब्रह्मसे परे और कुछ नहीं है। विशेषण रूपमें प्रयुक्त 'पर' शब्द समय पाकर पारिभाषिक शब्द बन गया था, यह पहले भी बताया जा चुका है।

महितो महाभारते ॥ १५ ॥

महाभारत-नामक व्यासकृत ग्रन्थ अत्यन्त प्रसिद्ध है। इसमें स्थान-स्थानपर परतत्त्वकी महिमा गायी गयी है।
उदाहरणार्थ—

एष प्रकृतिरव्यक्ता कर्त्ता चैव सनातनः।
परश्च सर्वभूतेभ्यस्तस्मात् पूज्यतमो हरिः॥

(सभापर्व ३८। २८)

अर्थात् श्रीभगवान् अवाङ्मनसगोचर मूल-कारण हैं, जगत्के सनातन कर्ता हैं और समस्त भूतोंसे परे हैं, इससे वे पूज्यतम हैं। एवं—

नीलोत्पलदलश्याम पद्मगर्भारुणेक्षण।
पीताम्बरपरीधान लसत्कौस्तुभभूषण॥
त्वमादिरन्तो भूतानां त्वमेव च परायणम्।
परात्परतरं ज्योतिर्विश्वात्मा विश्वतोमुखः॥

(वनपर्व)

हे नीले कमलके समान वर्ण वाले, अरविन्दके अन्तस्तलके समान अरुणाभ नयन वाले, पीताम्बरधारी, कौस्तुभविभूषित भगवन्! आप प्रणियों के उत्पादक और विनाशक हैं। आपमें ही उनकी स्थिति है। आप इस विश्वकी अन्तरात्मा हैं। आप सर्वव्यापक हैं, प्रकाश-स्वरूप हैं और परात्पर हैं। इसी प्रकार—

अपि देवा न जानन्ति गुह्यमाद्यं जगत्पतिम्।
नारायणं परं देवं परमात्मानमीश्वरम्॥
ज्ञानयोनिं हरिं विष्णुं मुमुक्षूणां परायणम्।
परं पराणां पुरुषं पुराणानां परं च यत्॥

(द्रोणपर्व)

अर्थात् देवता भी परतत्त्व नारायणको नहीं जानते हैं। वे गुह्य, आद्य, जगत्पति, परमात्मा, ईश्वर, वेदोंके रचयिता, हरि, विष्णु हैं। वे हिरण्यगर्भादि पूर्व पुरुषोंके भी पूर्वज और सबसे परे हैं।

गीतो गीतायाम् ॥ १६ ॥

यद्यपि गीता महाभारत का ही एक अंश है, तथापि उसके माहात्म्यातिशयके कारण हम गीता का पृथक् निर्देश कर रहे हैं। उपनिषदोंका सार-स्वरूप यह पवित्र गीता-ग्रन्थ परतत्त्वके गौरव-का गान प्रचुर मात्रामें कर रहा है। दिग्दर्शनार्थ—

'स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम्' (८।१०)

अर्थात् साधक जीव उस दिव्य परम पुरुषके सामीप्यका लाभ प्राप्त करता है। एवम्—

पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया। (८।२२)

अर्थात् वह सर्वव्यापक परतत्त्व अनन्य भक्ति-भावसे ही प्राप्त किया जा सकता है।

पूर्णः पुराणे ॥ १७ ॥

सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर और वंशानुचरितका प्रतिपादन करने वाले शास्त्रका नाम पुराण है। पहले व्यासजीने एक पुराण-संहिता बनायी थी—

पुराणसंहितां चक्रे पुराणार्थविशारदः।

(विष्णु-पुराण ३।६।१५)

इसीके आधारपर अन्यान्य पुराण-संहिताएँ यथासमय विर-चित्र हुईं जो महापुराण और उपपुराणके नामसे प्रसिद्ध हुईं। ब्रह्मपुराण आदि अठारह महापुराण हैं, जिनमें श्रीमद्भागवत मुकुट-मणि है। इन सभी पुराणोंमें परतत्त्वके वैभवका उल्लेख

है। व्यास जी हाथ उठाकर बारंबार घोषणा कर रहे हैं कि—

सत्यं सत्यं पुनः सत्यं भुजमुत्थाप्य चोच्यते ।
न वेदान्तात् परं शास्त्रं न देवः केशवात् परः ।।

अर्थात् वेदान्त से बढ़कर कोई शास्त्र नहीं है और भगवान् केशव (नारायण) से परे और कोई देव नहीं है। विष्णु-पुराणका वचन है—

त्वामाराध्य परं ब्रह्म याता मुक्ति मुमुक्षवः ।
वासुदेवमनाराध्य को मोक्षं समवाप्नुयात् ।।
(१।४।१८)

अर्थात् हे भगवन् ! मुक्तिकी कामना करने वाले अनेक जीवोंने परब्रह्म आपकी आराधना करके मुक्तिको प्राप्त कर लिया। वासुदेवकी आराधना किये बिना मोक्षको कौन प्राप्त कर सकता है ?

आम्नात आगमे ।।१८।।

आगमका अर्थ है ज्ञान प्राप्त कराने वाला। आगमयतीति आगमः। पाञ्चरात्र शास्त्र, सात्त्वत शास्त्र, सात्त्वत तन्त्र, पाञ्चरात्र तन्त्र ये सब आगम (वैष्णव आगम) के पर्याय हैं। श्री विष्णूपासकोंका—भागवतोंका प्राचोन वैष्णव-साहित्य पाञ्चरात्र शास्त्र कहलाता है, जिसकी तीन संहिताएँ (१) सात्त्वत संहिता, (२) जयाख्य संहिता और (३) पौष्कर संहिता रत्नत्रय कहलाती हैं। समय पाकर पौराणिक साहित्यके समान पाञ्चरात्र साहित्यका भी अधिकाधिक विस्तार हुआ। उसकी १०८ संहिताएँ मानी जाती हैं, यद्यपि इससे भी अधिक संहिताओंकी नामावली आजकल मिलती है।

पाञ्चरात्र में परतत्त्वका वैभव पुनः पुनः विस्तार-पूर्वक

समुपवर्णित है। दिग्दर्शनार्थ—

(अ) परमेतत् समाख्यातम् (सात्त्वत-संहिता १। २६)

(आ) वासुदेवः परः प्रभुः (सात्त्वतसंहिता ३। ४)

(इ) अप्रमेयमजं विष्णुं शरणं त्वां गतोऽस्म्यहम्।
गुणातीतं परं शान्तमब्जनाभं सुरेश्वरम्॥

(ब्रह्मतन्त्र)

अर्थात् षाड्गुण्य-विग्रह ब्रह्मका नाम पर है। वासुदेव प्रभु हैं, परतत्त्व हैं। मैं श्रीविष्णु-नामक परतत्त्वकी शरण आया हूँ जो अप्रमेय हैं, त्रिगुणातीत हैं, शान्त हैं, सुरेश्वर हैं और जिनकी नाभिसे ब्रह्मवास कमलका प्रादुर्भाव हुआ था।

आरचिताञ्जलिराचार्य्यैः ॥१६॥

आचार्योंने परतत्त्व श्रीभगवान्‌के प्रति अपनी स्तवाञ्जलियाँ समर्पित कर अपना सपर्याभाव प्रदर्शित किया है।

उदाहरणार्थ—

दिव्यधुनीमकरन्दे परिमलपरिभोगसच्चिदानन्दे।
श्रीपतिपदारविन्दे भवभयखेदच्छिदे वन्दे॥

(शंकराचार्य)

अर्थात् मैं श्रीमन्नारायणके उन चरणारविन्दोंको प्रणाम करता हूँ जिनका मकरन्द गंगा जी हैं; सत् चित्, आनन्द की जिनमेंसे सुगन्ध निकल रही है और जो संसार के समस्त भय और खेदका शमन करने वाले हैं।

अखिलभुवनजन्मस्थेमभङ्गादिलीले
विनतविविधभूतव्रातरक्षैकदीक्षे
श्रुतिशिरसि विदीप्ते ब्रह्मणि श्रीनिवासे
भवतु मम परस्मिन् शेमुषी भक्तिरूपा॥

(रामानुजाचार्य)

अर्थात् लीलाकेलिए निखिल ब्रह्माण्डोंका उदय, विभव और

लय करने वाले, शरणागत भक्तोंकी रक्षामें निरन्तर बद्धपरिकर, उपनिषदोंमें प्रतिपादित, श्रीनिवास परब्रह्ममें मेरी भक्ति हो।

स्वभावतोऽपास्तसमस्तदोष—
मशेषकल्याणगुणैकराशिम्।
व्यूहाङ्गिनं ब्रह्म परं वरेण्यं।
ध्यामेय कृष्णं कमलेक्षणं हरिम्॥

(निम्बार्काचार्य)

अर्थात् निखिल-हेय-प्रत्यनीक, समस्त-कल्याण-गुणाकर व्यूहाङ्गी, वरणीय, कमल-नयन, हरि, परब्रह्म श्रीकृष्णका हम सब ध्यान करें।

अन्तःकरण मद्वाक्यं सावधानतया शृणु।
कृष्णात् परं नास्ति दैवं वस्तु दोषविवर्जितम्॥

(वल्लभाचार्य)

अर्थात् हे मेरे हृदय, सावधान होकर सुन ले। श्रीकृष्णसे परे कोई भी निर्दोष दिव्य वस्तु (तत्त्व) नहीं है।

स्तुतः सद्भिः॥ २०॥

सत्त्वगुण ही जिनका विभूषण है, ऐसे महामना सन्त महात्माओंने परतत्त्वकी स्तुति, ध्यान, भजन करके अपना जन्म सफल बनाया है। ऐसे महात्मा भारतके सभी प्रान्तोंमें हुए हैं। दक्षिणमें आल्वारोंने समय-समयपर प्रकट होकर परतत्त्व-पूजाकी धाराको निर्मल और अक्षुण्ण बनाये रखनेका स्तुत्य प्रयत्न किया था। अपनी पवित्र, प्रेममयी वाणीसे उन्होंने भारत-भूमि को भावुकतासे आप्लावित कर दिया था। उनके वचन में आकर्षण था। वे प्रेमोन्माद-मदिर थे। उनके नाम हैं विष्णुचित्त, गोदा, सरोयोगी, भूतयोगी, महायोगी, मुनिवाहन, भक्तांघ्रिरेणु, भक्तिसार, कुलशेखर, मधुर, शठकोप और परकाल। दिग्दर्शनार्थ कुलशेखर-

विरचित मुकुन्दमालाका एक श्लोक दिया जाता है—

चिन्तयामि हरिमेव सन्ततं,
मन्दमन्दहसिताननाम्बुजम् ।
नन्दगोपतनयं परात्परं,
नारदादिमुनिवृन्दवन्दितम् ॥

अर्थात् मन्द मुसकानसे विलसित वदन वाले, नारदादि मुनियोंद्वारा निषेवित, नन्दके नन्दन, परात्पर श्रीहरिका मैं निरन्तर चिन्तन करता हूँ ।

आल्वारोंके शिरोमणि यामुनाचार्य आलवन्दार कहलाते हैं। इनकी स्तुतिकी शैली ऐसी है—

न मृषा परमार्थमेव मे
शृणु विज्ञापनमेकमग्रतः ।
यदि मे न दयिष्यसे ततो
दयनीयस्तव नाथ दुर्लभः ॥

अर्थात् हे नाथ, मैं झूठ नहीं, सच कहता हूँ । मेरी इस सूचनाको तनिक सुन तो लीजिये । यदि मुझपर अब आप दया न करेंगे तो बस फिर मुझसे अधिक दयनीय व्यक्ति आपको कोई कहीं न मिलेगा ।

मधुसूदन सरस्वती अपने गीताभाष्य में एक स्थानपर लिखते हैं—

वंशीविभूषितकरान्नवनीरदाभात्
पीताम्बरादरुणबिम्बफलाधरोष्ठात् ।
पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्दनेत्रात्
कृष्णात्परं किमपि तत्त्वमहं न जाने ॥

अर्थात् कर-किसलयमें मधुर मुरलीको लिये हुए, श्यामसुन्दर, पीताम्बर-धारी, बिम्बके समान आरक्त ओठों वाले, राकाके चन्द्रमाको भी लज्जित करते हुए मुख वाले, कमल-नयन श्री कृष्णसे परे मैं और किसी तत्त्वको नहीं जानता ।

वेंकटनाथ पाञ्चरात्र-रक्षामें एक स्थानपर लिखते हैं—

सव्यं पादं प्रसार्य श्रितदुरितहरं दक्षिणं कुञ्चयित्वा
जानुन्याधाय सव्येतरभुजमपरं नागभोगे निधाय।
पश्चाद् बाहुद्वयेन प्रतिभटशमने धारयञ् शङ्खचक्रे।
देवीभूषादिजुष्टो नवजलदनिभः पातु दिव्यः परो नः॥

अर्थात् बायें चरणको फैलाकर और दाहिने को सकोड़कर, दाहिने हाथको घुटनेपर रखकर और बायें हाथ को शेषजीपर रखकर, ऊपरके दोनों हाथोंमें शङ्ख-चक्र धारण किये हुए, श्री एवं अलं-कारों से अलंकृत, नील नीरदके समान वर्ण वाले श्रीमान् दिव्य परतत्त्व नारायण हमारी रक्षा करें।

ईडितः कविभिः॥ २१ ॥

पुरातन और नूतन कविवरोंने परतत्त्वकी सपर्या के लिये अनेक कान्त पदावलियोंकी कमनीय मालाएँ सजा-सजाकर गूँथी हैं। संस्कृतके कालिदास, माघ, श्रीहर्ष आदि एवं हिन्दीके सूर, तुलसी, केशव आदि कवियोंने राम और कृष्णके गुणचरित्रोंका उल्लेख करके अपनी लेखनीको पवित्र किया है। श्रीमद्भागवतमें भगवद्-गुणानुवादके विषयमें ठीक ही कहा है कि—

तव कथामृतं तप्तजीवनं
कविभिरीडितं कल्मषापहम्।
श्रवणमङ्गलं श्रीमदाततं
भुवि गृणन्ति ते भूरिदा जनाः॥

(१०। ३१। ९)

अर्थात् हे प्रभो, इस भूवलयमें निवास करने वाले वे मानव परम-पुण्यात्मा हैं जो आपके कलि-कल्मष-विनाशन, श्रुतिमधुर, कथामृतका पान करते हैं, जिसे सत्कवियोंने अपने विभिन्न दृश्य और श्रव्य काव्योंका मूलाधार बनाया है।

कवि-कुल-गुरु कालिदासने अपने रघुवंशमें लिखा है—

बहुधाप्यागमैर्भिन्नाः पन्थानः सिद्धिहेतवः ।
त्वय्येव निपतन्त्येव जाह्नवीया इवार्णवे ॥

(१० । २६)

अर्थात् हे भगवन्, आपको प्राप्त करने के लिये अनेक मार्ग हैं, किन्तु वे सब भिन्न-भिन्न होते हुए भी आपमें इस प्रकार जा मिलते हैं जैसे गंगाजी की सब धाराएँ समुद्रमें ।

त्वय्यावेशितचित्तानां त्वत्समर्पितकर्मणाम् ।
गतिस्त्वं वीतरागाणामभूयः सन्निवृत्तये ॥ (१० । २७)

अर्थात् हे भगवन्, आपका निरन्तर चिन्तन करने वाले, अपने समस्त कर्म आपकेलिए समर्पण करने वाले, वीतराग महात्माओंको आप अपने चरण-कमलोंमें रखते हैं । वे फिर संसार-बन्धनमें नहीं आते ।

अनवाप्तमवाप्तव्यं न ते किंचन विद्यते ।
लोकानुग्रह एवैको हेतुस्ते जन्मकर्मणोः ॥ (१० । ३१)

अर्थात् हे भगवन्, आपकेलिये न तो कोई वस्तु अप्राप्त है और न कोई वस्तु प्राप्तव्य ही है । फिर भी आप जो भूलोकमें समय-समयपर अवतीर्ण होकर विविध लीलाएँ करते हैं, उनका एकमात्र प्रयोजन संसारपर अनुग्रह ही है ।

महिमानं यदुत्कीर्त्य तव संह्रियते वचः ।
श्रमेण तदशक्त्या वा न गुणानामियत्तया ॥ (१० । ३२)

अर्थात् हे भगवन्, आपकी महिमाका कीर्तन करके जो हम अब चुप हो रहे हैं, उसका कारण यह नहीं है कि आपके गुण इतने ही हैं, प्रत्युत यह है कि अब हम थक गये हैं और आपके गुणोंके पूर्णरूपेण वर्णन करनेकी हममें शक्ति नहीं है ।

कविवर माघ शिशुपालवधमें लिखते हैं कि—

ध्येयमेकमपथे स्थितं धियः
स्तुत्यमुत्तममतीतवाक्पथम् ।

आमनन्ति यमुपास्यमादराद्
दूरवर्त्तिनमतीव योगिनः ॥
(१४ । ६०)

अर्थात् (युधिष्ठिरके प्रति श्रीकृष्ण-माहात्म्यका वर्णन करते हुए भीष्मपितामह बोले कि) योगिजन श्रीभगवान्‌को बुद्धिसे परे होनेपर भी एकमात्र ध्येय बताते हैं, अवर्णनीय होने पर भी सर्वोत्तम स्तवनीय बताते हैं एवं अत्यन्त दूर होनेपर भी परमादरसे उपासना (निकट बैठने) के योग्य बताते हैं ।

श्रौतमार्ग-सुखगानकोविद—
ब्रह्मषट्चरणगर्भमुज्ज्वलम् ।
श्रीमुखेन्दुसविधेऽपि शोभते
यस्य नाभिसरसीसरोरुहम् ॥
(१४ । ६९)

अर्थात् वेदमार्गके आनंददायक गानेमें निष्णात ब्रह्मा जी ही जिसमें भ्रमरके समान प्रतीत होते हैं, ऐसा श्रीभगवान्‌के नाभि-सरोवरका उज्ज्वल कमल श्रीलक्ष्मीजीके मुख रूपी चन्द्रमाके सान्निध्यमें भी विकसित होता है ।

सत्यवृत्तमपि मायिनं जगद्—
वृद्धमप्युचितनिद्रमर्भकम् ।
जन्म बिभ्रतमजं नवं बुधा
यं पुराणपुरुष प्रचक्षते ॥ (१४ । ७०)

अर्थात् विद्वज्जन श्रीभगवान्‌को निष्कपट होनेपर भी मायावी बताते हैं, सर्व-लोक-पितामह होनेके नाते वृद्धतम होनेपर भी (बड़के पत्तेपर) सोनेवाला बालक बताते हैं, अजन्मा होने पर भी (युग-युग में) अवतार धारण करनेवाला बताते हैं और सर्वप्राचीन पुरुषको भी नवीन (नवयुवक—किशोर) बताते हैं ।

कवि-मुकुटमणि श्रीहर्षने अपने नैषधीय-चरितमें श्रीमन्नारायण की गुणावलीका गान करके अपने कवित्वको सफल बनाया है।

दिग्दर्शनार्थ—

स्वप्रकाश जड एष जनस्ते
वर्णनं यदभिलष्यति कर्तुम् ।
नन्वहर्पतिमहः प्रति स स्या-
न्न प्रकाशनरसस्तमसः किम् ॥

(२१ । ५३)

अर्थात् (निषधाधिपति महाराज नल उपासन-वेलामें स्तुति करते हैं कि हे भगवन् !) आप स्वप्रकाश हैं। मैं आपकी स्तुति करनेकी जो इच्छा करता हूँ वह ऐसी ही दुराप है जैसे सूर्य-देव को प्रकाशित करनेके सम्बन्धमें अन्धकारकी इच्छा।

लीलयापि तव नाम जना ये
गृह्णते नरकनाशकरस्य ।
तेभ्य एव नरकैरुचिता भी-
स्ते तु बिभ्यतु कथं नरकेभ्यः ॥

(२१ । १११)

अर्थात् हे नरक-विनाशन, आपके नामको जो लोग हँसीमें, खेलमें भी ले लेते है, उनसे नरकोंको ही डर लगने लगता है, उन्हें नरकोंसे डर कैसे हो सकता है ?

लघ्ङयन्नहनहर्भवदाज्ञा-
मस्मि हा विधिनिषेधमयीं यः ।
दुर्लभं स तपसापि गिरैव
त्वत्प्रसादमहमिच्छुरलज्जः ॥

(२१ । ११६)

अर्थात् हे भगवन् ! श्रुति और स्मृतिमें लिखी हुई, पुण्य कर्मको करते रहनेका उपदेश देने वाली एवं पाप कर्मसे बचते रहनेका उपदेश देने वाली, आपकी आज्ञाओंका नित्य ही उल्लंघन करनेवाला मैं बड़ा निर्लज्ज हूँ, क्योंकि मैं स्तुतिमात्रसे आपकी उस कृपाका अभिलाषी हूँ जो ऋषि-मुनियोंको दुष्कर तपस्याओं के द्वारा भी दुर्लभ है।

कविवर लीलाशुक लिखते हैं—

मालाबर्हमनोज्ञकुन्तलभरां वन्यप्रसूनोक्षितां
शैलेयद्रवक्लृप्तचित्रतिलकां शश्वन्मनोहारिणीम् ।।
लीलावेणुरवामृतैकरसिकां लावण्यलक्ष्मीमयीं
बालां बालतमालनीलवपुषं वन्दे परां देवताम् ।।

(कृष्णकर्णामृत ३ । ६६)

अर्थात् कुसुम-माला और मयूरपिच्छसे सुन्दर अलकावलीसे विभूषित, वनमालासे सुसज्जित, मलयज चन्दनका विचित्र तिलक मस्तकपर लगाये हुए, निरन्तर दर्शकोंके मनको हरने वाले, लीलाके लिए वंशी बजाते समय सर्वत्र रसका संचार करने वाले, तमालके समान नीली कान्ति वाले, मधुरमूर्त्ति परतत्त्व श्रीबाल-कृष्णको मैं प्रणाम करता हूँ।

भगवन्माधुर्यके परिदर्शनसे परितृप्त एक सहृदय कविकी भावना है कि—

श्रुतिमपरे स्मृतिमपरे भारतमपरे भजन्तु भवभीताः ।
अहमिह नन्दं वन्दे यस्यालिन्दे परं ब्रह्म ।।

अर्थात् पुनरावर्तनके आवर्त्तोंसे विषम इस संसारसे त्रस्त होकर कुछ मुक्तिके साधक यदि वेद-वेदान्त पढ़ें तो पढ़ा करें, अन्य जन धर्मशास्त्रका मनन करें तो किया करें। अन्य व्यक्ति महाभारतका श्रवण करें तो किया करें। मैं तो यहाँ उन नन्द जी को ही प्रणाम करता हूँ जिनके आँगनमें क्रीडासक्त परब्रह्म सदा सुलभ है।

सोरोंके महान् सन्त-कवि गोस्वामी तुलसीदासजी अपने रामचरित-मानसमें लिखते हैं—

यत्पादप्लवमेकमेव हि भवाम्भोधेस्तितीर्षावतां ।
वन्देऽहं तमशेषकारणपरं रामाख्यमीशं हरिम् ।।

अर्थात् मैं उन रामनामवाले जगदीश्वर श्रीहरिको प्रणाम करता हूँ, जिनका चरण-कमल संसार-सागरको पार कर जानेकी

इच्छावाले साधकोंकेलिए सुदृढ़ जहाज़का काम देता है और जो महत्तत्त्व आदि समस्त कारणोंसे भी परे हैं।

परतत्त्वका वर्णन कर लेने पर कविके कलमकी कमनीयतां अधिक हो जाती है, उसके अन्तःकरणको शान्ति मिलती है और वाणीको विश्राम।

विश्रामस्थानमेकं कविवरवचसां जीवनं सज्जनानां।
बीजं धर्मद्रुमस्य प्रभवतु भवतां भूतये रामनाम॥

———

द्वितीय अध्याय

गुणों का गान और रूप का निरूपण

अत्रानेके कल्याणगुणाः स्वरूपभूताः ॥ २२ ॥

श्रीभगवान् अनन्तगुणावलीसे विभूषित हैं। उनके वे गुण दिव्य हैं, स्वाभाविक हैं। जिस प्रकार लवणमें लावण्य स्वाभाविक है अथवा जिस प्रकार सितामें माधुर्य स्वाभाविक है, उसी प्रकार भगवान्‌के निरतिशय गुण भी स्वाभाविक हैं, स्वरूपभूत हैं, आगन्तुक नहीं—

गुणैः स्वरूपभूतैस्तु गुण्यसौ हरिरीश्वरः। (ब्रह्मतर्क)

निखिलहेयप्रत्यनीकाः ॥ २३ ॥

वे दिव्य गुण समस्त हेय गुणोंसे विरुद्ध हैं। हेय गुणोंका तात्पर्य प्राकृत गुणोंसे है। सत्त्व, रज और तम प्राकृत गुण हैं—

सत्त्वं रजस्तम इति प्रकृतेर्नात्मनो गुणाः। (भागवत)

ये तीनों ही गुण भगवान्‌में नहीं हैं—

सत्त्वादयो न सन्तीशे यत्र च प्राकृता गुणाः।
स शुद्धः सर्वशुद्धेभ्यः पुमानाद्यः प्रसीदतु ॥ (विष्णुपुराण)

अतएव भगवान् निर्गुण कहलाते हैं—

ह्लादतापकरी मिश्रा त्वयि नो गुणवर्जिते। (विष्णुपुराण)

प्रकृति-गुणरहित होनेसे भगवान् निर्गुण हैं और आत्म-गुण-सहित होनेसे वे सगुण हैं। भगवान्‌के अप्राकृत, दिव्य कल्याण-गुणोंसे विमुग्ध होकर ऐसे-ऐसे महामुनि भी, जो कि चिज्जडग्रन्थि-को खोलकर आत्माराम बन गये हैं, उरुक्रम भगवान्‌की अहैतुकी सेवा किया करते हैं—

आत्मारामाश्च मुनयो निर्ग्रन्था अप्युरुक्रमे ।
कुर्वन्त्यहैतुकीं भक्तिमित्थंभूतगुणो हरिः ॥ (भागवत)

भगवान्‌के गुणोंको शेष और शारदा भी पूर्णरूपसे नहीं कह सकते —

विष्णोर्नु वीर्यगणनां कतमोऽर्हतीह । (ऋग्वेद)
गुणात्मनस्तेऽपि गुणान् विमातुं,
हितावतीर्णस्य क ईशिरेऽस्य ।
कालेन यैर्वा विमिताः सुकल्पै-
र्भूपांसवः खे मिहिका द्युभासः ॥ (भागवत)

ज्ञानानन्द-सत्यकाम-सत्यसङ्कल्पाद्यः ॥ २४ ॥

वे गुण सत्य, ज्ञान, आनन्द, सत्यकामता, सत्यसंकल्पता आदि अमन्त हैं—

सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म । (तैत्तिरीयोपनिषद्)
विज्ञानमानन्दं ब्रह्म । (बृहदारण्यक०)
यः सर्वज्ञः सर्ववित् । (मुण्कोपनिषद्)
आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् । (तैत्तिरीयोपनिषद्)
सत्यकामः सत्यसंकल्पः । (छान्दोग्य०)
ह्लादिनी सन्धिनी संवित् । (विष्णुपुराण)

षाड्गुण्यस्य मुख्यत्वम् ॥ २५ ॥

भगवान्‌के सौशील्य, वात्सल्य, माधुर्य आदि अनन्त गुणोंमें-से भक्तगण छः गुणोंको मुख्य मानते हैं—

नमस्ते वासुदेवाय शान्तानन्तचिदात्मने ।
अजिताय नमस्तुभ्यं षाड्गुण्यनिधये नमः ॥

और—

शान्ताय सुविशुद्धाय तेजसे परमात्मने ।
नमः सर्वगुणातीतषाड्गुण्यायातिवेधसे ॥ (ब्रह्मतन्त्र)

पाञ्चरात्रके अनुसार ये छः गुण हैं—१ ज्ञान, २ बल, ३ ऐश्वर्य, ४ वीर्य, ५ शक्ति और ६ ओज—

त्रिभिर्ज्ञानबलैश्वर्यवीर्यशक्त्योजसां युगैः। (ब्रह्मतन्त्र)

विष्णुपुराणका वचन है कि ज्ञानादि गुणषट्कको भग कहते हैं—

ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः ।
भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः ।।

स्थानान्तरमें—१ ऐश्वर्य, २ ज्ञान, ३ कीर्ति, ४ कान्ति, ५ धर्म और ६ वैराग्यको भग कहा गया है—

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य ज्ञानस्य यशसः श्रियः ।
धर्मवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीङ्गना ।। (विष्णुपुराण)

ये छः गुण जिनमें पूर्ण होते हैं, वे ही वास्तवमें भगवान् हैं। ऋषि-महर्षि आदिकेलिये भगवान् शब्दका प्रयोग औपचारिक है—

तत्र पूज्यपदार्थोक्तिपरिभाषासमन्वितः ।
शब्दोऽयं नोपचारेण त्वन्यत्र ह्युपचारतः ।। (विष्णुपुराण)

समस्त वस्तुओंका युगपत् साक्षात्कार ज्ञान कहलाता है। श्रीभगवान् वर्त्तमान तो क्या समग्र अतीत और अनागतको भी जानते हैं—

बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन ।
तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परंतप ।। (गीता ४। ५)

लीला करते हुए भगवान् जीवोंको अज्ञानिवत् प्रतीत होते हैं, किन्तु किसी भी लीलामें उनका ज्ञान लुप्त नहीं होता। सीताजीके रावणद्वारा हरण किये जानेपर भगवान् श्रीराम रो रहे थे और उन्हें इधर-उधर ढूंढ रहे थे। पार्वतीजीको यह दृश्य देखकर श्रीराम- की विज्ञानघनतामें सन्देह हुआ, तब शिवजीकी अनुमति लेकर श्रीरामकी परीक्षा लेनेके लिये वे सीताजीका रूप धारण कर उनके सम्मुख उपस्थित हुईं। श्रीराम तत्क्षण पार्वती-जीको प्रणाम कर बोले—'कहिये, माताजी ! आज बिना शिवजी-के यहाँ वनमें कैसे विचरण कर रही हैं ?'

धारण करनेवाले गुणको बल कहते हैं। विविध चेतनाचेतन स्थावर-जंगम विश्व-ब्रह्माण्ड-निचय भगवान्‌के बलके लवलेशसे ही विधृत है—

एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः।
एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि द्यावापृथिव्यौ विधृते तिष्ठतः॥
(बृहदारण्यक०)

नियमनसामर्थ्य ऐश्वर्य है। पृथिव्यादि आत्मान्त वस्तुजातका नियमन भगवान्‌के ऐश्वर्यसे ही हो रहा है—

यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्या अन्तरो यं पृथिवी न वेद यस्य पृथिवी शरीरं यः पृथिवीमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः··············य आत्मनि तिष्ठन्नात्मनोन्तरो यमात्मा न वेद यस्यात्मा शरीरं य आत्मानमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः। (बृहदारण्यकोपनिषद्)

किसी प्रकारका विकार न होना वीर्य है। इसी गुणसे भगवान् अच्युत कहलाते हैं। दुग्धकी दधिभावापत्ति विकार है। यही परिणाम है जो कि प्रकृतिके साम्राज्यमें सर्वत्र अधिगत है। प्रकृतिसे परे होनेके कारण भगवान् निर्विकार हैं। अनेक रूप धारण करना विकार नहीं कहलाता; जैसे सुवर्णका कुण्डल बनना अथवा कटक बनना सुवर्णका विकार न होकर केवल उसका संस्थान-भेद है, क्योंकि कुण्डलावस्थामें अथवा कटकावस्थामें भी सुवर्णत्व अव्याहत रहता है। इसी प्रकार भगवान् धनुर्बाणधर श्रीरामरूपमें हों अथवा मुरली-मनोहर श्रीकृष्णरूपमें, उनका प्रकृतिपरत्व अक्षुण्ण रहता है।

अघटितको घटित करनेवाला अथवा असम्भवको भी सम्भव करनेवाला गुण शक्ति है। पर्वतको राई और राईको पर्वत बना देना इत्यादि शक्तिके विलास हैं।

योगियोंको भी चमत्कृत करनेवाला भगवान्‌का विचित्रकार्य-

कलापकौशल, उनकी अवाङ्मनसगोचर शक्तिका ही व्यापार है—

> परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते
> स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ।

पराभिभवसामर्थ्य ओज कहलाता है । इसीको तेज कहते हैं । इसी गुणसे भगवान् दुरासद, दुराधर्ष और दुरतिक्रस रिपुचक्रका अनायास दमन कर लेते हैं । दुर्योधनादि अनेक प्रतिपक्षी महारथी कौरवसभामें सन्धिसन्देशहारी श्रीकृष्णको वशमें करना चाहते थे, परन्तु उनके अलौकिक ओजसे सब-के-सब स्तब्ध और किंकर्त्तव्य-विमूढ़ रह गये ।

श्रीभगवान्‌के दिव्यगुणोंकी ऐसी ही महिमा है ।

श्री भगवान्‌के गुणग्रामको हृदयङ्गम करनेके लिये यदि हम उन गुणोंका वर्गीकरण करलें तो अच्छा हो । पहला वर्ग सापेक्ष गुणोंका मान लिया जाय और दूसरा निरपेक्ष गुणोंका ।

जब हम परमात्माको 'जगत्कर्त्ता' कहते हैं तब परमात्माका कर्त्तृत्व गुण जगत्सापेक्ष है अर्थात् जगत् है तभी तो हम परमात्मा-को जगत्कर्त्ता कहते हैं। इसी प्रकार जब हम प्रभुको 'पतितपावन' कहते हैं तब प्रभुका पावन नामक गुण पतित-सापेक्ष है अर्थात् कुछ जीव पतित हैं, प्रभु उनको पवित्र करते हैं, तभी हम प्रभु को पतितपावन कहते हैं । ऐसे गुण अनेकानेक है । ये सब सापेक्ष हैं । इनमें से कुछ गुण जड़-(जगत्)-सापेक्ष हैं जैसे जगत्कर्त्ता, जगद्भर्त्ता; और कुछ चेतन—(जीव)—सापेक्ष हैं जैसे कृपालु, न्यायकारी; एवं कुछ उभयसापेक्ष हैं जैसे अन्तर्यामी ।

जो गुण चेतनसापेक्ष हैं वे कुछ तो सर्वसाधारण हैं जैसे न्यायकारी क्योंकि परमात्मा बृहस्पतिसे लेकर वनस्पति तक, आब्रह्मस्तम्बपर्यन्त, सभी जीवोंका न्याय करते हैं; और कुछ

गुण विशेष हैं जैसे शरणागतवत्सल अर्थात् शरणमें आये हुए जीवोंपर वात्सल्य प्रदर्शित करनेवाले । परमात्माकी न्यायकारिता सर्वसाधारण है, किन्तु उनकी शरण्यता विशेषजीवनिष्ठ है । यही दोनोंका अन्तर है ।

अब रहे वे गुण जो न तो जीवसापेक्ष हैं और न जगत्-सापेक्ष । उदाहरणार्थं जब हम कहते हैं कि भगवान् सत् हैं तब उनकी सत्ता न तो जगत्सापेक्ष है और न जीवसापेक्ष । भगवान्-के चैतन्य और आनन्द भी ऐसे ही हैं । उनका अपना परमानन्द किसी वस्त्वतंरकी अपेक्षा नहीं करता । इसी प्रकार प्रभुकी अमलता और अनन्तता भी ऐसे ही गुण हैं । इन सबको हम उनके निरपेक्ष गुण कह सकते हैं । इन गुणोंको इस प्रकार समझा जा सकता है—



श्रीविष्णुसहस्रनाम-स्तोत्रमें भगवान् विष्णु के एक सहस्र नाम हैं । ये सभी नाम उनके गुणोंके अनुसार हैं । 'यथा नाम तथा गुणः' की सूक्ति उनमें पूर्मतया चरितार्थ हीती है । गुण-सूचक होनेके कारण ये सभी नाम 'गौण' कहे गये हैं—

यानि नामानि गौणानि विख्यातानि महात्मभिः ।
ऋषिभिः परिगीतानि तानि वक्ष्यामि भूतये ।।

भगवान् अनन्त हैं, उनके चरित्र भी ऐसे ही हैं अर्थात् अनन्त हैं, अतएव उनके नाम भी अनन्त हैं। न जाने कबसे वे अपने भक्तोंके साथ विविध मनोरम लीला करते चले आ रहे हैं। न जाने कितने पतितोंका उन्होंने उद्धार किया है। इन सब बातोंको कौन जान सकता है ? हम साधारण जीवोंको तो दो चार वर्ष पहलेकी भी बहुत-सी घटनाएँ विदित नहीं। तब अनन्त भगवान्के अनन्त गुणोंकी चर्चा हमसे कैसे हो सकती है ? अतीत घटनाओंको देख सकने वाला कोई योगी भी यदि भगवान्की अतीत लीलावलीके गुणोंसे सम्बद्ध नामावलीका पाठ करने लगे तो वह भी श्रान्त,क्लान्त होकर मौन हो जायगा, किन्तु भगवान्के गुण वैसेके वैसे ही अनन्त रहेंगे। कविकुलगुरु कालिदासने रघुवंशमें देवताओंसे ठीक ही कहलाया था कि—

महिमानं यदुत्कीर्त्य तव संह्रियते वचः ।
श्रमेण तदशक्त्या वा न गुणानामियत्तया ।। (१० । ३२)

अस्य कल्याणं रूपमपि स्वरूपभूतम् ।। २६ ।।

'वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्' इत्यादि अनेक श्रौत वचनोंने परब्रह्म परमात्माका प्रकृतिसे परत्व बताते हुए और 'आदित्यवर्ण' आदि शब्दोंसे उनके रंग-रूपका निर्देश करते हुए कहा है कि उन महापुरुषका ज्ञान प्राप्त करके ही जीव अमरत्व लाभ कर सकता है, क्योंकि इसके अतिरिक्त निस्तारका कोई अन्य उपाय नहीं है।

श्रुतिने जिस प्रकार---

यः सर्वज्ञः सर्ववित् (मुण्डक० १ । १ । १०)
सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः (बृहदा० ५ । ४)
सर्वस्याधिपतिः सर्वमिदं प्रशास्ति(बृहदार ५ । ८ ।)

—इत्यादि वचनोंमें ईश्वरीय सर्वज्ञता, सर्वाधिपत्य आदि गुणोंका निर्देश किया है। उसी प्रकार—

यत्ते रूपं कल्याणतमम् (ईशावास्य० १६)
यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णम् (मुण्डक० ३।१।३)
तस्य हैतस्य रूपम् (बृहदा० २।३६)
तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम् (मुण्डक० ३।२।३)

—आदि वाक्योंमें ईश्वरीय रूपका भी निर्देश किया है।

आचार्य रामानुजने श्रीभगवान्‌के रूपका जो प्रतिपादन किया है, उसके कुछ उदाहरण दिग्दर्शनार्थ नीचे दिये जाते हैं—

(१) यथा ज्ञानादयः परस्य ब्रह्मणः स्वरूपतया निर्देशात् स्वरूपभूतगुणाः तथा इदमपि रूपं श्रुत्या स्वरूपतया निर्देशात् स्वरूपभूतम्। (वेदार्थसंग्रह)

अर्थात् जिस प्रकार ज्ञानानन्दादि गुण परब्रह्म के स्वरूपभूत गुण हैं, उसी प्रकार यह रूप भी स्वरूप ही है; क्योंकि श्रुतिने इसे भी स्वरूप कहकर निर्देश किया है। 'इदमपि रूपम्' से भगवान्‌की कर-चरण-नयन-वदनादिमती व्यक्तिकी ओर संकेत है।

(२) परस्य ब्रह्मणः प्राकृतहेयगुणान् प्राकृतहेयदेहसम्बन्धं तन्मूलकर्मवश्यतासम्बन्धं च प्रतिषिध्य कल्याणगुणान् कल्याणरूपं च वदन्ति। तदिदं स्याभाविकमेव रूपम्....। (श्रीभाष्य)

अर्थात् श्रुतियोंके वाक्य यही उद्घोषित करते हैं कि परब्रह्मके गुण प्रकृतिविकार नहीं हैं—हेय नहीं हैं; और न उनका वपु ही प्राकृत और हेय है। इसके विपरीत परब्रह्मके गुण कल्याणगुण हैं और उनका विग्रह कल्याणविग्रह है। भगवान्‌का यह रूप स्वाभाविक है।

(३) स्वमेव रूपं देवमनुष्यादिसजातीयसंस्थानं कुर्वन्नात्मसंकल्पेन देवादिरूपः संभवामि। (गीताभाष्य)

अर्थात् मैं श्रीकृष्ण अपने ही रूपको देव-मनुष्य आदिके आकारका बनाता हुआ देवादिरूपमें अवतीर्ण होता हूँ।

श्रीभाष्यमें जिनको कल्याणगुण और कल्याणरूप बताया है, वेदार्थसंग्रहमें उन्हींको स्वरूपभूत गुण और स्वरूपभूत रूप बताया है। श्रीमाष्योक्त 'स्वाभाविकमेव रूपम्' यह पदावली विशेष ध्यान देनेयोग्य है। भावका अर्थ है सत्ता। सत्ता दो प्रकारकी होती है—स्वकीय और परकीय। स्वकीय सत्ता ही दूसरे शब्दोंमें स्वभाव कही जाती है। श्रीभगवान्‌की कर-चरणवती व्यक्ति स्वाभाविक है—स्वसत्तात्मक है; आगन्तुक, परकीय, प्राकृत, त्रिगुणमयी नहीं है। यह व्यक्ति केवल सत्त्वगुणमयी है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता; क्योंकि रजस्तमोऽस्पृष्ट सत्त्वकी तो कल्पना भी नहीं हो सकती।

साम्प्रदायिकोंमें एक सूक्ति प्रचलित है—

किमात्मिका भगवतो व्यक्तिः ? यदात्नको भगवान्। किमात्मको भगवान् ? ज्ञानात्सको भगवान्।

इससे भी यही सिद्ध होता है कि भगवद्व्यक्ति भगवत्स्वरूप ही है। भगवान्‌की सत्ता शुद्ध है; उसमें अणुमात्र भी तत्वान्तरका सम्पर्क नहीं है। शुद्ध सत्ता ही शुद्ध तत्त्व कही जाती है। सत्ता और सत्त्व समानर्थक शब्द हैं। भगवान्‌के विख्यात 'सच्चिदानन्द' नामका प्रथमांश 'सत्' ही है। इसी सत्‌को शुद्ध तत्त्व, शुद्ध सत्त्व, विशुद्ध तत्त्व, विशुद्ध सत्त्व कहा जाता है। जब यह कहा जाता है कि भगवान् विशुद्ध सत्त्व हैं तब यह समझना उचित नहीं है कि भगबान् प्राकृत गुणत्रयमें प्रथम सत्त्वगुणनामक गुणसे उपहित हैं। शास्त्रने बार-बार श्रीभगवान्‌में प्राकृत हेय गुणोंका प्रतिषेध किया है—

सत्त्वादयो त सन्तीशे यत्र च प्राकृता गुणाः। (विष्णुपुराण)

अतएव षाड्गुण्यविग्रहः॥ २७॥

जब ज्ञान, आनन्द आदि गुण भी भगत्स्वरूप हीं हैं तो ज्ञानमूर्ति, आनन्दमूर्ति, ज्ञानविग्रह, आनन्दविग्रह आदि शब्दोंसे

भगवान्का निर्देश उचित ही है। यों तो भगवान्में अनन्त कल्याणगुण हैं और उन्हें निखिगुणमूर्तिमान् कहा भी जाता है—

रागद्वेषातिनिर्मुक्तसमस्तगुणमूर्तिमान् (सात्वतसंहिता ७। २५)

तथापि उनमें छः मुख्य हैं। इसीसे भगवान् को षाड्गुण्यविग्रह कहा जाता है—

षाड्गुण्यविग्रहं देवं भास्वज्ज्वलनतेजसम्। (सात्वतसंहिता १। २५)

सच्चिदानन्दघनश्च ॥ २८ ॥

कर-चरणादिमान् भगवद्-रूपके भगवत्स्वरूपभूत होनेके कारण उस रूपका सत्, शुद्ध सत्त्व, विशुद्ध सत्त्व, सत्य, सदात्मक, शुद्धसत्त्वात्मक, विशुद्धसत्त्वात्मक, सत्यात्मक, सत्स्वरूप, सत्यस्वरूप आदि शब्दोंसे निर्देश करना उचित है। इसी प्रकार उस रूपको ज्ञानात्मक, ज्ञानमय, विज्ञानमय, चित्, चिन्मय, चिदात्मक, संवित्, संविदात्मक, आनन्द, आनन्दात्मक, आनन्दमय आदि शब्दोंसे लक्षित करना भी शास्त्रीय ही है। ऐसे सभी शब्दोंके भावोंको सूचित करनेके लिये भक्तगण 'सच्चिदानन्दघन' शब्दका प्रयोग किया करते हैं, जिसका अर्थ है सच्चिदानन्द-मूर्ति। घन शब्दका अर्थ है मूर्ति—

मूर्तौ घनः (अष्टाध्यायी ३। ३। ७७)

सद्घन, चिद्घन, आनन्दघन, सच्चिद्घन, सदानन्दघन, चिदानन्दघन शब्दोंसे भी भगवद्रूपका निर्देश होता है।

धर्म-ब्रह्म-सुखानां प्रतिष्ठाऽहम् ॥ २९ ॥

ब्रह्म शब्द वृद्धि, महत्त्व, गौरव का सूचक है। यह बृहि वृद्धौ धातु से निष्पन्न होता है। परतत्त्व में वृद्धि की निरतिशय समृद्धि है। उनके समान बड़ा कोई है ही नहीं। निरतिशय गौरव श्रीभगवान् में ही निहित है जो उनके जगद्-व्यापार

(विश्व के सृष्टि-स्थिति-प्रलय) से प्रकट हो रहा है। इतना गौरव ब्रह्म-साम्य-भावा-ऽऽपन्न मुक्तात्माओं में भी नहीं होता, और किसी की तो चर्चा ही क्या ? ब्रह्म शब्द मूलतः, ज्ञान और आनन्द के समान, भाववाचक संज्ञा-शब्द था; परन्तु कालान्तर में वह पर-तत्त्व के एक गुण का सूचक होने के कारण, ज्ञान और आनन्द के समान ही, उस(परम तत्त्व) का पर्याय बन गया है। प्रस्तुत सूत्र में धर्म और सुख के साथ ब्रह्मशब्द के विन्यास के कारण मूल अर्थ ही अभीष्ट है।

पर-तत्त्व भगवान् विष्णु शाश्वत-धर्म, अमृत-स्वरूप अव्यय ब्रह्म, और ऐकान्तिक सुख की प्रतिष्ठा हैं। श्रीमद्भगवद्गीता का यह वचन इस प्रसङ्ग में मननीय है—

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहममृतस्याव्ययस्य च
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च ॥ (१४।२७)

देह-देहि-भिदा नाऽत्र ॥ ३० ॥

जीवका प्राकृत देह जिस प्रकार जीवात्मासे भिन्न होता है. उस प्रकार परब्रह्म परमात्माका वपु परब्रह्म परमात्मासे भिन्न नहीं होता। जब भगवद्वपु भगवत्स्वरूप ही है तब उसमें देह और देहीके भेदकी कल्पना के लिये अवकाश ही नहीं रह जाता है—

देहिदेहिभिदा चैव नेश्वरे विद्यते क्वचित्। (पद्मपुराण)

इसीलिये भगवान्के सभी श्रीविग्रहोंके लिये शास्त्रमें कहा गता है कि वे आपादमस्तक परमानन्दमूर्ति और केवल ज्ञानमय होते हैं—

परमानन्दसन्दोहा ज्ञानमात्राश्च सर्वतः। (वाराहपुराण)

न करणापेक्षं द्रष्टृत्वादिकं स्वभावतस्तु ॥ ३१ ॥

प्राकृत तत्त्वोंसे रचित देहेंद्रियोंकी सहायताके बिना ब्रह्म

किस प्रकार बोद्धा, मन्ता, श्रोता, स्प्रष्टा, द्रष्टा, रसयिता, घ्राता हो सकते हैं ? ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये। परमात्माका द्रष्ट्र्त्वादि व्यापार इन्द्रियोंपर निर्भर न होकर सर्वज्ञ और सत्य-संकल्प होनेके कारण स्वभावसे ही स्वयमेव होता है। शब्दादिके साक्षात्कारके लिये जीवको श्रोत्रादि इन्द्रियों की आवश्यकता है; क्योंकि अविद्याके कारण उसका स्वाभाविक ज्ञान बद्धावस्थामें तिरोहित रहता है, किन्तु परब्रह्मका शब्दादि-साक्षात्कार स्वयमेव होता है।

प्राक्तन वासनाओंसे वासितान्तःकरण जीवोंके लिये निरिन्द्रिय भगवान्के रूपादि-साक्षात्कारकी बात दुर्गम हैं, किन्तु शास्त्रीय भावनासे चित्तको भावित करनेपर यह विषय सुगम हो जाता है।

प्राकृत सृष्टिके विकासमें राजसाहंकार-सहकृत सात्त्विका-हंकारसे मन आदि एकादश इन्द्रियाँ उत्पन्न हुआ करती हैं। इस सिद्धान्तके निश्चित हो जानेपर कि इन्द्रियोंका विकास अहंकारसे होता है, उस भगवत्तत्त्वमें इण्द्रियोंकी कल्पना ही कैसे हो सकती है, जिसमें कि अहंकार-जनक महतत्त्वकी जननी प्रकृति ही नहीं है ? जब मूल हो नहीं, तब पत्र-पुष्प कैसा ? मूल-प्रकृतिसे होता है महत्तत्त्व, महतत्त्वसे होता है अहंकार और अहंकारसे होती हैं इन्द्रियाँ। जब भगवद्विग्रह अप्राकृत है, उसमें प्रकृति का सम्बन्ध ही नहीं है, तब प्रकृत्युत्थ इन्द्रियाँ उसमें कहाँसे आ जायँगी ? भगवद्विग्रह चिदानन्दका आकारमात्र है। उस विग्रहमें प्राकृत कल्पनाओंका आरोप अनुचित है। जब भगवान्में सात्त्विकाहं-करोत्थ एकादश इन्द्रियोंकी ही सिद्धि नहीं हो सकती तब तामसाहं-कारोत्थ स्थूल शरीरकी तो चर्चा ही क्या ?

अमलकमलदलनयनयुगलः ॥ ३२ ॥

श्रीनारायण भगवान्के दोनों नयन, गम्भीर जलमें सरस

नालपर लगे हुए और सूर्यकी किरणोंसे विकसित कमलके दलके समान कमनीय हैं—

(१) तस्य यथा कप्यासं पुण्डरीकमेवमक्षिणी ।

(छान्दोग्य० १ । ६ । ७)

(२) यद् भक्तक्त्या पुण्डरीकाक्षं स्तवैरर्चेन्नरः सदा ।

(महाभारत अनुशासनपर्व)

(३) नमस्ते पुण्डरीकाक्ष शंखचक्रगदाधर ।

(विष्णुपुराण १ । ४ । १२)

(४) जितं ते पुण्डरीकाक्ष वासुदेवामितद्युते ।

(सात्त्वतसंहिता ७ । २५)

श्यामोऽपि स्वर्णाभः ॥ ३३ ॥

श्रीभगवान्का वर्ण श्याम है । श्यामका तात्पर्य नीलसे है । नील और श्यामको संस्कृत वाङ्मयमैं पर्याय माना गया है—

कृष्णे नीलासितश्यामकालश्यामलमेचकाः ।

अमरकोष (१ । ५ । १४)

नीलके स्थानपर श्यामका प्रयोग किया जाता है, यथा—

इन्दीवरदलश्याममिन्दिरानन्दकन्दलम् ।
वन्दारुजनमन्दारं वन्देऽहं यदुनन्दनम् ॥

एवं श्यामके स्थानपर नीलका, यथा—

स्वकर्णविभ्राजितकुण्डलोल्लसत्-
कपोलनीलालकमण्डिताननाम् ।

(श्रीमद्भा० ८ । १२ । २०)

भगवद्वपुकी नीलिमा शास्त्रमें स्थान-स्थानपर उपवर्णित है, दिग्दर्शनार्थ—

अतसीपुष्पसंकाशं पीतवाससमच्युतम् ।
ये नमस्यन्ति गोविन्दं न तेषां विद्यते भयम् ॥

(महाभारत शान्तिपर्व ४७ । ६०)

अर्थात् अतसी=अलसीके कुसुमके समान वर्णवाले, कनका-

म्बरधारी, अच्युत गोविन्दको जो प्रणाम करते हैं, वे निर्भय हो जाते हैं।

अवतार-विग्रहमें भी भगवान्‌का यही वर्ण रहता है—

फुल्लेन्दीवरपत्राभं चतुर्बाहुमुदीक्ष्य तम् ।
श्रीवत्सवक्षसं जातं तुष्टावानकदुन्दुभिः ॥

(विष्णुपुराण ५ । ३ । ८)

अर्थात्—विकसित नील-कमलके दलके समान वर्णवाले, चतुर्भुज, श्रीवत्साङ्कित वक्षः-स्थलवाले भगवान्‌को पुत्ररूपमें अवतीर्ण देखकर वसुदेवजी स्तुति करने लगे।

इस भगवन्नीलिमाकी उपमा शरद्‌गगन, केकि-कण्ठ, इन्द्रनील आदिसे दी जाती है।

श्रीविग्रहसे चतुर्दिक् स्वर्णरश्मियाँ विकीर्ण हुआ करती हैं—

आ प्रणखात् सर्व एव सुवर्णः (छान्दोग्य० १ । ६ । ६)

इसी हेतुसे भगवान् स्वर्णाभ कहे जाते हैं—

यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णम् । (मुण्डकोपनिषद् ३ । १ । ३)

श्रीजानकी माताने हनुमान्‌जीसे श्रीरघुनाथजीकी कुशल पूछते हुए उनके सुवर्णके समान वर्णवाले मुखका स्मरण किया था—

कच्चिन्न तद्धेमसमानवर्णं
तस्याननं पद्मसमानगन्धि ।

(रामायण ५ । ३६ । २८)

इससे पूर्व हनुमान्‌जीने श्रीरामका परिचय देते हुए उनकी स्वर्णाभताका उल्लेख किया है—

स सुवर्णच्छविः श्रीमान् रामः श्यामो महायशाः ।

(रामायण ५ । ३५ । २२)

इनमें तथा एतादृश अन्य शास्त्रोक्त वचनोंमें श्रुत्युक्त—

सर्व एव सुवर्णः, 'रुक्मवर्णम्'
'आदित्यवर्णम्', 'यथा माहारजनं वासः ।'

आदि वचनावलीका ही भाव भगवान्‌की सुवर्णच्छबिताके विषयमें प्रदर्शित हुआ है।

वर्णतः नील होनेपर भी श्रीभगवान् निज अङ्गसे विनिःसृत आभाके कारण ही हेमाभ हैं।

कभी-कभी वह हेमाभ आभा इतनी प्रकाशमान होती है कि विग्रहनीलिमा मृदु विदित होने लगती है, जैसे सूर्य के उज्ज्वल प्रकाशसे गगनकी नीलिमा। उस समय भगवद्विग्रह 'सान्द्रपयोद-सौभग', 'सान्द्राम्बुदाभ' और 'नीलजीमूतसंकाश' प्रतीत होता है।

हिरण्यवर्णा श्रीलक्ष्मीजीके सान्निध्यमें तो भगवान्‌का इन्द्रनीलके समान नील वर्ण मरकतके समान हरित प्रतीत होने लगता है—

नमो मरकतश्यामवपुषेऽधिगतश्रिये।
केशवाय नमस्तुभ्यं नमस्ते पीतवाससे॥

(श्रीमद्भा० ८। १६। ३५)

पीत एवं नील वर्णोंके मिश्रणसे हरित वर्ण होता है, यह वैज्ञानिक सिद्धान्त है।

यद्यपि लीलानिमित्त ऊरीकृत व्यूहादि रूपोंमें श्रीभगवान्‌के सित, पीत, रक्त आदि विविध वर्ण भी हैं—

यथा पाण्ड्वाविकम् यथेन्द्रगोपः यथाग्न्यर्चिः, यथा पुण्डरीकम् यथा सकृद्विद्युत्तम्। (बृहदारण्यक० २। ३। ६)

तथापि उनका प्रधान वर्ण नील ही है।

अन्या रूपमाधुरी शास्त्रात्॥ ३४॥

श्रीभगवान्‌के श्रीविग्रहके अन्य माधुर्यका वर्णन शास्त्रमें स्थान-स्थानपर किया गया है। दिग्दर्शनार्थ कुछ वचन यहाँ

दिये जाते हैं—

नारायण नमस्तेऽस्तु पुण्डरीकायतेक्षण ।
सुभ्रूललाट सुनस सुस्मिताधरविद्रुम ।।
पीनवृत्तायतभुज श्रीवत्सकृतभूषण ।
तनुमध्य महावक्षः पद्मनाभ नमोऽस्तु ते ।।
विलासविक्रमाक्रान्तत्रैलोक्यचरणाम्बुज ।
नमस्ते पीतवसन स्फुरन्मकरकुण्डल ।।
स्फुरत्किरीटकेयूरहारकौस्तुभभूषण ।

(ब्रह्मतन्त्र)

देवर्षि नारदने राजकुमार ध्रुवके प्रति जिस रूपका निरूपण किया था वह इस प्रकार है—

प्रसादाभिमुखं शश्वत्प्रसन्नवदनेक्षणम् ।
सुनासं सुभ्रुवं चारुकपोलं सुरसुन्दरम् ।।
तरुणं रमणीयाङ्गमरुणोष्ठेक्षणाधरम् ।
प्रणताश्रयणं नृम्णं शरण्यं करुणार्णवम् ।।
श्रीवत्साकं घनश्यामं पुरुषं वनमालिनम् ।
शंखचक्रगदापद्मैरभिव्यक्तचतुर्भुजम् ।।
किरीटिनं कुण्डलिनं केयूरवलयान्वितम् ।
कौस्तुभाभरणग्रीवं पीतकौशेयवाससम् ।।
काञ्चीकलापपर्यस्तं लसत्काञ्चननूपुरम् ।
दर्शनीयतमं शान्तं मनोनयनवर्धनम् ।।
पद्भ्यां नखमणिश्रेण्या विलसद्भ्यां समर्चताम् ।
हृत्पद्मकर्णिकाधिष्ण्यमाक्रम्यात्मन्यवस्थितम् ।।

(श्रीमद्भा० ४ । ८ । ४५—५०)

श्रीभगवान्की रूपमाधुरीका इस प्रकारका वर्णन वास्तविक है, कल्पनामात्र नहीं—

नह्यरूपाया देवताया रूपमुपदिश्यते यथाभूतवादि हि शास्त्रम् .

(वेदार्थसंग्रह)

अर्थात् परदेवता नारायण साकार हैं तभी तो शास्त्र उन्हें साकार बताता है; ऐसा नहीं कि लोकप्रतारणार्थ व्यर्थ ही निरा-

कारको साकार बताया जा रहा है; क्योंकि बात जैसी है, शास्त्र वैसी ही कहता है। शास्त्र जीवको सन्मार्गकी ओर ही अग्रसर करता है; क्योंकि वह जीवको इतना प्यार करता है, जितना सहस्रों माता-पिता भी नहीं कर सकते—

मातापितृसहस्रेभ्योऽपि वत्सलतरं शास्त्रम्।

(गीताभाष्यमें रामानुज)

तभी तो उसने जीवके कल्याणके लिये श्रीभगवान्‌के मधुरातिमधुर रूप का मधुर-मधुर पदावलीमें प्रतिपादन किया है।

आचार्य रामानुजके शब्दोंमें श्रीमन्नारायणका वह दिव्यरूप-

'अनवधिकातिशयसौन्दर्यहृताशेषमनोदृष्टिवृत्ति, लावण्यामृतपूरिताशेषचराचरभूतजात, अत्यद्भुताचिन्त्यनित्ययौवन, पुष्पहाससुकुमार, पुण्यगन्धवासितानन्तदिगन्तराल, त्रैलोक्याक्रमणप्रवृत्तगम्भीरभाव, करुणानुरागमधुरलोचनावलोकिताश्रितवर्ग' है।

श्रीभगवान् का दिव्यरूप अतिशय मधुर है। उसका सभी कुछ-- अङ्ग-प्रत्यङ्ग--आनन्दमय होनेके कारण मधुरिमामय है। आचार्य वल्लभके शब्दोंमें केवल यही कहा जा सकता है कि—

अधरं मधुरं वदनं मधुरं
नयनं मधुरं हसितं मधुरम्।
हृदयं मधुरं गमनं मधुरं
मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ १ ॥
वचनं मधुरं चरितं मधुरं
वसनं मधुरं वलितं मधुरम्।
चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं
मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ २ ॥

(मधुराष्टक)

और कविवर लीलाशुकके शब्दोंमें—

मधुरं मधुरं वपुरस्य विभो-
र्मधुरं मधुरं वदनं मधुरम्।

मधुगन्धि मृदुस्मितमेतदहो
मधुरं मधुरं मधुरं मधुरम् ॥
(श्रीकृष्णकर्णामृत १ । ९१)

स्वेतरसमस्तवस्तुविलक्षणः ॥ ३५ ॥

मनुष्य-शरीर से देव-शरीर में वैलक्षण्य

हिंदू-शास्त्र के अनुसार मानव-शरीर और देव-शरीर दोनों पांचभौतिक होते हैं। पृथ्वी-तत्त्वकी प्रधानताके कारण मानव-शरीर 'पार्थिव' कहा जाता है, किन्तु देव-शरीर तेजस्तत्त्वकी प्रधानताके कारण 'तैजस' कहा जाता है।

देव-शरीर और मानव-शरीर दोनों ही कर्मानुसार मिलते हैं, किन्तु मानव शरीर श्रीमद्भागवतके—

कर्मणा दैवनेत्रेण जन्तुर्देहोपपत्तये ।
मातुः प्रविष्ट उदरं पितू रेतःकणाश्रयः ॥

इस वचनके अनुसार रजोवीर्यनिर्मित होता है और देव-शरीर महाभारतके—

तैजसानि शरीराणि भवन्त्यत्रोपपद्यताम् ।
कर्मजान्येव मौद्गल्य न मातृपितृजान्युत ॥

—इस वचनके अनुसार रजोवीर्यनिर्मित नहीं होता।

पार्थिव मानव-शरीरमें खान-पानके परिणामरूप स्वेद, मूत्र और पुरीष होते हैं, किन्तु तैजस देव-शरीरमें ये नहीं होते। देवताओंके तैजस शरीरधारी होनेके कारण उन्हें भूख-प्यास नहीं लगती—

न क्षुत्पिपासे न ग्लानिर्न शीतोष्णभयं तथा ।

अमृत-नामक तैजस द्रव्यके पानद्वारा उनके शरीर अपनी आयुपर्यन्त अजर और अमर बने रहते हैं। स्वर्गलोकके अन्यान्य भोज्य पदार्थ भी अमृतके समान तैजस ही हैं।

मनुष्योंके पलक लगते हैं, देवताओंके नहीं। मनुष्य भूमिको स्पर्श करके खड़े होते हैं, देवता इस प्रकार खड़े नहीं होते। मनुष्यकी छाया पड़ती है, देवताकी नहीं। मनुष्यके शरीर और वस्त्रोंपर धूल लग जाती है, देवताके शरीर और वस्त्र नीरज ही रहते हैं। मनुष्यके शरीरकी माला मुरझाती रहती है, देवताके शरीरसे सम्पृक्त माला खिली रहती है। महाभारतमें लिखा है कि दमयन्ती मनुष्य और देवताओंके वैलक्षण्यसे परिचित थी। जब उसने नल और इन्द्रादिमें वैषम्य देखा तो उसने, नलके स्वरूपका निश्चय हो जाने पर, उसीके गले में जयमाला डाल दी—

सापश्यद् विबुधान् सर्वानस्वेदान् स्तब्धलोचनान् ।
हृषितस्रग्रजोहीनान् स्थितानस्पृशतः क्षितिम् ॥
छायाद्वितीयो म्लानस्रग्रजःस्वेदसमन्वितः ।
भूमिष्ठो नैषधश्चैव निमेषेण च सूचितः ।

(महाभारत)

इसी प्रकार ब्रीहिद्रोणिकपर्वमें देव-शरीर-विषयक उल्लेख है कि—

न च स्वेदो न दौर्गन्ध्यं पुरीषं मूत्रमेव च ।
तेषां न च रजो वस्त्रं बाधते तत्र वै मुने ॥

मनुष्य योग-सिद्धि प्राप्त करके अनेक शरीर धारण कर सकता है, जैसा कि वचन है—

आत्मनो वै शरीराणि बहूनि भरतर्षभ ।
योगी कुर्याद् बलं प्राप्य तैश्च सर्वैर्महीं चरेत् ॥
प्राप्नुयाद् विषयान् कैश्चित् कैश्चिदुग्रं तपश्चरेत् ।
संक्षिपेच्च पुनस्तानि सूर्यो रश्मिगणानिव ॥

किन्तु देवतामें अनेक शरीर धारण करनेकी योग्यता स्वयमेव होती है। आचार्य शंकरने वेदान्तके—

विरोधः कर्मणीति चेन्नानेकप्रतिपत्तेर्दर्शनात्

—इस सूत्रपर भाष्य करते हुए लिखा है—

स्मृतिरपि प्राप्ताणिमाद्यैश्वर्याणां योगिनामपि युगपदनेकशरीरयोगं दर्शयति किमु वक्तव्यमाजानसिद्धानां देवानाम् ।

मनुष्योंमें पितासे पुत्र उत्पन्न होता है, पुत्रसे पिताकी उत्पति नहीं हुआ करती, किन्तु देवता एक दूसरेसे उत्पन्न हो जाते हैं । इसलिये यास्कने निरुक्तमें देवताओं के विषय में कहा है—

'इतरेतरजन्मानो भवन्तीतरेतरप्रकृतयः' ।

साधनसम्पन्न मनुष्य मायाका आश्रय लेकर अपने रूपका परिवर्तन कर सकता है । मारीचका मृगरूप धारण करना रामायणमें सुप्रसिद्ध है । इसी प्रकार देवता भी मायासे अपने रूपका परिवर्तन कर सकते हैं । दमयन्तीके स्वयंवरमें इन्द्रादि चार दिक्पालोंका नल-रूप-धारण महाभारतमें प्रसिद्ध है । देवताओंके इसी रूप-परिवर्तको लक्ष्यमें रखकर श्रुति कह रही है कि—

'इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते' ।

मनुष्यमें जिस प्रकार चेतन आत्माका अचेतनशरीरसे संयोग शास्त्रसम्मत है, उसी प्रकार देवतामें भी आत्म-शरीर-संयोग है । देवतामें भी मनुष्यके समान देह-देहि-भाव होता है ।

जिस प्रकार मनुष्य अपनी आयुके अन्तमें एक शरीरका त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण कहता है, उसी प्रकार देवता भी अपनी आयुके अन्तमें एक शरीरका त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है । देव-शरीरमें भी मनुष्य-शरीर के समान हानोपादान होते हैं । गीताके—

ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं
क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति ।

इस वचनसे मनुष्यका देव-शरीर-ग्रहण और देवताका मनुष्य शरीर-ग्रहण सिद्ध है ।

देव-शरीरका आकार देखनेमें मनुष्य-शरीरके सदृश होता है। यास्कने—

'अथाकारचिन्तनं देवानाम्'

कहकर, चार विभिन्न मतोंका प्रदर्शन करते समय, देवताओंकी पुरुषविधताका सर्वप्रथम उल्लेख किया है- -

पुरुषविधाः स्युरित्येकम् ।

देव-शरीरसे ईश्वर-शरीरमें वैलक्षण्य

ईश्वरका शरीर देव-शरीरके समान तेजोमय, भौतिक और प्राकृत नहीं होता। वह तो षाड्गुण्यमय, दिव्य और अप्राकृत होता है। अतएव वह ईश्वरका 'स्वरूप', शुद्धसत्त्वमय, शुद्धतत्त्वमय और सच्चिदानन्दमय कहलाता है।

देव-शरीरके समान ईश्वरका शरीर जड़ नहीं होता। वह चेतन, स्वयंप्रकाश और ज्ञानात्मक होता है।

देवताओंको जिस प्रकार रूपादि-साक्षात्कारके लिये चक्षुरादि इन्द्रियोंके साहाय्यकी अपेक्षा है, उस प्रकार ईश्वरको नहीं होती। उसका रूपादि-साक्षात्कार स्वयमेव होता है।

देवतामें जिस प्रकार देह और देहीका भेद होता है, उस प्रकार ईश्वरमें नहीं होता। ईश्वरमें जो देह है, वही देही है और जो देही है वही देह है।

'देहदेहिभिदा चात्र नेश्वरे विद्यते क्वचित्।'

देव-शरीरका जिस प्रकार हानोपादान होता है, उस प्रकार ईश्वर-शरीरका नहीं। वह नित्य और हानोपादानहीन है—

सर्वे नित्याः शाश्वताश्च देहास्तस्य परात्मनः।
हानोपादानरहिता नैव प्रकृतिजाः क्वचित्॥

ईश्वरके लिये शरीर-शब्दका प्रयोग औपचारिक है। शरीरका अर्थ है शीर्ण होनेवाला। ईश्वरका शरीर न कहकर विद्वान्

लोग ईश्वरकी व्यक्ति अथवा विग्रह आदि कहा करते हैं। व्यक्ति शब्दका प्रयोग प्राचीन है। महाभारतका वचन है—

एषोऽहं व्यक्तिमास्थाय तिष्ठामि दिवि शाश्वतः।

भक्तोंकी—

किमात्मिका भगवतो व्यक्तिः ? यदात्मको भगवान्।
किमात्मको भगवान् ? ज्ञानात्मकः शक्त्यात्मकः

इस रहस्याम्नाय-सूक्तिमें भी व्यक्ति-पदका प्रयोग प्राचीन ही है। वैष्णवतन्त्रके—

जितं जे पुण्डरीकाक्ष पूर्णषाड्गुण्यविग्रह

—आदि वाक्योंमें विग्रह-शब्दका प्रयोग सुप्रसिद्ध है। देव-शरीरके समान भगवद्-व्यक्ति कर्मज नहीं होती—

जगतामुपकाराय न सा कर्मनिमित्तजा

(विष्णुपुराण)

प्रत्युत स्वेच्छामयी होती है। श्रुतिने भगवद्विग्रहको—

'मनोमयः' (छान्दोग्योपनिषद्)

—कहा है अर्थात् वह विग्रह भगवान् की अपनी भावनाके अनुसार ही है। श्रीमद्भागवतमें ब्रह्माजीका वचन है—

अस्यापि देव वपुषो मदनुग्रहस्य
स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि।

इसका भी यही अभिप्राय है कि श्रीभगवद्वपु पाञ्चभौतिक नहीं है, प्रत्युत स्वेच्छामय है। श्रुतिने ईश्वरको—

अकायमव्रणमस्नाविरम्

—कहकर उसकी प्राकृत-देहहीनता बतायी है और—

यत्ते रूपं कल्याणतमं तत्ते पश्यामि

—कहकर उसके दिव्यरूपका प्रतिपादन किया है। श्रुतिने जहाँ ईश्वरके लिये शरीर शब्दका प्रयोग किया है, वहाँ साथमें

प्राण शब्द जोड़ दिया है। इस प्रकार ईश्वरको—

'प्राणशरीरः' (छान्दोग्योपनिषद्)

—कहा गया है, जिसका आशय है कि ईश्वर-विग्रह उपचारसे ही शरीर कहा जा सकता है, साक्षात् नहीं; क्योंकि वह तो स्वयं प्राण-जीवन-चैतन्यमय है। ईश्वरविग्रहकी सत्ताके लिये बाह्य वायुकी अपेक्षा नहीं है। वह स्वयं प्राणरूप है।

भौतिक शरीरके समान ईश्वर-विग्रहमें न वृद्धि है और न ह्रास।

ईश्वरका आकार भी पुरुषविध ही है—

आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः

(बृहदारण्यक ४। १)

किन्तु यह आकार घनीभूत ब्रह्म ही है। वह पार्थिव-शरीरों से ही क्या, प्राकृतिक तैजस शरीरों से भी अत्यन्त विलक्षण है। वह सत्य, शिव और सुन्दर है। वह निरतिशय सौन्दर्यका आकार है, दिव्य माधुर्यका आधार है, परम लावण्यका आगार है और अनवधिक वात्सल्यका पारावार है।

श्रीभगवान् सर्वशक्तिमान् हैं। वे सब कुछ कर सकते हैं। वे प्राकृत शरीर धारण कर सकते हैं, किन्तु किया नहीं करते। जिस प्रकार गंगा-जलमें स्नान करके पूजाके आसनपर सन्ध्योपासनके लिये विराजमान कोई ब्रह्मर्षि साधारण मृत्तिकासे ऊर्ध्वपुण्ड्र लगा सकनेकी शक्ति और योग्यता होनेपर भी वैसा न करके गोपीचन्दन से ही ऊर्ध्वपुण्ड्र लगाया करता है, उसी प्रकार श्रीभगवान् प्रकृतिके विकृतिरूप पंचभूतों का शरीर धारण करनेकी शक्ति होने पर भी पाञ्चभौतिक शरीर धारण नहीं किया करते हैं—

प्रकृतेर्विकृते रूप भूतसंघातनामकम्।
शरीरं सत्यसंकल्पपुरुषस्येच्छयापि न॥

सम्बन्धोऽपुरुषार्थत्वाज्जीवानां तु स्वकर्मणा ।
सुखदुःखादिभोगार्थं बलाद्देहोऽपियुज्यते ॥
देहः स तु स्वाभिमतः स्वानुरूपः सदोज्ज्वलः ।
अप्राकृतो हरेस्तेन न दोषो कोऽपि युज्यते ॥
(श्रीभाष्यवार्त्तिकम्)

ईश्वरका अवतार-विग्रह भी अप्राकृत ही होता है, किन्तु दर्शकोंको उसको मानवता (भौतिकता) ही प्रतीत होती है। श्रीभगवान्‌की अघटनघटनापटीयसी योगमायाके वैभव और चमत्कारको कौन जान सकता है ? स्वयं लोक-पितामह ब्रह्मदेवको श्रीकृष्णभगवान्‌की बाल-लीलाएँ देखकर उनकी ईश्वरतामें संदेह हो गया था । श्रीभगवान्‌ने अपने श्रीमुखसे यही कहा है—

नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः ।

श्रीभगवान् का विग्रह भौतिक नहीं है । भौतिक शरीरके विकार (जन्म, सत्ता, विपरिणाम, वृद्धि, अपक्षय, विनाश) उसमें नहीं हैं ।

न तस्य प्राकृता मूर्त्तिर्मेदोमज्जास्थिसम्भवा ।

इसीलिए श्रुतिने परमात्माको 'अकायम्' कहा है । भक्तोंको श्रीभगवान्‌के जिस विग्रहका दर्शन होता है वह दिव्य है, भगवत्स्वरूप है, चैतन्यमय है । वह अच्छेद्य, अदाह्य, अक्लेद्य और अशोष्य है । वह आपादमस्तक ज्ञानमय है । भौतिक विकारमय शरीरसे रहित होनेके कारण ईश्वरविग्रह 'शुद्धम्' कहा गया है । परमात्मा कर्म-फल-भोग के लिये शरीर धारण नहीं करते, इसीलिये उन्हें 'अपापविद्धम्' कहा जाता है । प्राकृत-आकार-रहित होनेके कारण ईश्वर निराकार है, किन्तु दिव्य-आकार सहित होनेके कारण साकार है । वह आकार घनीभूत चैतन्य है । अप्राकृत रूपको श्रुतिने 'कल्याणतम' बताया है ।

चैतन्यमयी सत्ता और प्राकृतिक सत्त्व गुणदृष्टि से अंशतः

समान होते हुए भी परस्पर अत्यन्त विलक्षण हैं। इसी प्रकार दिव्य आकार और प्राकृतिक आकार आकारदृष्टि से अंशतः समान होते हुए भी परस्पर अत्यन्त विलक्षण हैं।

श्रीभगवान् का सौन्दर्यसारसर्वस्व, अवाङ्‌मनसगोचर, वह दिव्य रूप श्रुतिशास्त्रों का एकमात्र लक्ष्य है। परमहंस महामुनिजन उसी श्रीविग्रह के चरणों के चिन्तन में लीन रहा करते हैं। वह श्रीविग्रह अत्यन्त विनिर्मल है। यदि वहाँ भी प्राकृत दोष का सन्निवेश होता तो सोरों के सन्त गोस्वामी तुलसीदासजी एक बार रामा-विरक्त होकर दुबारा रामाऽनुरक्त क्यों होते !

जिस प्रकार पाषाण-प्रतिमा का उपादान पाषाण है, उस प्रतिमा के चरणवदनादि अवयव पाषाणमय हैं, इसी प्रकार ईश्वर के चिद्घन-विग्रह का उपादन चैतन्य है, उसके करचरणादि अवयव चैतन्यमय हैं। ईश्वर शरीरत्रयरहित होते हुए ही साकार है। उसका आकार उसका स्वरूप ही है। ईश्वर के स्वाभिमत-नित्य-दिव्य-आकारवान् होने में श्रुति, स्मृति, इतिहास और पुराण प्रमाण हैं। ईश्वर-विग्रह ज्ञानशक्त्यादि विविध गुणों का विलास-मात्र है।

सौन्दर्यघन श्रीभगवान् में किसी भी प्रकार की मलादि की असुन्दर भावना मलिन-वासना-विदूषित अन्तःकरण की वृत्तियों का परिवर्त्तन मात्र है। उन परम सुन्दर में असौन्दर्य की कल्पना इतनी भ्रान्त है जितनी कि उसी सकल-मंगल-भवन में किसी भी प्रकार के अमंगल की भावना अथवा जितनी कि लावण्यघन सैन्धवखण्ड में काटव का उत्प्रेक्षण, अथवा माधुर्यघन सितोपल में तिक्तता का चिन्तन।

शारद गगन की सी नीलिमा, श्रीलक्ष्मीजी का उरोदेश में निवास, नाभि से कमलोदय और उस कमल से बालक चतुरानन

का जन्म इत्यादि श्रीभवान् के श्रीविग्रह का अचिन्त्य वैलक्षण्य है।

जिस प्रकार लोकमें जायापती से 'अपरस्पर सम्भूत' सृष्टि होती है उसी प्रकार श्रीमन्नारायण से ब्रह्मदेव का जन्म नहीं होता। उनके तो नाभि-सरोरुह से ही सृष्टिकर्त्ता ब्रह्मदेव का आविर्भाव शास्त्रसिद्ध है।

अगोचरः प्राक् समाराधनाद् गोचरस्त्ववर्वाक् ॥ ३६ ॥

प्रायः कहा जाता है कि श्रीभगवान् अगोचर हैं क्योंकि उनके लिये 'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथाऽरसं नित्यमगन्धवच्च' इस प्रकार उपनिषद् में कहा गया है। यह कथन आंशिक सत्य है, क्योंकि जीव जब तक आराधना नहीं करता, तभी तक उसके लिये वे अगोचर हैं। आराधना करने पर तो वे भक्त-दृग्-गोचर हो ही जाते हैं। शास्त्रोक्त अनेक इतिवृत्त इस निश्चित सिद्धान्त के समर्थक हैं। ध्रुव, प्रह्लाद और गजेन्द्र के नाम विश्व-विश्रुत हैं जिन्होंने आराधना से श्रीभगवान् का साक्षात् दर्शन प्राप्त कर लिया था।

वेदान्त-दर्शन के 'अपि संराधने प्रत्यक्षानुमानाभ्याम् (३। २। २४) इस सूत्र में भी इसी विषय का प्रतिपादन किया गया है।

दैत्यों से पराजित देवता एक बार ब्रह्मा जी के समीप पहुँचे। देवताओं की करुण कथा सुन कर, उनके कष्ट का निवारण करने के उद्देश्य से ब्रह्माजी ने श्रीभगवान् विष्णु की प्रार्थना की—

प्रसीद विष्णो भक्तानां व्रज नो दृष्टिगोचरम्।

(विष्णु-पुराण १।९।५।७)

तत्पश्चात् समस्त देवताओं ने भी भक्ति- भावपूर्वक प्रणाम करते हुए निवेदन किया—'व्रज नो दृष्टि-गोचरम्'। तब तो भक्तवत्सल भगवान् ब्रह्मादि समस्त देवगण के समक्ष प्रकट हो गये—

एवं संस्तूयमानस्तु भगवाञ्शङ्खचक्रधृक्
जगाम दर्शनं तेषां मैत्रेय परमेश्वरः। (विष्णुपुराण १। ९। ६६)

इस प्रकार के उदाहरणों से यह बात निश्चित हो जाती है कि आराधना से पूर्व अगोचर भगवान् आराधना के अनन्तर अवश्यमेव गोचर हो जाते हैं।

अपीच्य-वयाश्च ॥ ३७ ॥

इस विश्वविलासके उदय, विभव और विलयके एकमात्र कारणको मनीषियोंने अनेक नाम दिये हैं, 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति।' जिन्होंने उसे विष्णु नाम दिया है और उन्हें सगुण साकार रूपमें भजते हैं उन वैष्णव भक्तोंने अपने आराध्यदेवके नाम, रूप, लीला और धामके सम्बन्धमें अनेक विवरण दिये हैं। उन्हींके दृष्टिकोणसे भगवान्के वयके सम्बन्धमें कुछ पंक्तियाँ नीचे दी जा रही हैं।

ऋग्वेदमें श्रीविष्णु भगवान्को अत्यन्त पुरातन होने पर भी अत्यन्त नूतन बताया गया है—

यः पूर्व्याय वेधसे नवीयसे
सुमज्जानये विष्णवे ददाशति'

(१। १५६। २)

अनादि होनेके कारण वे प्रत्नतम हैं, किन्तु दर्शन में वे नित्य-नवीन से हैं। प्राचीन होने के कारण उन्हें अत्यन्त वृद्ध होना चाहिए, किन्तु हैं वे अर्वाचीन से। यह उनका ऐश्वर्य है।

ऋग्वेद में ही अन्यत्र उनको सुकुमार युवा बताया गया है—

'बृहच्छरीरो विमिमान ऋक्वभि-
युँवा कुमारः प्रत्येत्याहवम्' (१ । १५५ । ६)

सुकुमार युवक का सुगम अर्थ है नव-युवक । नवयौवन का दूसरा नाम है कैशोर । श्रीभगवान् सदा कैशोर वय में रहते हैं, यह बात श्रीमद्भागवत के

'सन्तं वयसि कैशोरे भृत्यानुग्रहकातरम् ।'
(३ । २८ । १७)

इस वचन से स्पष्ट है । शास्त्रमें जहाँ-जहाँ श्रीभगवान्के यौवन, नवयौवन किंवा तारुण्यका उल्लेख मिले, वहाँ-वहाँ उपर्युक्त निर्देश के अनुसार कैशोरका ही तात्पर्य समझना चाहिए । इस दृष्टिसे, उदाहरणके लिए

'तरुणं रमणीयांगमरुणोष्ठेक्षणाधरम् ।'
(भागवत ४ । ८ । ४६)

इस श्लोकमें तरुणका अर्थ किशोर लेना चाहिए । यौवनसे भी अधिक माधुर्य है कैशोरमें, अतः वही वय श्रीभगवान्को अभीष्ट-है । यौवनमें पूर्णताकी सिद्धि अवश्य है, किन्तु उसमें नवनवोन्मेष-शालिता नहीं है । वह तो कैशोरमें ही सुलभ है । अतएव कैशोर ही यौवनसे सुन्दरतर है और कैशोर ही सब अवस्थाओंमें सुन्दर-तम है । इसी हेतुसे श्रीमद्भागवतमें अन्यत्र श्रीभगवान्को अपीच्यवयस्क बताया गया है—

प्रेक्षणीयं नृलोकस्य सानुरागस्मितेक्षणम् ।
अपीच्यवयसं मत्तमृगेन्द्रोदारविक्रमम् ।।
(१० । ५१ । २७)

भगवान्के पार्षदोंका वय नूतन बताया गया है—

सर्वे च नूत्नवयसस्सर्वे चारुचतुर्भुजाः
(भागवत ६ । १ । ३५)

भगवान् के पार्षद प्रायः आकार-प्रकारमें भगवान्के समान होते हैं। भगवान्का वय नूतन है । तभी उनके पार्षदोंका वय

नूतन बताया गया है। नूतन वयका अर्थ कैशोर ही युक्तिसंगत प्रतीत होता है।

पन्द्रह वर्षके आस-पासका वय कैशोर कहलाता है। इसी कैशोर से श्रीभगवान् सदा सम्पन्न रहते हैं। यह कैशोर वय उनके नित्यधामके नित्यसुन्दर रूपका है। अवतार-समयमें वे इच्छानुसार अपनी मायासे अन्य वय भी ग्रहण कर लेते हैं। मन्दिरोंमें सर्वत्र विष्णु-मूर्ति को नवीन वय, नूतन वय, अपीच्य वय, नवयौवन अथवा कैशोरमें ही प्रदर्शित करनेका सनातन सम्प्रदाय है।

नित्यं सश्रीकः। ३८॥

भगवान्‌के श्रीविग्रहमें 'श्रीका निवास है। भगवान्‌की शक्ति ही का नाम श्री है। 'श्रयते हरिम् इति श्रीः।' श्री नित्य ही भगवदाश्रया हैं—

श्रियं देवीं मदाश्रयाम्।

(श्रीमद्भा० ८।४।२०)

श्रीका ही दूसरा नाम लक्ष्मी है, जैसा कि ऋग्वेदीय श्री-सूक्तके प्रथम मन्त्रोक्त—

चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीम्

इस वचनसे, और निम्नांकित भागवतवचनोंकी एकवाक्यता-से विदित है—

श्रिया विलोकिता देवाः सप्रजापतयः प्रजाः।
शीलादिगुणसम्पन्ना लेभिरे निर्वृतिं पराम्॥
निःसत्त्वा लोलुपा राजन् निरुद्योगा गतत्रपाः।
यदा चोपेक्षिता लक्ष्म्या बभूवुर्दैत्यदानवाः॥

(८।८ २८-२९)

भगवान् नारायण अनन्त शक्तियोंके आवास हैं और लक्ष्मी-जी उन समस्त शक्तियोंकी समुदाय-मूर्ति—समष्टि हैं। वे नारायणकी अनपायिनी शक्ति हैं, अतएव नारायणविग्रहके साथ लक्ष्मी-विग्रहका ध्यान कर्तव्य है। यदि दो शक्तियोंके साथ नारा-यणका ध्यान अभीष्ट हो तो श्री और लक्ष्मीके साथ करना चाहिये। उस दशामें चिच्छक्ति श्री हैं और आनन्दशक्ति लक्ष्मी हैं—

श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ।

(यजुर्वेद ३१। २२)

यदि तीन शक्तियोंके साथ नारायणका ध्यान अभीष्ट हो तो श्री, भू और लीलाके साथ करना चाहिये। भू सच्छक्ति हैं; 'भू सत्तायाम्।' और लीलाशब्द आनन्दका सूचक है। इस प्रकार सत्, चित् और आनन्द नामकी तीन शक्तियोंके साथ नारायणका ध्यान सम्पन्न होता है—

चतुर्भुजमुदारांगं श्यामं पद्मनिभेक्षणम्।
श्रीभूमिलीलासहितं चिन्तयेच्च सदा हृदि॥

(भारद्वाजसंहिता ३। ४८)

यदि चार शक्तियोंके साथ नारायण का ध्यान करना हो तो लक्ष्मी, कीर्त्ति, जया और माया के साथ करना चाहिये—

लक्ष्मी: कीर्त्तिर्जया माया देव्यस्तस्याश्रिताः सदा।

(जयाख्यसंहिता ६। ७७)

अथवा भगवतके—

पुष्ट्या श्रिया कीर्त्यजयाऽखिलर्द्धिभि-
र्निषेव्यमाणं परमेष्ठिनां पतिम्।

(१०। ८६। ५७)

इस श्लोकके अनुसार पुष्टि, श्री, कीर्ति और जयाके साथ करना चाहिये।

यदि सात शक्तियोंके साथ नारायणका ध्यान करना हो तो गीता के—

कीर्त्तिः श्रीर्वाक् च नारीणां
स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा

इस वचनके अनुसार कीर्त्ति, श्री, वाणी, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमाके साथ करना चाहिये।

यदि आठ शक्तियोंके साथ नारायणका ध्यान करना हो तो श्रीरुक्मिणी, सत्यभामा, जाम्बवती, सत्या, भद्रा, नाग्नजिती, कालिन्दी और मित्रविन्दाके साथ करना चाहिये।

यदि बारह शक्तियोंके साथ नारायणका ध्यान करना हो तो भागवतके—

श्रिया पुष्ट्या गिरा कान्त्या कीर्त्या तुष्ट्येलयोर्जया।
विद्ययाविद्यया शक्त्या मायया च निषेवितम्॥
(१०।३९।५५)

इस वचनके अनुसार श्री, पुष्टि, वाणी, कान्ति, कीर्त्ति, पुष्टि, इला, ऊर्जा, विद्या, अविद्या, शक्ति और मायाके साथ करना चाहिये।

यदि और भी अधिक शक्तियोंके साथ नारायणका ध्यान करना हो तो १६१०८ दिव्य मूर्त्तियोंकी भावना करनी चाहिये जो कि उपासनाकाण्डकी ऋचाओंकी अधिष्ठात्री चिहन्मयविग्रहा देवियाँ हैं। भगवच्छक्तियाँ भगवद्विग्रहमें ही लीन रहती हैं। उपासना-समयमें ऐसी भावना कर्त्तव्य है कि वे शक्तियाँ श्रीविग्रह से प्रकट हो रही हैं—

ततो भगवतो विष्णोर्भासा भास्वरविग्रहात्।
लक्ष्म्यादीर्निस्सृता ध्यायेत् स्फुलिंगनिचया यथा॥
(जयाख्यसंहिता १३।१५—६)

ये सब लक्ष्मीजीकी विलासमूर्त्तियाँ हैं। लक्ष्मीजी ही इन सबमें प्रधान हैं।

लक्ष्मीजी सुवर्णवर्णा, परमकान्तिमती और अतिशय सुन्दरी हैं। वे स्मितवदना, कमलानना और कमलदलनयना हैं। श्रीनारायणका-सा पीताम्बर उनको प्रिय है—

'समुद्रः पीतकौशेयवाससी समुपाहरत्।'

(श्रीमद्भा० ८। ८ १५)

वे चतुर्भुजा हैं। प्रथम करयुगलमें कमलयुगल लिये हुए हैं। द्वितीय दक्षिण पाणिसे अभय और वामपाणिसे वर दे रही हैं। किरीट, कुण्डल, केयूर, कटक, ग्रैवेय, हेमहार, कमलमाला, काञ्ची, नूपुर आदि विभूषणोंसे विभूषिता हैं। कमलासनपर विराजमान हैं और स्यन्दन उनका प्रिय यान है। वे दयामयी, उदार, यशस्विनी, देवजुष्टा, सर्वलोकेश्वरी, दुराधर्षा और त्रिभुवन-वैभवकारिणी हैं। माधवी, माधवप्रिया, हरिवल्लभा, विष्णुपत्नी विष्णुप्रियसखी, रमा, इन्दिरा, आदि श्रीलक्ष्मी देवीके नामान्तर हैं। धन-धान्य, गाय-घोड़े, पुत्र-कलत्र, बन्धु-बान्धव, दास-दासी, आरोग्य और शतायुष्ट्वप्रभृति सकल कामनाओंको पूर्ण करनेवाली हैं, एवं अपने वात्सल्यमय पतितपावन अवलोकनसे चरणाश्रितोंको नारायणके पदपद्मोंकी आराधना में अग्रसर करनेवाली हैं। श्रीसम्प्रदायकी आद्य प्रवर्त्तिका हैं।

तदभिन्नेयम्॥ ३९॥

शक्ति और शक्तिमान्का अभेद है, अतएव श्री और विष्णु एक ही हैं। विष्णुसे श्री भिन्न नहीं हैं। वे भगवान्से कभी वियुक्त नहीं हैं—

अनपायिनी भगवती श्रीः साक्षादात्मनो हरेः।

(श्रीमद्भा० १२। ११। २०)

विष्णु सर्वव्यापक हैं और उनकी शक्ति जगन्माता श्री भी सर्वव्यापिका हैं—

नित्यैव सा जगन्माता विष्णोः श्रीरनपायिनी ।
यथा सर्वगतो विष्णुस्तथैवेयं द्विजोत्तम ॥

(विष्णुपुराण)

त्वयैतद् विष्णुना चाम्ब जगद् व्याप्तं चराचरम् ।

(अग्निपुराण २३७ । १०)

अवतार-रूपमें भी श्री भगवान्‌की सहायिका होती हैं । रामरूपमें वही सीता हैं और कृष्णरूपमें वही रुक्मिणी हैं । जब भगवान् देवताओंमें अवतीर्ण होते हैं, तब श्री भी देवीरूप धारण कर लेती हैं और जब भगवान् मनुष्यलोकमें मानवाकृति धारण करते हैं तब श्री भी मानवाकृतिमती बन जाती हैं—

एवं यदा जगत्स्वामी देवदेवो जनार्दनः ।
अवतारं करोत्येष तदा श्रीस्तत्सहायिनी ॥
राघवत्वेऽभवत्सीता रुक्मिणी कृष्णजन्मनि ।

(विष्णुपुराण १ । ९ । १४२-१४४)

'सीता लक्ष्मीर्भवान् विष्णुः ।'

(रामायण ६ । ११७ । २९)

रूपिणी यस्य पार्श्वस्था सीतेति प्रथिता जनैः ।

(हरिवंश, हरिवंशपर्व, १४१, १२९)

रूक्मिणी नाम ते कन्या न सा प्राकृत-मानुषी ।

(हरिवंश, विष्णुपर्व ५१,३१)

श्री और श्रीमान् अभिन्न और एकतत्त्व होनेपर भी भक्तानुग्रहविग्रह रूपमें भिन्नवत् प्रतीत होते हैं । लक्ष्मीनारायण, सीताराम, राधाकृष्ण आदि रूप परतत्त्वके ही लीलानिमित्तक दो-दो रूप हैं, किन्तु युगल रूपमें अनन्यता है—

अनन्या हि मया सीता भास्करेण यथा प्रभा ।

(रामायण ६ । ११८ । २०)

प्रभा एवं प्रभा-घन सूर्य जिस प्रकार अनन्य और अभिन्न हैं उसी प्रकार लक्ष्मी और नारायण अनन्य और अभिन्न हैं ।

जिस प्रकार तरङ्गराशि समुद्रसे अनन्य और अभिन्न है, उसी प्रकार लक्ष्मीजी नारायण से अनन्य और अभिन्न हैं—

सूर्यस्य रश्मयो यद्वदूर्मयश्चाम्बुधेरिव ।
सर्वैश्वर्यप्रभावेण कमला श्रीपतेस्तथा ।।

(जयाख्यसंहिता ६ । ७८)

ज्योत्स्नाका निवास जिस प्रकार राकेशमें है, उसी प्रकार श्रीका निवास योगियोंके ध्यानास्पद भगवद्वपुमें ही है—

का त्वन्या त्वामृते देवि सर्वयज्ञमयं वपुः ।
अध्यास्ते देवदेवस्य योगिचिन्त्यं गदाभृतः ।।

(अग्निपुराण २३७ । ६)

भगवान्के दिव्य वपुमें भी वक्षःस्थल ही श्रीकी आवासभूमि है ।

तस्याः श्रियस्त्रिजगतो जनको जनन्या
वक्षो निवासमकरोत् परमं विभूतेः ।

(श्रीमद्भा० ८ । ८ । २५)

श्यामे पृथावुरसि शोभितया श्रिया

(श्रीमद्भा० ३ । १५ । ३९)

जब श्री और विष्णु विभिन्न रूपोंमें व्यक्त होते हैं तब श्री वात्सल्य-मूर्ति अम्बा हैं और विष्णु जगत्-पिता हैं—

त्वमम्बा सर्वभूतानां देवदेवो हरिः पिता ।

(अग्निपुराण २३७ । १०)

श्री नहीं हैं भिन्न तुमसे नाथ, तुम ही हो रमा ।
इस रूपमें जगके पिता, उस रूपमें हो विश्व-मा ।।
तुम बसो मेरे हृदयमें देव, यह वर-दान दो ।
मेरे विनत सिरपर प्रभो, हे नाथ, अपना हाथ दो ।।

———

तृतीय अध्याय

नित्यविभूति और लीलाविभूति

परिकर-परिच्छद-परीवारा नित्यविभूतौ ॥ ४० ॥

श्रीभगवान्‌के परिकर, परिच्छद और परिवारका उल्लेख शास्त्रोंमें मिलता है। परिकरसे तात्पर्य है उस दिव्य आसन अथवा सिंहासनका, जिसपर श्रीभगवान् विराजमान हैं। उपनिषद्‌में इसे अमितौजा नामक पर्यङ्क कहा गया है। परिकरका अर्थ पर्यङ्क है—

परिकरः पर्यंकपरिवारयोः।

(अमरकोष)

श्रीमद्‌भागवतमें लिखा है कि परतत्त्व भगवान् नारायण अपने जगद्वन्द्य सिंहासनपर विराजते हैं—

अध्यर्हणीयासनमास्थितं परम्।

(२।९।१६)

अनन्त शेषजी भी श्रीभगवान् की विश्राम-शय्या हैं—

मृणालगौरायतशेषभोगपर्यंक एकं पुरुषं।

(श्रीमद्‌भा० ३।८।२३)

अतः शेष भी उनके परिकर हैं।

ये शेषशायी भगवान् क्षीरसागरमें निवास करते हैं—

स्वभूः स्वयम्भूः प्रथमो महत्यर्णवे।

(यजुर्वेद २३।६३)

इन्हीं मधुरमूर्ति देवाधिदेवके नाभिह्लदसे विश्वविलासका आद्य कमल विकसित हुआ था—

अजस्य नाभावध्येकमर्पितं
यस्मिन् विश्वा भुवनानि तस्थुः।

(ऋग्वेद १०।८२।६ तथा यजुर्वेद १७।३०)

श्रुतिके इस मन्त्रको स्मृति इस प्रकार कहती है—

अजस्य नाभावध्येकं यस्मिन् विश्वं प्रतिष्ठितम् ।
पुष्करं पुष्कराक्षस्य तस्मै पद्मात्मने नमः ॥
(महाभारत शान्तिपर्व ४७ । ५८)

इसी कमलपर परब्रह्म नारायणने सर्वप्रथम ब्रह्माजी को उत्पन्न किया था—

(अ) ब्रह्म ह ब्रह्माणं पुष्करे ससर्ज ।
(गोपथब्राह्मण, पूर्वभाग, प्रथम प्रपाठक. मन्त्र १६)

(अ) यन्नाभिजातादरविन्दकोशाद्
ब्रह्माऽऽविरासीद् यत एष लोकः ।
(श्रीमद्भा० १० । ४० । १)

वसनालङ्कारको परिच्छद कहते हैं । श्रीभगवान्को पीताम्बर प्रिय है । किरीट, कुण्डल, केयूर, कङ्कण, कौस्तुभ, काञ्ची, हार, वनमाला, वैजयन्तो, नूपुर आदि उनके परिच्छद हैं ।

किरीट कुण्डल, हार और कौस्तुभका निर्देश इस प्रकार है—

विद्युत्क्षिपन्मकरकुण्डलमण्डनार्ह-
गण्डस्थलोन्नसमुखं मणिमत्किरीटम् ।
दोर्दण्डखण्डविवरे हरता परार्ध्य-
हारेण कन्धरगतेन च कौस्तुभेन ॥
(श्रीमद्भा० ३ । १५ । ४१)

काञ्ची, कङ्कण, पीताम्बर और वनमाला का निर्देश—

पीतांशुके पृथुनितम्बिनि विस्फुरन्त्या
काञ्च्यालिभिर्विरुतया वनमालया च ।
वल्गुप्रकोष्ठवलयं विनतासुतांसे
विन्यस्तहस्तमितरेण धुनानमब्जम् ॥
(श्रीमद्भा० ३ । १५ । ४०)

सब ऋतुओंके कुसुमोंसे सुसज्जित, मध्य में कदम्ब-पुष्पसे विलसित, चरणपर्यन्त आने वाली माला को वनमाला कहते हैं—

आपादलम्बिनी माला सर्वर्तुकुसुमोज्ज्वला ।
मध्ये स्थूलकदम्बाढ्या वनमालेति कीर्त्तिता ।।

नूपुर और अंगुलीयकका निर्देश—

विभूषितं मेखलयांगुलीयकै-
र्महाधनैर्नूपुरकंकणादिभिः ।

(श्रीमद्भा० २ । २ । ११)

केयूरका निर्देश—

स्फुरत्किरीटकेयूरहारकौस्तुभभूषण । ('जितन्ते' स्तोत्र)

मुक्ता, माणिक्य, मरकत, हीरक और इन्द्रनीलमणि—इन पाँचों रत्नोंसे बनी हुई आजानुलम्बिनी माला वैजयन्ती कहलाती है ।

किरीटादिकी पुरुषाकृतिमत्ताका निर्देश सात्त्वतसंहिता आदि पाञ्चरात्रग्रन्थों में किया गया है । वे श्रीविग्रहपर अलंकाररूपमें एवं श्रीविग्रहसे पृथक् होकर परिवाररूपमें रहते हैं ।

परिवारका अर्थ है आस-पास रहनेवाले । किरीटादिके अतिरिक्त पाञ्चजन्य, सुदर्शन, कौमोदकी, कमल, शार्ङ्ग, नन्दक आदि श्रीभगवान्के परिवार हैं । शङ्खादिका निर्देश श्रुति इस प्रकार कर रही है—

यत्र तद् विष्णुर्महीयते नराणामधिपतिः, यत्र शंखचक्रगदाधरस्मरणं मुक्तिश्च तत्र माममृत कृधि ।

(ऋक्परिशिष्ट ७ । ५ । २८)

ये सभी आयुध मूर्तिमान् होकर भगवान्की परिचर्यामें निरत रहते हैं—

चक्रादिभिर्मूर्त्तिधरैर्निजायुधै.........
निषेव्यमाणं परमेष्ठिनां पतिम्

(श्रीमद्भा० १० । ८९ । ५७)

ये दिव्य आयुध ज्ञानमय हैं, सच्चिदानन्दरूप हैं जैसा कि निम्नाङ्कित वचनोंसे सूचित है—

(अ) कृतांजलिं ब्रह्ममयेन कम्बुना
पस्पर्श बालं कृपया कपोले ।

(श्रीमद्भा० ४ । ९ । ४)

(आ) खड्गाय विद्यामयविग्रहाय ते
सुमङ्गलंमस्तु ते विभो ।

(विष्णुचित्तकृत सुमङ्गलस्तोत्र)

गरुड़जी श्रीभगवान्के प्रिय वाहन हैं—

विष्णोः क्रमोसि । (यजुर्वेद १२ । ५)

और श्रुति इनका निर्देश इस प्रकार कर रही है :

सुपर्णोऽसि गरुमांस्त्रिवृत्ते शिरो गायत्रं चक्षुर्बृहद्रथन्तरे पक्षौ । स्तोम आत्मा छन्दांस्यङ्गानि यजूंषि नाम । साम ते तनूर्वामदेवं यज्ञायज्ञियं पुच्छं धिष्ण्याः शफाः ।

(यजुर्वेद १२ । ४)

इन वचनोंमें गरुड़जीके गात्रकी वेदमयता प्रतिपादित है। तैत्तिरीय आरण्यकमें इनकी आराधनाके लिये इनकी गायत्री इस प्रकार दी गई है—

तत्पुरुषाय विद्महे । सुपर्णपक्षाय धीमहि । तन्नो गरुडः प्रचोदयात् ॥

(१० । १)

विनताके यहाँ इनका अवतार हुआ था, अतएव ये वैनतेय

कहलाते हैं। इनको सोमरस समर्पित करते हुए कहा जाता है—

वैनतेय सोमं पिब। (श्रीसूक्त)

इनका दूसरा नाम तार्क्ष्य भी है। इस नामसे इनकी स्तुतिका श्रुतिमें इस प्रकार निर्देश है—

मनसा च तार्क्ष्यं प्रयतपणि:
शरणं प्रपद्ये स्वस्ति संबाधेष्वभयं नो अस्तु।

(ऋक्परिशिष्ट ४। ३। ७)

गजेन्द्रके उद्धारके लिए श्रीभगवान् गरुड़जीपर हो बैठकर गये थे—

छन्दोमयेन गरुडेन समुह्यमान-
श्चक्रायुधोऽभ्यगमदाशु यतो गजेन्द्रः।

(श्रीमद्भाग ८। ३।३१)

श्रीभगवान्का दूसरा वाहन रथ है, जिसके अश्वप्रवर हैं शैव्य, सुग्रीव, मेघपुष्प और बलाहक—

तत्राश्वाः शैव्यसुग्रीवमेघपुष्पबलाहकाः।

(श्रीमद्भा० १०।। ४९)

—और सारथी हैं दारुक।

इनके भी भगवदिच्छासे अवतार होते हैं। श्रीकृष्णबलराम-जीके लिए दो रथ दिव्यधामसे मथुरा में आये थे—

एवं ध्यायति गोविन्द आकाशात् सूर्यवर्चसौ।
रथावुपस्थितौ सद्यः ससूतौ सपरिच्छदौ॥

(श्रीमद्भा० १०। ५०। ११)

इन्हींमेंसे एक दिव्य रथपर विराजमान होकर श्रीकृष्ण-भगवान् अर्जुनको साथ लेकर श्रीभूमापुरुषके लोकमें गये थे—

इति सम्भाष्य भगवानर्जुनेन सहेश्वरः ।
दिव्यं स्वरथमास्थाय प्रतीचीं दिशमाविशत् ॥

(श्रीमद्भा० १० । ८९ । ४७)

पुनः यह रथ द्वारकासे दिव्यधाम को ही चला गया था—

इति ब्रुवति सते वै रथो गरुडलाञ्छनः ।
खमुत्पपात राजेन्द्र साश्वध्वज उदीक्षतः ॥
तमन्वगच्छन् दिव्यानि विष्णुप्रहरणानि च ।

(श्रीमद्भा० ११ ३० ४४-४५)

परिवारमें पार्षद भी हैं । इनकी संख्या सोलह है, जैसा कि श्रीमद्भागवतके—

प्रतीच्यां दिश्यभूदाविः शंखचक्रगदाधरः ।
आत्मतुल्यैः षोडशभिर्विना श्रीवत्सकौस्तुभौ ।
पर्युपासितमुन्निद्रशरदम्बुरुहेक्षणम् ॥

(६ । १ २८-२१)

इस वचन से विदित होता है । इन पार्षदोंका आकार भगवत्तुल्य है । अन्तर केवल श्रीवत्स और कौस्तुभका है । ये दोनों चिह्न श्रीभगवान्के ही होते हैं, पार्षदोंके नहीं । इनके नाम ये हैं—

विष्वक्सेन, जय, विजय, बल, प्रबल, नन्द, सुनन्द, भद्र, सुभद्र, चण्ड, प्रचण्ड, कुमुदाक्ष, शील, सुशील और सुषेण ।

ये सब नित्यमुक्त हैं । इनका पारिभाषिक नाम सूरि है । श्रुतिमें इनका निर्देश इस प्रकार है—

तद् विष्णोः परमं पदम् ।
सदा पश्यन्ति सूरयः ।

दिवीव चक्षुराततम् ॥

(अथर्ववेद ७ । २६ । ७)

इनके अतिरिक्त सभी मुक्तात्माएँ जगत्‌के माता-पिता श्रीलक्ष्मीनारायण भगवान्‌के परिवार हैं ।

परमपद-परमव्योम-वैकुण्ठादिपद्वाच्या ॥ ४१ ॥

नित्यविभूति, परम व्योम, त्रिपाद्विभूति, महाविभूति, सनातन आकाश, दिव्य स्थान, परम स्थान, पर स्थान, परा गति, अनामय पद, शाश्वत पद, ब्रह्मलोक, ब्रह्मपुर, वैकुण्ठ ये सब परमपदके पर्याय हैं ।

अकृता नित्यत्वात् ॥ ४२ ॥

परमपद अनादि है क्योंकि वह कभी बनता नहीं है । नित्य होने के कारण उसके उदय और अस्त नहीं होते । वह नित्योदित है । छान्दोग्य उपनिषद्‌ने स्पष्ट ही उसे अकृत (अ=नहीं+कृत= रचित) बताया है—

धूत्वा शरीरमकृतं कृतात्मा ।
ब्रह्मलोकमभिसम्भवामि ॥

(८ । १३ । १)

अप्राकृती स्वयम्प्रकाशा च ॥ ४३ ॥

परमपद त्रिगुणात्मिका जड प्रकृतिका बना हुआ नहीं है । वह तो चेतन है, स्वयंप्रकाश है । वह शुद्ध सत्ता वा शुद्ध सत्त्व है । वह सत्त्व रजोगुण और तमोगुणका सहवर्त्ती यह सत्वगुण नहीं है, प्रत्युत इससे विलक्षण है । प्राकृत सत्त्व जड सत्ता है और अप्राकृत सत्त्व अजड सत्ता है । जड पदार्थ परतःप्रकाश होता है और अजड स्वयंप्रकाश । परमपद अथवा नित्यविभूति

स्वयंप्रकाश सत्ता है—

स्वसत्ताभासकं सत्त्वं गुणसत्त्वाद् विलक्षणम्।

अतएव उसकी ज्ञानादि-षड्गुणविलासमयता स्वयंसिद्ध है। ब्रह्मतन्त्र में इस रहस्यको इन शब्दों में प्रकट किया गया है—

लोकं वैकुण्ठनामानं दिव्यं षाड्गुण्यसंयुतम्।
अवैष्णवानामप्राप्यं गुणत्रयविवर्जितम् ॥

ऋग्वेदके 'क्षयन्तमस्य रजसः पराके (७।१००।५) में रजस् शब्दका अर्थ त्रिगुणमयी प्रकृति है, क्योंकि सत्त्व और तमस्के बिना केवल रजोगुण नहीं रह सकता। तीन गुणवाली इस प्रकृतिके मण्डल से परे दिव्य धाम है और वहीं श्रीभगवान् निवास करते हैं।

श्रीभगवान्की वासभूमि होनेके कारण दिव्य धामका यद्यपि व्यतिरेक-विभक्ति से शास्त्र में निर्देश है यथा—

तद् विष्णोः परमं पदम्।

तथापि वह भगवान्के ही स्वरूपमें अन्तर्निहित है। नित्यविभूति भगवान्की अपनी ही महिमा है, जैसा कि छान्दोग्य का वचन है—

स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठितः?
स्वे महिम्नि।

इसी प्रकार ब्रह्मतन्त्र में कहा गया है—

स्वे महिम्नि स्थितं देवं निर्विकारं निरंजनम्।

श्रीमद्भगवतमें भगवल्लोकको ब्रह्म ही बताया है—

इति सञ्चिन्त्य भगवान् महाकारुणिको हरिः।
दर्शयामास लोकं स्वं गोपानां तमसः परम् ॥

सत्यं ज्ञानमनन्तं यद् ब्रह्मज्योतिः सनातनम् ।
यद्धि पश्यन्ति मुनयो गुणापाये समाहिताः ।।
(१० । २८ । १४-१५)

तत्सिद्धिः श्रुतेः स्मृतेश्च ॥ ४४ ॥

नित्यविभूतिके सद्भावमें श्रुति और स्मृतिके वचन प्रमाण हैं। नीचे कुछ वचन दिग्दर्शनार्थ दिये जाते हैं—

परमपद—

(अ) तद्विष्णोः परमं पदम् ।
सदा पश्यन्ति सूरयः ।।

(यजुर्वेद ६ । ५)

अर्थात् भक्तजन श्रीविष्णुभगवान् के उस परमपदका सदा दर्शन करते हैं।

(आ) विष्णोः पदे परमे मध्व उत्सः ।

(ऋग्वेद १ । १५४ । ५)

अर्थात् श्रीविष्णुभगवान् के परमपदमें माधुरीका निर्झर है।

(इ) परमं पदमवभाति भूरि ।

(ऋग्वेद १ । १५४ । ६)

अर्थात् वह परमपद अत्यन्त प्रकाशमान है।

(ई) कार्याणां कारणं पूर्वं वचसां वाच्यमुत्तमम् ।
योगिनां परिमां सिद्धिं परमं ते पदं विदुः ।। (ब्रह्मतन्त्र)

अर्थात् परमपद समस्त कार्योंके भी पूर्व विराजमान कारण है, सब वाणियोंका सर्वोत्तम वाच्य है और योगियोंकी परमा सिद्धि है।

(उ) सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम् ।
(कठोपनिषद् १ । ३ । ६)

अर्थात् विज्ञान-सारथि साधक श्रीविष्णुके उस परमपदक प्राप्त करता है ।

परमव्योम—

(अ) स्थिताय परमे व्योम्नि भूयो भूयो नमो नमः ।

(ब्रह्मतन्त्र)

अर्थात् मैं परम व्योम में विराजमान श्रीभगवान्‌को बार-बार प्रणाम करता हूँ ।

(आ) यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन् ।
सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता ॥

(तैत्तिरीय २ । १ । १)

अर्थात् जो परमव्योमनिवासी परमात्माको जान लेता है, वह उनके साथ उन्हींके-से कल्याणगुणोंको प्राप्त करता है ।

त्रिपाद्—

त्रिपादस्याममृतं दिवि (सामवेद, मन्त्र ६१९)

अर्थात् श्रीभगवान्‌की एकपाद्-विभूति यहाँ है और त्रिपाद्-विभूति उस प्रकाशमान लोकमें है ।

महाविभूति –

महाविभूतिसंस्थाय नमस्ते पुरुषोत्तम ।

(ब्रह्मतन्त्र)

अर्थात् हे पुरुषोत्तम, महाविभूतिमें निवास करनेवाले आपको मैं प्रणाम करता हूँ ।

सनातन आकाश—

तच्चाकाशं सनातनम् । (रामायण)

अर्थात् वह पद सनातन आकाश है ।

दिव्यस्थान—

दिव्यं स्थानमजरं, चाप्रमेयं
दुर्विज्ञेयं चागमैर्गम्यमाद्यम् ।

(महाभारत)

अर्थात् वह दिव्य स्थान आद्य, अजर और अप्रमेय है. अन्य उपायोंसे दुर्विज्ञेय है किन्तु आगम अर्थात् पाञ्चरात्र संहिताओंद्वारा ज्ञेय है ।

परमस्थान—

एकान्तिनः सदा ब्रह्मध्यायिनो योगिनो हि ये ।
तेषां तत् परमं स्थानं यद् वै पश्यन्ति सूरयः ।।

(विष्णुपुराण)

अर्थात् ब्रह्मचिन्तक, योगाभ्यासी और एकान्तभावसे भगवदुं-पासक उसी परमस्थानको प्राप्त होते हैं, जिसका दर्शन नित्यमुक्त सूरि निरन्तर करते रहते हैं ।

परस्थान—

(अ) ब्रह्मणः सदनादूर्ध्वं परं स्थानं प्रचक्षते ।
देवा पि यन्न पश्यन्ति सर्वतेजोमयं शुभम् ।।
अत्यर्कानलदीप्तं तत् स्थानं विष्णोर्महात्मनः ।
स्थानमेतन्महाभाग ध्रुवमक्षयमव्ययम् ।।

(महाभारत, वनपर्व)

अर्थात् ब्रह्माजीके सत्यलोकसे भी परे परस्थान है जिसके दर्शन में देवगण भी असमर्थ हैं । वह पवित्र, सूर्य और अग्निसे भी अधिक प्रकाशमान, निश्चल, अक्षय और अव्यय स्थान परमात्मा श्री विष्णुका धाम है ।

(आ) योगी परं स्थानमुपैति चाद्यम् । (गीता ८ । २८)

अर्थात् योगी पुरुष आद्य परस्थानको प्राप्त करता है ।

परमा गति—

स याति परमां गतिम् । (गीता ८ । १३)

परा गति—

ततो याति परां गतिम् । (गीता ६ । ४५)

अर्थात् योगी अन्तमें परा गति को जाता है ।

अनामय पद—

पदं गच्छन्त्यनामयम् । (गीता २ । ५१)

अर्थात् मुक्तात्माएँ अनामय पदको जाती हैं ।

(गीता १८ । ५६)

शाश्वत पद—

मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम् ।

अर्थात् भगवत्कृपासे भक्त जीव शाश्वत, अव्यय पद पाता है ।

ब्रह्मलोक—

तेषामसौ विरजो ब्रह्मलोक: । (प्रश्नोपनिषद् १ । १६)

अर्थात् तपस्वी, ब्रह्मचर्यव्रती, सत्यनिष्ठ, निश्छल, निष्प्रपञ्च जीव ब्रह्मलोकके अधिकारी हैं । इस ब्रह्मलोकके तरुनर-सरोवरादि-विलसित पुरी, सभा और वेश्मके वर्णनमें निम्नाङ्कित वचन मननीय हैं—

(अ) तदश्वत्थ: सोमसवन: । (छन्दोग्य ८ । ५ । ३)
(आ) इल्यो वृक्ष: (कौषीतकी)
(इ) ऐरंमदीयं सर: (छन्दोग्य ८ । ५ । ३)
(ई) तदपराजिता पूर्ब्रह्मण: । (८ । ५ । ३)
(उ) प्रजापते: सभाम् । (८ । १४ । १)
(ऊ) वेश्म प्रपद्ये । (८ । १४ । १)

ब्रह्मपुर—

दिव्ये ब्रह्मपुरे ह्य षः (मुण्डक २ । २ । ७)

अर्थात् यह परमात्मा दिव्य ब्रह्मपुरमें है ।

वैकुण्ठ—

(अ) त एकदा भगवतो वैकुण्ठस्यामलात्मनः ।
ययुर्वैकुण्ठनिलयं सर्वलोकनमस्कृतम् ।।
यत्र चाद्यः पुमानास्ते भगवाञ्शब्दगोचरः ।

(श्रीमद्भा० ३ । १५ । १३ । १५)

अर्थात् ब्रह्माजीके मानस पुत्र सनकादि एक दिन निखिलहेय-प्रत्यनीक श्रीभगवान् वैकुण्ठके सर्वलोकनमस्कृत वैकुण्ठधामको गये, जहाँ श्रुतिप्रतिपाद्य आद्यपुरुष श्रीविष्णु विराजमान रहते हैं ।

(आ) ततो निराशो दुर्वासाः पदं भगवतो ययौ ।
वैकुण्ठाख्यं यदध्यास्ते श्रीनिवासः श्रिया सह ।।

(श्रीमद्भा० ९ । ४ । ६०)

अर्थात् (महाराज अम्बरीषके रक्षणमें दत्तचित्त सुदर्शन-चक्रके त्राससे भयभीत दुर्वासाको जब कहीं आश्वासन न मिला) तब वे निराश होकर श्रीभगवान्के वैकुण्ठनामक परमपदमें पहुँचे, जहाँ विष्णुभगवान् लक्ष्मीजीके साथ निवास करते हैं ।

(इ) ततो वैकुण्ठमगमद् भास्वरं तमसः परम् ।।
यत्र नारायणः साक्षान्न्यासिनां परमा गतिः ।
शान्तानां न्यस्तदण्डानां यतो नावर्तते गतः ।।

(श्रीमद्भा० १० । ८८ । २५-२६)

अर्थात् (अपने ही वरदानसे बढ़े हुए वृकासुरसे संत्रस्त होकर देवाधिदेव शिवजी आत्मरक्षाके विषय में निराश होकर) वैकुण्ठ-धाममें गये, जो बड़ा प्रकाशमान है, प्रकृतिसे परे है, जहाँ

शान्तचित्त, न्यस्तदण्ड संन्यासियोंकी परमगति श्रीमन्नारायण निवास करते हैं और जहाँसे कर्मवश पुनरावृत्ति नहीं हुआ करती ।

व्यूहा लीलाविभूतौ ॥ ४५ ॥

परब्रह्म परमात्मा प्रकृतिसे परे है, मानव-मनोभूमिसे अतीत है । किन्तु इससे यह नहीं समझना चाहिये कि वह प्रकृतिसे परे-ही-परे है, प्रकृतिमें नहीं । परमात्मा प्रकृतिसे परे भी है और प्रकृतिमें भी है । त्रिपाद्‌रूपसे वह प्रकृतिसे परे है और एकपाद्-रूपसे प्रकृतिमें है । इस प्रकार परमात्मा की दो विभूतियाँ हैं । एक तो त्रिपाद्‌विभूति और दूसरी एकपाद्‌विभूति । त्रिपाद्वि-भूतिको नित्यविभूति कहते हैं और एकपाद्विभूतिको लीला-विभूति । इस एकपाद्विभूतिमें श्रीभगवान् जगत्‌के उदय, विभव और लयकी लीला किया करते हैं । आत्माराम, आप्तकाम परमात्माका प्रकृतिके साथ यह विहार चिरन्तन है, अनादि, अनन्त है । इस विहार-स्थलोके देशकालका ज्ञान मानव-मनीषामें नहीं समाता अर्थात् मनुष्य यह नहीं जान सकता कि भगवान् जिस प्रकृति-नटीके साथ अपना महारास कर रहे हैं, उसका परिमाण केवल इतना है, क्योंकि प्रकृतिके असंख्य ब्रह्माण्ड-भाण्डोंको अहर्निश बनाने-बिगाड़नेके अनवरत कार्यको समग्ररूपमें जाननेकी शक्ति किसी व्यक्तिके मस्तिष्कमें नही है । इसी प्रकार कोई यह भी नहीं जान सकता है कि प्रकृतिके साथ भगवान्‌का यह विहार कब प्रारम्भ हुआ और कबतक चलेगा । मनुष्य केवल यह कहकर शान्त हो जाता है कि यह विहार अनादिकालसे चला आ रहा है और अनन्त कालतक चलता रहेगा ।

इस जगत्‌की तीन अवस्थाएँ हैं—सृष्टि, स्थिति और प्रलय ।

जड़ प्रकृतिमें परमात्माके ईक्षणसे- -संकल्पसे—कभी तो विकारोन्मुख परिणाम हुआ करता है जिसे 'सृष्टि' कहते हैं और कभी विनाशोन्मुख, जिसे 'प्रलय' कहते हैं। सृष्टि और प्रलयकी मध्यम दशाका नाम 'स्थिति' है। जब परमात्मा स्व-विभूतिरूप श्रीब्रह्मदेव के माध्यमसे जगत्की रचना करते हैं तब वे 'प्रद्युम्न' कहलाते हैं, जब स्वविभूति-रूप मनु और प्रजापतियों के माध्यम से पालन करते हैं तब 'अनिरुद्ध' कहलाते हैं। और जब स्वविभूति-रूप श्रीरुद्रदेव के माध्यम से संहार करते हैं तब 'संकर्षण' कहलाते हैं। इन रूपोंका नाम व्यूह है।

ज्ञानबलाभ्यां सङ्कर्षणः ॥ ४६ ॥

श्रीपरतत्त्व भगवान्के यद्यपि अनन्त कल्याणगुण हैं, तथापि उनमेंसे छः मुख्य हैं। उन्हीं छः गुणोंमेंसे जब वे ज्ञान और बलका प्रकाशन करते हैं तब उनका नाम सङ्कर्षण होता है। सङ्कर्षणमें अन्य चार गुणोंका अर्थात् वीर्य, ऐश्वर्य, शक्ति और तेजका निगूहन होता है, अभाव नहीं। इनका वर्ण पद्मरागके समान है। ये नीलाम्बरधारी हैं। चारों करकमलोंमें हल, मूसल, गदा और अभयमुद्रा धारण करते हैं। ताल इनकी ध्वजाका लक्षण है। ये जीवके अधिष्ठाता बनते हुए ज्ञान-गुणसे शास्त्रका प्रवर्त्तन करते हैं और बल-नामक गुणसे जगत्का संहार।

वीर्यैश्वर्याभ्यां प्रद्युम्नः ॥ ४७ ॥

जब वे ही भगवान् वीर्य और ऐश्वर्यका प्रकाशन करते हैं, तब उनका नाम प्रद्युम्न होता है। इनमें ज्ञान, बल, शक्ति और तेजका केवल निगूहन होता है, अभाव नहीं। इनका वर्ण रवि-किरणके समान है। ये रक्ताम्बरधारी हैं। चारों करकमलोंमें धनुष, बाण, शङ्ख और अभयमुद्रा धारण करते हैं। मकर इनकी

ध्वजाका चिह्न है। मनस्तत्त्वके अधिष्ठाता होते हुए ये वीर्य नामक गुणसे धर्मका प्रवर्त्तन करते हैं और ऐश्वर्यनामक गुणसे जगत्‌की सृष्टि।

शक्ति-तेजोभ्यामनिरुद्धः ॥ ४८ ॥

जब परब्रह्म परमात्मा शक्ति और तेजका प्रकाशन करते हैं, तब उनका नाम अनिरुद्ध होता है। इनमें ज्ञान, बल, वीर्य और ऐश्वर्यका निगूहन होता है, अभाव नहीं। इनका वर्ण नील है। ये शुक्लाम्बरधारी हैं। चारों करकमलोंमें खड्ग, खेट, शङ्ख और अभयमुद्रा धारण करते हैं। मृग इनकी ध्वजाका चिह्न है। अहङ्कारके अधिष्ठाता होते हुए तेज नामक गुणसे आत्मतत्त्वका प्रवर्तन करते हैं और शक्ति-नामक गुणसे जगत्‌का भरण-पोषण।

उपर्युक्त विवेचनका सारांश यह है कि एकपाद्विभूति-में लीलानिमित्त धारण किये हुए परमात्माके अनेक रूप व्यूह कहलाते हैं।

लीला-विभूति क्या है ? नीलगगनमें चतुर्दिक् परिसृत तारावलीका नियम-पूर्वक निरन्तर उदय, विभव और विलय भगवान्‌की लीला-विभूति है। इन ताराओंमें अनन्त सूर्य हैं, जिनकी परिक्रमा उनके ग्रहोपग्रह किया करते हैं। यह पृथ्वी भी अपने सूर्यकी परिक्रमामें नित्य निरत है। अपने ऊपर उत्तुङ्ग तरङ्गोंवाले समुद्रोंको और गगनचुम्बी शिखरोंवाले पर्वतोंको लेकर बड़े वेगसे सूर्यके चारों ओर घूमती हुई भी यह पृथ्वी अचला-सी प्रतीत हो रही है। ऐसी-ऐसी न जाने कितने पृथिवियाँ इस नील गगनमें विराजमान हैं। न जाने कितने ब्रह्माण्ड यहाँ बनते-बिगड़ते रहते हैं। मानवद्वारा वे असंख्य हैं। एक-एक ब्रह्माण्डमें फिर अनेकानेक लोक। कितनी रहस्यमयी है यह भगवल्लीला। परमात्माकी अध्यक्षतामें त्रिगुणमयी प्रकृति विकसित होने लगती है तो क्रमशः उस अव्यक्तसे महत्तत्त्व उत्पन्न

होता है। उससे सात्त्विक, राजस और तामस तीन प्रकारका अहङ्कार होता है। सात्त्विक अहङ्कारका दूसरा नाम वैकारिक होता है; इससे ग्यारह इन्द्रियाँ होती हैं। राजसाहंकारका दूसरा नाम है तैजस; यह सात्त्विकाहंकारका भी सहयोगी होता है और तामसाहंकारका भी। तामसाहंकारका दूसरा नाम है भूतादि; इसीसे तन्मात्राएँ और पञ्चमहाभूत उत्पन्न होते हैं, जिनका क्रम इस प्रकार है—

तामसाहंकार
|
शब्दतन्मात्रा
|
आकाश
|
स्पर्शतन्मात्रा
|
वायु
|
रूपतन्मात्रा
|
तेज
|
रसतन्मात्रा
|
अप्
|
गन्धतन्मात्रा
|
पृथ्वी

पञ्चोकृत महाभूतोसे गिरिनदीनिर्झरादि-शोभाशालिनी धरा-का निर्माण हुआ है और चौरासी लाख प्रकारके शरीर भी पाञ्चभौतिक हैं, जिनमें सुख-दुःख-मोहकी अवस्थाएं अदलती-बदलती रहा करती हैं।

वसन्त-वायुका विलास, कुसुमवती लताओंसे समालिङ्गित तरुराजियाँ, खगकुलके कलरवसे सुरम्य उद्यान, देवमातृक शस्यश्यामल क्षेत्र, सुस्वादुतोया सरिताएँ, सैकत-तटपर स्नान-ध्यान, कलापूर्ण मन्दिरोंमें देवाराधन, शान्तिमय साम्राज्य, विशाल नगरियाँ, वैभवपूर्ण प्रासाद, आमोदमय हर्म्य, चित्ताकर्षक विनोद-सामग्रियाँ, मनोरम विलासके उपादान, आशामय जीवन, स्वस्थ शरीर, वसनाभरण-विभूषित वामलोचनाओंका प्रणयपूर्ण परिणय, सुखी और सच्चरित्र सन्ततिका स्नेह—ये सब इस प्रकृतिमें सत्त्वगुणके प्राचुर्यका विलास है।

ग्रीष्मका प्रखर समीरण, वर्षाकी झंझा, हेमन्तका शीत, कण्टकाक्रान्त वृक्ष, श्येनोलूकादिकी घोर ध्वनि, सिंहव्याघ्रादिके गर्जन, नदीमातृक क्षेत्रोंमें श्रमबहुल शस्योत्पत्ति, क्षारोष्णजलमय कूप, नदीपुलिनोंपर पानगोष्ठियाँ, क्रांतिमय साम्राज्य, अव्यवस्थित नगरियाँ, व्यापारपूर्ण हट्ट, विद्रोहमय प्रासाद, कामुकतामय हर्म्य, ईर्ष्यापरिगृहीत सामग्रियाँ, क्रोधमय और लोभमय उपादान, मात्सर्यमय जीवन, अस्वस्थ शरीर, वार-वनिताओंका रागरंग, चरित्रहीन सन्ततिका विस्तार—ये सब प्रकृतिमें रजोगुणके प्राचुर्यके परिचायक हैं।

शिशिरका तुषार, निष्पुष्प लताएँ, फलविहीन पेड़, उजड़े हुए बगीचे, अतिवृष्टि और अनावृष्टिसे व्याकुल खेतियाँ, सूखी हुई नदियाँ, राजहीन प्रदेश, वैभवशून्य प्रासाद, दस्यु-समाक्रान्त भवन, मोहमय उपादान, मदपूर्ण जीवन, रोग-जर्जर शरीर, स्त्रियोंपर

अत्याचार, सन्ततिका अवैध निग्रहोंद्वारा अभाव—ये सब प्रकृतिमें तमोगुणके आधिक्यके सूचक हैं।

इस प्रकार तीनों गुणोंके वैषम्यसे इस विभूतिमें नाना प्रकारके परिवर्तन हुआ करते हैं। काल भी इस वैषम्यसे अछूता नहीं रहता। बाल्य यदि सत्त्वमय है, तो यौवन रजोमय और वार्धक्य तमोमय है। प्रातःकाल यदि सत्त्वमय है, तो मध्याह्न रजोमय है और सायंकाल तमोमय है। धर्म-वेला यदि सत्त्वमयी है तो अर्थवेला रजोमयी है और कामवेला तमोमयी है। ज्ञानमय जागरितावस्था यदि सत्त्वमय है, तो ज्ञानसंस्कारमय स्वप्नावस्था रजोमय है और ज्ञानशून्य सुषुप्तावस्था तमोमय है। सत्ययुग यदि सत्त्वमय है तो त्रेतायुग सत्त्व-रजोमय है, द्वापर रजस्तमोमय है और कलियुग तमोमय है। श्रीभगवान्‌की इस लीलाविभूतिमें केवल एक गुण कभी नहीं रहता। किसी गुणका नामतः निर्देश होता है तो अन्य दोनों गुणोंका भी तारतम्यसे उसमें अस्तित्व अवश्य रहता है। यह नियम भूमण्डलके लिये ही लागू हो ऐसा नहीं है अपितु ब्रह्माण्डभरके लिये है। श्रीभगवान्‌के श्रीमुखका वचन है कि—

> न तदस्ति पृथिव्यां वा दिवि देवेषु वा पुनः।
> सत्त्वं प्रकृतिजैर्मुक्तं यदेभिः स्यात् त्रिभिर्गुणैः॥
>
> (गीता १८। ४०)

अर्थात् पृथ्वीमें और स्वर्गके देवताओं में भी कोई ऐसा द्रव्य (अथवा प्रकृतिसंश्लिष्ट जीव) नहीं है जो प्रकृतिके इन तीनों गुणोंसे अर्थात् सत्त्व, रजस् और तमस्‌से विरहित हो।

त्रिगुणका ऐसा विलास ही भगवान्‌की लीलाविभूति है और इसके सृष्टि, स्थिति और प्रलयके भेदसे भगवान् के तीन व्यूह क्रमशः 'प्रद्युम्न', 'अनिरुद्ध' और 'सङ्कर्षण' कहलाते हैं।

लीलाविभूतिमें केवल प्रकृतिके ही साथ श्रीभगवान्‌का विलास नहीं होता, जीव भी उसमें सम्मिलित हैं। परमात्माके लीला-सङ्कल्पसे सर्गके प्रारम्भमें चेतन और अचेतन पुनः कार्यशील हो जाते हैं। जड़में परिणाम होने लगता है और चेतनमें ज्ञानका संकोच-विकास। सात्त्विक अन्तःकरणमें ज्ञानका विकास होता है और तामस अन्तःकरणमें उसका संकोच। ज्ञानके इस सङ्कोचविकासके अगणित स्तर हैं। बृहस्पति ज्ञान-विकासकी एक उत्कृष्ट भूमिकापर हैं और वनस्पति ज्ञानसंकोचकी एक निकृष्ट भूमिकापर। इन भूमिकाओंकी लहरियोंमें जीव न जाने कबसे निमज्जनोन्मज्जन कर रहा है; पुनर्जन्म, सुख, दुःख, स्वर्ग, नरककी अनन्त तरङ्गोंमें बह रहा है। आत्म-साक्षात्कार अथवा भगवत्साक्षात्कार न होनेतक यह प्रवाह इसी प्रकार चलता रहेगा। श्रीभगवान्‌की लीला-विभूति अनादिकालसे चली आ रही है और सनातन होनेसे अनन्त कालतक चलती रहेगी।

श्रीरामकृष्णाद्यो विभवाः ॥ ४६ ॥

सत्त्वगुणसम्पन्न जीव साधनामें उन्नति करते-करते जब इस दशापर पहुँच जाते हैं कि श्रीभगवद्दर्शनके बिना उन्हें चैन नहीं पड़ता तब श्रीभगवान् अपने दिव्यधामसे अवतीर्ण होकर उन्हें कृतार्थ करते हैं। जीवोंपर अनुग्रह प्रदर्शित करना ही श्रीभगवान्‌के अवतारका हेतु है। बालक ध्रुवके समाराधनसे प्रसन्न होकर श्रीभगवान् उसपर अनुग्रह प्रदर्शित करनेके लिए मधुवनमें अवतीर्ण हुए थे। इस अनुग्रह-प्रदर्शनको गीतामें 'साधुपरित्राण' कहा गया है।

संतोंपर अनुग्रह प्रदर्शित करते समय श्रीभगवान् कभी-कभी संतोंके विरोधी और विपक्षियोंका निग्रह भी करते हैं, जैसे कि

यजेन्द्रके उद्धारके साथ ही ग्राहका निग्रह भी किया। गीता में इस निग्रह को 'दुष्कृतोंका विनाश' कहा गया है।

लीलाविभूतिके गुणमय विलासमें जब धर्मका अपकर्ष तथा अधर्मका उत्कर्ष हो जाता है तब भी श्रीभगवान् यहाँ सामञ्जस्य-स्थापित करनेके लिए आया करते हैं। इस प्रकारके अवतारके उदाहरण हैं श्रीराम जिन्होंने अपने आदर्श सच्चरित्रोंके द्वारा वैयक्तिक, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और अन्ताराष्ट्रिय मर्यादाकी स्थापना करके मानवको उन्नत जीवन व्यतीत करनेकी प्रेरणा दी।

इस प्रकार अवतारके तीन हेतु हैं—पहला अनुग्रह अथवा साधुपरित्राण; दूसरा निग्रह अथवा दुष्कृतोंका विनाश; और तीसरा धर्मसंस्थापन। जिस प्रकार कोई सम्राट् अपने साम्राज्य-में सज्जनोंको पुरस्कार द्वारा प्रोत्साहित करके और दुर्जनोंको तिरस्कार द्वारा निरुत्साह करके प्रजामें अभ्युदयशील सामञ्जस्य स्थापित करता है, उसी प्रकार श्रीभगवान् भी यथासमय अवतीर्ण होकर यथायोग्य निग्रहानुग्रह प्रदर्शित करते हुए अपनी सृष्टिमें धर्मकी स्थापना किया करते हैं। समस्त धर्मोंका पर्यवसान श्रीभगवत्साक्षात्कारमें ही है। भगवत्साक्षात्कार तभी हो सकता है जब भगवान्में निष्ठा हो। निष्ठा तभी होती है जब अनुराग हो। अनुराग उसीमें होता है जिसकी ओर आकर्षण होगा। अतएव जीवजातको अपनी ओर आकृष्ट करनेके लिए ही श्रीभगवान् अवताररूपमें ऐसी-ऐसी मनोमोहिनी क्रीड़ाएँ करते हैं कि जिन्हें सुनकर श्रोताओंका मन उनमें बलात् आसक्त हो जाता है—

भजते तादृशीः क्रीडा याः श्रुत्वा तत्परो भवेत्॥

(श्रीमद्भा० १०। ३३। ३७)

बालक, युवक औद वृद्ध, पण्डित और मूर्ख, राजा और प्रजा स्त्री और पुरुष, विषयी और विरागी, सभीको भगवल्लीलाश्रवण-से उधर आकर्षण होता है जो परिणाममें प्रपञ्चातीत परमात्मातक पहुँचा देता है । ज्ञान-विज्ञानविनाशन कामको गीतामें बुद्धिसे भी बलवत्तर बताया है—

एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा (३ । ४३)

उसी महापाप, महावैरी, दुष्पूर कामको भक्तजन अनायास जीत सकें इसलिए भगवान् अपने अवतार—चरित्रोंद्वारा मदन-दमन लीलाएँ करते हैं। उदाहरणके लिए कोटि-कन्दर्पदर्पहा श्रीकृष्णकी, योगमायाद्वारा प्रसाधित, रासलीलाका दर्शन करके उस समय अनेक देवादि भी भगवन्निष्ठ होकर कृत्यकृत्य होगये और अब भी उस परम उज्ज्वल लीलाका श्रद्धापूर्वक अध्ययन करनेवालोंके मदनरूपी हृदयरोगका स्वयमेव शमन हो जाता है—

·······हृद्रोगमाश्वपहिनोत्यचिरेण धीरः ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३३ । ४०)

नित्यविभूतिसे लीलाविभूतिमें श्रीराम, श्रीकृष्ण आदि रूपोंमें श्रीभगवान्का अवतार आगम ग्रन्थोंमें 'विभव' कहलाता है। श्रीमत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिह, वामन, राम (जामदग्न्य), राम (दाशरथि), कृष्ण, बुद्ध और कल्कि—ये दस अवतार प्रसिद्ध हैं।

श्रीवराह, सनकादि, नारद, नर-नारायण, कपिल, दत्तात्रेय, यज्ञ, ऋषभ, पृथु, मत्स्य, कूर्म, धन्वन्तरि, मोहिनी, नृसिंह, वामन, परशुराम, वेदव्यास, राम, बलराम, कृष्ण, बुद्ध, कल्कि—ये बाईस अवतार कहलाते हैं। हंस और हयग्रोवकी संख्या मिलानेसे चौबीस होते हैं। आगमग्रन्थोंमें अन्यान्य अवतारोंके भी नाम उपलब्ध होते हैं।

४६ ते च स्वरूपावेशपूर्णांशभेदवन्तः ॥ ५० ॥

विभवके दो भेद हैं—स्वरूपावतार और आवेशावतार। जब श्रीभगवान् स्वरूपमें अर्थात् स्वयं ही अवतीर्ण होते हैं, तब उनका वह रूप स्वरूपावतार कहलाता है जैसे श्रीराम दाशरथि; किन्तु जब किसी जीवविशेषमें परमात्माकी शक्तिका आवेश होता है, तब उसे आवेशावतार कहते हैं जैसे राम जामदग्न्य। स्वरूपावतार ही मुख्य अवतार है, आवेशावतार गौण है।

जिस रूपमें परब्रह्म परमात्मा अपने समग्र ऐश्वर्यमाधुर्यको लिये हुए ही अवतीर्ण होते हैं, उसे पूर्णावतार कहते हैं, किन्तु जिस रूपमें आवश्यकतानुसार वे अपने प्रभावका आंशिक प्राकट्य ही दिखलाते हैं, उसको अंशावतार कहते हैं। अंशके तुरीय भागको कला कहते हैं—

अंशस्तुरीयो भागः स्यात् कला तु षोडशी मता।

(सात्त्वततन्त्र ३। ६)

अतएव अंशावतारका अवान्तर भेद होनेसे कलावतारको उसीके अन्तर्भूत समझना चाहिये।

पूर्णावतारेऽपि परिपूर्णः ॥ ५१ ॥

श्रीभगवान् का पूर्णावतार होने पर भी वे पूर्ववत् पूर्ण ही रहते हैं। उनमें किसी प्रकार की न्यूनता नहीं आती। शास्त्र की उक्ति है—

पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवाऽवशिष्यते।

स्वरूपेऽजहदेव स्वभावम् ॥ ५२ ॥

जब श्रीभगवान्, अपनी योगमायासे समावृत होकर, मनुष्यादिके आकारमें, स्वरूप से अवतीर्ण होते हैं, तब भगवन्माया-विमूढ़ जीववर्ग उन्हें मनुष्यादि ही समझता है; क्योंकि वह भगवान्के अनुत्तम, अव्यय परम भावको नहीं समझ पाता। वास्तवमें स्वरूपावतारमें भगवान् अपने ईश्वरीय स्वभावका परित्याग नहीं करते। श्रीमद्भागवतका वचन है कि—

जगद्धिताय सोऽप्यत्र देहीवाभाति मायया ॥

(१० । १४ । ५५)

अर्थात् सकल भुवनके मङ्गलापादनके लिये वे परब्रह्म परमात्मा अपनी मायासे (जीवोंकी दृष्टिमें) देहधारी-से प्रतीत होते हैं। अवतार-वेलामें वे कोई प्राकृत देह धारण नहीं करते हैं तथापि देहधारण किए हुए-से प्रतीत होते हैं। यह उनकी योगमायाका चमत्कार है। रामानुजमतानुयायी वेंकटनाथ कहते हैं कि भगवान् अपनी मोहिनी शक्तिसे मनुष्यादिके समान आकारोंको धारण करते हैं और दर्शकोंको उनमें प्राकृत मानवादिकी ही शंका होती है, किन्तु वे अवतार सदैव षाड्गुण्यमय होते हैं—

साधुत्राणादिहेतोस्तदुचितसमये
विग्रहांशैः स्वकीयैः
स्वेच्छातः सत्यरूपो विभुरवतरति
स्वान् गुणौघाननुज्झन् ॥

(तत्त्वमुक्ताकलाप ३ । ६९)

मोहनशक्त्या मनुष्यादिसजातीयशंकास्पदेषु विभवेष्वपि हि सिद्धं षाड्गुण्यम्। (सर्वार्थसिद्धिः)

परमात्मा केवल भूलोकमें ही अवतीर्ण होते हों—ऐसा नियम नहीं है। ये आवश्यकतानुसार ब्रह्माण्डके किसी भी भागमें प्रकट हो सकते हैं। दिग्दर्शनार्थ, एक बार वे सत्यलोकमें ब्रह्माजीकी

सभामें अवतीर्ण हुए थे—

स मामचिन्तयद्देवः प्रश्नपारतितीर्षया।
तस्याहं हंसरूपेण सकाशमगमम् तदा॥

(श्रीमद्भा० ११।१३।१९)

श्रीमद्भागवतका वचन है कि—

सुरेष्वृषिष्वीश तथैव नृष्वपि
तिर्यक्षु यादस्स्वपि तेऽजनस्य।
जन्मासतां दुर्मदनिग्रहाय
प्रभो विधातः सदनुग्रहाय च॥

(१०।१४।२०)

अर्थात् ब्रह्माजी कहते हैं कि हे प्रभो! हे विधाता! दुष्टोंके मदके दमनके लिये एवं संतोंपर दया दिखाने के लिये अजन्मा आप देवता, ऋषि, मनुष्य, पशु-पक्षी और जलचररूपोंमें भी प्रादुर्भूत होते हैं। एवं—

मत्स्याश्वकच्छपनृसिंहवराहहंस-
राजन्यविप्रविबुधेषु कृतावतारः।

(१०।२।४०)

अर्थात् ब्रह्माजी और शिवजी कहते हैं कि हे प्रभो! आप मत्स्य, अश्व, कूर्म, नृसिंह, वराह, हंस, क्षत्रिय, ब्राह्मण और देवताओंमें भी अवतीर्ण होते हैं। ऐसे शास्त्रीय वचनोंसे सिद्ध होता है कि श्रीभगवान्‌का अवतार भूमण्डलसे अतिरिक्त देवलोकादिमें भी हुआ करता है।

परब्रह्म परमात्मा अपनी इच्छासे ही इस लीलाविभूतिमें आया करते हैं। उनकी अपनी इच्छाके अतिरिक्त उनके अवतारमें कोई अन्य प्रेरक नहीं है। ऋषि-मुनि आदिके शापादि तो अवतारमें व्याजमात्र हैं। अतएव अवतारविग्रहको स्वेच्छामय ही

कहा जाता है—

अस्यापि देववपुषो मदनुग्रहस्य
स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि ।

श्रीमद्भा० १० । १४ । २)

अवतारका विग्रह भौतिक नहीं होता। आचार्य रामानुजने श्रीभाष्यमें लिखा है कि--

महाभारतेऽप्यवतारूपस्याप्यप्राकृतत्वमुच्यते न भूतसंघसंस्थानो देहोऽस्य परमात्मन इति ।

अर्थात् महाभारतमें भी अवतार-रूपतकका अप्राकृत होना कहा गया है कि इस (अवतीर्ण) परमात्माका देह भौतिक समुदाय का आकार नहीं है । वेदार्थसंग्रहमें लिखा है कि—

अस्य देवादिरूपेणावतारेष्वपि न प्राकृतो देह : ।

अर्थात् देवादिरू१से अवतारोंमें भी परमात्माका देह प्राकृत नहीं है ।

अवताररूप लीलाके लिए प्राकृत देहसे प्रतीयमान होते हुए भी वस्तुतः अप्राकृत ही होते हैं । जिस प्रकार नट-नर्तक रङ्गमञ्च-पर जन्ममृत्युके विविध दृश्य दिखाया करते हैं, उसी प्रकार श्रीभगवान् इस लीलाविभूतिमें स्वरूपावतारमें भी कभी-कभी अघटन-घटनापटीयसी अपनी मोहिनी मायासे अपने जनन-निधनके दृश्य दिखा दिया करते हैं। अवतार के जन्म-मृत्युके लौकिक वर्णन पुराणोंमें सामान्य वचनोंके द्वारा कहे गये हैं, किन्तु प्राकृत देहके ग्रहण वा त्यागका अभाव विशेष वचनोंके द्वारा प्रतिपादित हुआ है । सामान्य वचनसे विशेष वचन अवश्य ही बलवान् होता है। उदाहरणार्थ—

सर्वे नित्याः शाश्वताश्च देहास्तस्य परात्मनः ।
हानोपादानरहिता नैव प्रकृतिजाः क्वचित् ।।

यह विशेष वचन है। इसमें स्पष्ट ही अवतारके प्राकृत

शरीरके ग्रहण अथवा त्यागका निषेध है। भगवान्का गर्भनिवास वास्तविक न होकर प्रतीतिमात्र होता है। इसी प्रकार मृत्युके सम्बन्धमें स्कन्दपुराणका यह विशेष वचन द्रष्टव्य है कि—

पृथ्वीलोकसंत्यागो देहत्यागो हरेः स्मृतः।
नित्यानन्दस्वरूपत्वादन्यन्नैवोपलभ्यते ॥

और—

दर्शयञ्जनमोहाय मादृशीं मृतकाकृतिम् ॥
नटवद् भगवान् विष्णुः परज्ञानाकृतिः स्वयम् ॥

जिनसे उनका वास्तविक देहत्याग स्पष्ट ही असिद्ध होकर उसकी नाटकीय प्रतीति ही सिद्ध होती है। यदि स्वरूपावतार भी प्राकृत जीवके समान शरीरका ग्रहण और त्याग करते तो उनमें दिव्यता ही क्या रहती; किन्तु गीतोंमें तो भगवज्जन्मकी दिव्यता स्पष्ट ही उद्घोषित हुई है और इस शास्त्रगम्य भगवान्के जन्म और कर्मकी दिव्यताके तात्त्विक ज्ञानसे जीवके पुनर्जन्मतकके आत्यंतिक उच्छेदका उल्लेख है—

जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन॥

(गीता ४। ९)

स्वरूपावतारविग्रहकी भौतिकताका परिहार व्यास जी ने असन्दिग्ध वचनोंमें इस प्रकार किया है कि—

यो वेत्ति भौतिकं देहं कृष्णस्य परमात्मनः।
स सर्वस्माद् बहिष्कार्यः श्रौतस्मार्तविधानतः॥

अर्थात् जो व्यक्ति परमात्मा श्रीकृष्णके देहको भौतिक मानता है, वह वेदोक तथा स्मृत्युक्त सभी विधिविधानों से पृथक् कर देने योग्य है।

जिस प्रकार परतत्त्व भगवान् विष्णु समय-समयपर अवतार लिया करते हैं, उसी प्रकार भगवती श्रीलक्ष्मीजी भी अवतार

लिया करती हैं। यद्यपि श्री और विष्णु एक तत्त्व हैं तथापि भक्तानुग्रहविग्रहमें वे दो रूपों में प्रकाशित होते हैं। श्रीजीका अवतार शास्त्रसिद्ध है। पुराणका वचन है कि—

एवं यदा जगत्स्वामी देवदेवो जनार्दनः।
अवतारं करोत्येषा तदा श्रीस्तत्सहायिनी ॥

(विष्णुपुराण १।९।१५२)

उदाहरणके लिये श्रीमन्नारायण जब रघुकुलमें रामरूपसे अवतीर्ण हुए थे, तब लक्ष्मीजी जनकपुरी में सीतारूपसे अवतीर्ण हुई थीं; एवं जब श्रीमन्नारायण यदुकुलमें पधारे थे, तब लक्ष्मीजो विदर्भमें रुक्मिणीरूपसे आयी थीं।

राघवत्वेऽभवत्सीता रुक्मिणी कृष्णजन्मनि
अन्येषु चावतारेषु विष्णोरेषानपायिनी ॥

(विष्णुपुराण १।१।१४४)

कभी-कभी श्रीभगवान् के अस्त्र-शस्त्र, वाहन, पर्यङ्क, धाम आदिका भी अवतार होता है। लक्ष्मणजी शेषजीके अवतार हैं। भरतजी सुदर्शनके अवतार हैं और शत्रुघ्नजी पाञ्चजन्यके अवतार हैं, जैसा कि शास्त्रका वचन है—

शेषो बभूवेश्वरतल्पभूतो
सौमित्रिरत्यद्भुतभोगधारी।
बभूवतुश्चक्रदरौ च दिव्यौ
कैकेयिसूनुर्लवणान्तकश्च ॥

(अध्यात्म० उत्तर०।९ ५७)

जरासन्धसेनाद्वारा आक्रान्त मथुराकी रक्षाके उद्देश्य से श्रीकृष्णभगवान् अधर्मध्वंसका विचार कर ही रहे थे कि उनके दिव्य रथ आकाशसे अवतीर्ण हुए। वे सूर्य के समान प्रकाशमान थे। समस्त उपयोगी सामग्रीसे सम्पन्न थे। शस्त्रास्त्र भी वहाँ सुसज्जित थे। श्रीमद्भागवतका वचन है कि—

एवं ध्यायति गोविन्द आकाशात् सूर्यवर्चसौ।
रथावुपस्थितौ सद्यः ससूतौ सपरिच्छदौ ॥
आयुधानि च दिव्यानि पुराणानि यदृच्छया।

(१०।५०।११-१२)

एक बार रैवत नामके पाँचवें मन्वन्तरमें श्रीभगवान् महर्षि शुभ्रके यहाँ अवतीर्ण हुए थे। उस समय दिव्यधामका भी अवतार हुआ था—

वैकुण्ठः कल्पितो येन लोको लोकनमस्कृतः।

(श्रीमद्भा० । ८ । ५ । ५)

इस प्रसंगमें यह शङ्का करना अशास्त्रीय है कि भगवद्-धाम पहले नहीं था, पाँचवें मन्वन्तरमें उसकी सर्वप्रथम रचना की गयी। अतएव श्रीभगवान् की अप्रतिहत कल्पनासे नित्य प्रपञ्चातीत धामका प्रपञ्चमें अवतार ही उक्त भागवत-वचनका तात्पर्य है। नित्य श्रीमद्भगवद्धाम तो पाँचवें मनु ही नहीं, पहले मनुके भी स्रष्टा लोकपितामहके आद्य कल्पसे भी पूर्व विराजमान था। ब्रह्माजीने तपश्चरणद्वारा उसीका दर्शन किया था। वही परमपद है। वहीं श्रीभगवान् अपने नित्यभक्तोंसे उपासित होते हुए विराजमान रहते हैं। उस धाममें रजोगुण और तमोगुण नहीं हैं और इन दोनों से युक्त सत्त्वगुणतक नहीं है। वहाँ त्रिगुणजननी माया ही नहीं है तो अन्यान्य मायाप्रसूत कार्योंकी तो कथा ही क्या है ? ऐसे दिव्यधामके लिये यह कहना कि वह सादि है, नितान्त भ्रान्त है। प्रपञ्चमें अवतीर्ण होकर वह धाम अनादित्वगुण से वियुक्त नहीं हो सकता। नित्यधाम के लिये श्रीमद्भागवतकी यह घोषणा है—

तस्मै स्वलोकं भगवान् सभाजितः
संदर्शयामास परं न यत्परम्।
न यत्र माया किमुतापरे हरे—
रनुव्रता यत्र सुरासुरार्चिताः॥

(२ । ९ । ९-१०)

श्रीभगवान् के आयुध, वाहन, धाम सभी दिव्य हैं, चेतन हैं, आनन्दमय हैं। नित्यविभूति में श्रीभगवान् के आयुध

पुरुषविग्रह में श्रीभगवत्सेवोपासना में निरत रहते हैं; अवतारवेला में भी दुष्टदमनाद्यतिरिक्त अवसरोंपर वे पुरुषविग्रहमें भगवदाराधनामें लीन रहते हैं—

शरा नानाविधाश्चापि धनुरायतविग्रहम् ।
अन्वगच्छन्त काकुत्स्थं सर्वे पुरुषविग्रहाः ॥

(रामायण उत्तर० १०९ । ७)

इस प्रकार सर्वसमर्थ श्रीभगवान् सर्वसुलभ होने के लिये कभी अकेले, कभी सपरिकर प्रपञ्चमें अवतीर्ण होते हैं और धर्मसंस्थापन करते हैं, असज्जनोंका निग्रह करते हैं और सज्जनोंपर अनुग्रह प्रदर्शित करते हैं । उस अवतारकी रूपमाधुरी, गुणमाधुरी और लीलामाधुरीके श्रवण, कथा, कीर्तन और ध्यान परमङ्गलप्रसविता हैं ।

चतुर्थ अध्याय

भक्ति और उसके आदर्श

उपासनं भक्तिः । ५३॥

श्रुतिका वचन है कि ब्रह्म विश्वके सर्ग, स्थिति और प्रलय का कारण है । अतएव जीव को उसकी उपासना करनी चाहिये—

'तज्जलानिति शान्त उपासीत'

इस वाक्य में, एवं ऐसे ही—

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥

(गीता ९ । २२)

—आदि अन्यान्य शास्त्रीय वाक्यों में उपासना का विधान किया गया है । उप उपसर्गपूर्वक आस् धातु से उपासना शब्द निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है 'निकट बैठना' । सेवा के लिये निकट बैठने के भाव को सूचित करने के लिये ही पहले-पहल इस शब्द का प्रयोग हुआ होगा, किंतु अब भक्ति अर्थात् सेवा के पर्यायरूप से इसका प्रयोग होता है । भक्ति का मुख्य अर्थ है 'सेवा'—जैसा कि इसकी व्युत्पत्ति से विदित होता है । सेवा के प्रेममूलक होने की युक्ति देकर इसका अर्थ प्रेम भी किया गया है—

'सा परानुरक्तिरीश्वरे'

तथापि सेवा ही इसका प्रधान अर्थ है । गीताके—

मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते

इस वाक्य से भी ऐसा ही सिद्ध होता है ।

उपासना और भजन एकार्थक हैं । अतएव शास्त्र में जिस प्रकार उपासनाका विधान है, उसी प्रकार भजनका भी है । उपासना के लिये ऊपर दो वाक्य उदाहरणार्थ दिये जा चुके हैं । भजनके निर्देश में—

अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम् ॥

(गीता ९ । ३३)

—का उदाहरण पर्याप्त होगा।

भक्तिमार्ग में दो न्याय प्रसिद्ध हैं—एक तो मर्कट-किशोर-न्याय और दूसरा मार्जार-किशोर-न्याय। पहले में उपासक उपास्य देवकी उपासना में अपनी ओर से इस प्रकार प्रवृत्त होता है, जिस प्रकार वानरी का बच्चा अपनी ओर से अपनी माताको पकड़े रहने में प्रवृत्त होता है; और दूसरे में वह इस प्रकारकी प्रवृत्ति से उदासीन रहता हुआ ही भगवान् को इस प्रकार बुलाता है, जिस प्रकार बिल्ली का बच्चा अपनी माताको। बँदरियाका बच्चा स्वयं माताको पकड़े रहता है और माता जहाँ जाती है, वहाँ चला जाता है; परन्तु बिल्ली के बच्चे की माता स्वयं उसे अपनी इच्छा से मुँह में पकड़ कर जहाँ चाहती हैं, ले जाती है। पहला स्वेच्छासे माता पर निर्भर है तो दूसरा माता की स्वेच्छानुसार मातापर निर्भर है।

उपासक अपनी समस्त भावनाओं को एकमात्र उपास्य में केन्द्रित कर देते हैं; परमात्मा को अपने सभी भावों का आश्रय और आधार बना लेते हैं; जगदीश्बर ही उनके माता, पिता, भ्राता, मित्र, बन्धु-बान्धव, पुत्र हैं; विद्या, धन आदि समस्त कामनाएँ भी वही हैं—

> पिता माता सुहृद्बन्धुर्भ्राता पुत्रस्त्वमेव मे।
> विद्या धनं च कामश्च नान्यत्किंचित्त्वया बिना॥
>
> (ब्रह्मतन्त्र)

सेवामें तीन भाव हैं—(१) बड़े की सेवा, (२) बराबर वाले की सेवा और (३) छोटे की सेवा। माता, पिता, गुरु, पति, स्वामी, सम्राट्की जो सेवा पुत्र, शिष्य, पत्नी और सेवक करते हैं, यह पहला भाव है। एक मित्र दूसरे मित्र की जो सेवा करता है, यह दूसरा भाव है। माता-पिता जो पुत्र की सेवा

करते हैं, यह तीसरा भाव है। उपासक लोग ईश्वर की भक्ति इन तीनों भावों से ही करते हैं। पहले भावको 'दास्य' दूसरे को 'सख्य' और तीसरे को 'वात्सल्य' कहते हैं। पत्नी द्वारा पति की सेवा के भावको 'माधुर्य' नाम दिया जाता है। इसे प्रथम भावका ही विशेष परिष्कृत और चूडान्तरूप मानना चाहिये। भारतीय शिष्टाचार के अनुसार पति पत्नीकी सेवा नहीं करता, अतएव पत्नी-सेवाके भाव का प्रदर्शक कोई नाम उपासनामार्ग में प्रचलित नहीं है।

जीव अपनेको पुत्र और ईश्वरको पिता मानकर उसकी आराधना करता है। लोकमें जिस प्रकार पिता से पुत्र उत्पन्न होता है, ठीक उसी प्रकार आराध्यसे आराधक के उत्पन्न न होने पर भी आराध्य पिता है और आराधक पुत्र है। शब्दोंका वह औपचारिक प्रयोग है। यही बात सख्य, वात्सल्य और माधुर्यमें भो समझनी चाहिये। मधुर भाव में जब जीव ईश्वर को पति कहता हैं—

पत्यादिशब्देभ्यः (ब्रह्मसूत्र १ । ३ । ४३)

तब भी 'पति' शब्दका प्रयोग औपचारिक ही होता है, क्योंकि जीवेश्वरमें लौकिक पत्नी-पतिके समान शरीरसम्बन्धकी गन्धका भी अवसर नहीं है। 'भिन्नरुचिर्हि लोकः' के न्यायके अनुसार किसी को यह अच्छा लगता है कि मैं परमात्मा को बालक समझ कर उसका आराधन करूँ, और किसी को यह अच्छा लगता है कि मैं उसे मित्र कहकर पुकारूँ और किसीको यह अच्छा लगता है कि मैं उसे पति कहकर पुकारूँ; किन्तु जितनी सहज सेवा ईश्वरको माता, पिता, गुरु, सम्राट् और स्वामी मानकर हो सकती है, इतनी और भाव में नहीं। दास्य-भावमें ती सेवा-ही-सेवा है। इसमें उपासक कहता है—

जन्मप्रभृति दासोऽस्मि शिष्योऽस्मि तनयोऽस्मि ते ।
त्वं च स्वामी गुरुर्माता पिता च मम माधव ।।

(ब्रह्मतन्त्र)

'हे माधव, मैं तुम्हारा दास हूँ, शिष्य हूँ ओर पुत्र हूँ । और तुम मेरे स्वामी, गुरु और माता-पिता हो ।' यह दास्य ही—यह सेवाभाव ही—साध्या भक्तिका भी स्वरूप है । लौकिक रीतिसे न सही, अलौकिक रीति से तो परतत्त्व विश्वके जनयिता हैं ही—

'त्वसम्बा सर्वभूतानां देवदेवो हरि: पिता ।'

(अग्निपुराण २३७ । १०)

इसलिये एक भावुक भक्तके हृदयका यह उद्गार कितना मनोरम है—

नाथितं परमेवैतदनाथजनवत्सलौ ।
स्वं साक्षाद् दास्यमेवास्मिन् प्रसादीकुरुतं जने ।।

अर्थात् 'हे अनाथ लोगोंपर वात्सल्य प्रदर्शित करने वाले दिव्य दम्पतो, मेरी तो आपसे सर्वोत्तम याचना यही है कि इस (दीन) जनको अपने दास्यका—सेवा-सपर्या (कर सकने के सौभाग्य) का ही प्रसाद दोजिगे ।' जिनके हृदयमें ऐसी कामना जागरूक है, वे धन्य हैं ।

सेवा के विविध भावोंमें यह कोई निश्चित नियम नहीं है कि पहले दास्यकी साधना को जाय, फिर सख्यकी, फिर वात्सल्य को और फिर माधुर्यकी । जिस साधककी जिसमें रुचि हो, वही भाव अङ्गीकार किया जा सकता है । जिस भावमें भी संवेग तीव्र होगा, उसीसे इष्ट-लाभ हो जाएगा । भगवत्प्राप्ति किसी भावविशेषकी सापेक्ष न होकर व्यक्तिविशेषके संवेगकी ही सापेक्ष है । संवेग की बड़ी महिमा है । इसके प्रख्यापनके लिये ही, माधुर्यभाव के संवेग से भा अतृप्त भावुकोंने जारभाव को प्रशंसा

की है। व्यभिचारिणी स्त्रीके मनमें उपपतिके दर्शनकी लालसामें जो तीव्रता होती है—

परव्यसनिनी नारी सक्तापि गृहकर्मणि।
तदेवास्वादयत्यन्तः परसङ्गरसायनम्॥

वही तीव्रता जब भगवद्दर्शन-लालसामें आ जाय तब जार-भाव होता है। इसी संवेगको ध्यानमें रखकर गोस्वामी तुलसी-दासजीने रामचरितमानसके अन्तमें अपनी अभिलाषा इस प्रकार प्रकट की है—

कामिहि नारि पिआरि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दाम।
तिमि रघुनाथ निरंतर प्रिय लागहु मोहि राम॥

ईश्वरको पिता मानना और दास्यभावसे उसका उपासन ही प्राचीनतम है। चारों वेदोंके सारभूत गायत्री मन्त्रके जपके समय प्रत्येक द्विज उपासक सविता कहकर ही उसकी मङ्गलमयी भावना करता है। गीताका—

पितासि लोकस्य चराचरस्य
त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान्।
न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो
लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव॥

(११।४३)

यह वचन भी दास्यका ही सूचक है। परतत्त्वके उपासकोंमें-चाहे वे किसी भावके अनुयायी हों—यह एक सर्वसाधारण धारणा है कि योगीश्वर शिवजी वैष्णवों के अग्रणी हैं—परम भागवतोत्तम हैं—

वैष्णवानां यथा शम्भुः।

(श्रीमद्भा० १२।१३।१६)

और गंगाधर शिवजीने अवनीतलपर हनुमान्‌जीके रूपमें प्रकट होकर अपने आचरणसे जगत्‌को दास्यभावकी ही शिक्षा दी है। हनूमान्‌जीका यह घोर गर्जन सुविदित है कि—

दासोऽहं कोसलेन्द्रस्य। (रामायण)

इससे दास्यभावका ही उपासनासाम्राज्यमें प्रधानत्व प्रमाणित होता है।

सा द्विधा परा परमा च ॥५४॥

जिस उपासना या भक्तिका वर्णन ऊपर किया गया है वह दो प्रकार की है—'परा' और 'परमा'। दूसरे शब्दोंमें इन्हें क्रमशः 'साधनभक्ति' और 'साध्या भक्ति' कह सकते हैं। परतत्त्व के पदयुगलकी प्राप्तिके लिए उनको सेवा हो उत्कृष्ट साधन है। यही 'पराभक्ति' है। साधनद्वारा जब सिद्धि प्राप्त हो जाती है, जब दिव्यदम्पतीके चरण-कमलोंकी साक्षात् सेवा करनेका सौ-भाग्य प्राप्त हो जाता है, तब उस सेवाका नाम 'परमा' होता है; क्योंकि वही उपासकके जीवनमें साध्या है।

श्रवणादीन्यनेकाङ्गानि ॥५५॥

सेवा कई प्रकारसे होती है। उपास्यकी गुण-कथाओंका श्रवण करना, उनके नामादिका कीर्तन करना, उनकी महिमादिका स्मरण करना, चरणसंवाहन करना, सात्त्विक सामग्रीसे उनके श्रीचरणों में सपर्या समर्पित करना, उनके प्रतीकोंके सम्मुख प्रणाम करना, दास्य, सख्य एवं आत्मनिवेदन करना—भजनके ये नौ प्रकार बताये गये हैं—

श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्॥

(श्रीमद्भा० ७। ५। २३)

ये नौ प्रकार भक्तिके नौ अंग कहलाते हैं। इनमें एक-एक अंग भी साधकका कल्याण कर सकता है, फिर एकाधिक अंगों को साधक अपनावे तो कहना ही क्या ?

ज्ञानकर्मणी सहाये ॥५६॥

वेदके तीन काण्ड प्रसिद्ध हैं—१. कर्मकाण्ड, २. ज्ञानकाण्ड और ३. उपासनाकाण्ड। इनमें पहले दो काण्ड अर्थात् कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्ड तीसरे उपासनाकाण्ड की सहायता करते हैं। यद्यपि ज्ञान और उपासना दोनोंसे ही निःश्रेयस्की प्राप्ति होती है, तथापि उपासना का मार्ग साधनकी दृष्टिसे अत्यन्त मनोरम है। अतएव भावुकजन इसी मार्गके पथिक बनते हैं और ज्ञान तथा कर्म को निःश्रेयस्का साक्षात् साधन न मानकर उपासनाके सहायकके रूपमें ही मानते हैं।

यद्यपि ज्ञानमार्गसे भी ब्रह्मप्राप्तिका शास्त्रमें निर्देश है जैसा कि आचार्य रामानुजने लिखा है—

पञ्चाग्निविदोऽप्यर्चिरादिना गतिश्रवणात्, अर्चिरादिना गतस्य ब्रह्मप्राप्त्यपुनरावृत्तिश्रवणाच्च, अतएव तत्क्रतुन्यायात् प्रकृतिविनिर्मुक्त-ब्रह्मात्मकात्मानुसन्धानं सिद्धम्।

(४। ३। १४ ब्रह्मसूत्रपर श्रीभाष्य)

तथापि आत्मानुसन्धान अत्यन्त दुःखद है जैसी कि श्रीभगवान् की सूक्ति है—

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते॥

(गीता १२। ५)

अतएव भक्तजन ज्ञानमार्गके प्रयासको बहुमान न देकर उपासनामें ही दत्तचित्त होते हैं।

अग्निष्टोमादि यज्ञ-याग कर्मकाण्डके अन्तर्गत हैं। इनका फल स्वर्गादि है, और इनका विवेचन पूर्वमीमांसाका विषय है। प्रकृति और पुरुषका विवेक ज्ञानकाण्डका विषय है और पुरुषोत्तम की सेवा उपासनाकांडका विषय है। उत्तरमीमांसामें पुरुषतत्त्वका भी शोधन है और परतत्त्वकी महिमाका भी प्रतिपादन है।

जो सेवा सेव्य और सेवकके स्वरूपको समझकर की जाती है वही सफल होती है। सेव्य श्रीपति हैं और सेवक जीव है। दोनोंके पारस्परिक सम्बन्ध को जानना ही भक्तोंका परमोत्तम ज्ञान है—

परमात्मा हरिः स्वामी स्वतोऽहं तस्य किङ्करः।
कैङ्कर्यमखिला वृत्तिरित्येष ज्ञानसङ्ग्रहः॥

(भारद्वाजसंहिता)

परमात्मा श्रीहरि मेरे स्वामी हैं और मैं स्वतः उनका दास हूँ। मेरी सम्पूर्ण वृत्ति दास्यभावमें ही सीमित है। यही संक्षेपमें ज्ञान का संग्रह है।

और भक्त यह चाहता है कि मेरा यह ज्ञान कभी नष्ट न हो, जबतक जीवन है तबतक यह ज्ञान बना रहे। साधनमें न्यूनता रह जानेसे यदि परमपद-लाम न हो और कर्मवश जन्मान्तर ग्रहण करना पड़े तो वहाँ भी मेरा यह ज्ञान बना रहे—

त्वत्पादकमलादन्यन्न मे जन्मान्तरेष्वपि।
निमित्तं कुशलस्यास्ति येन गच्छामि सद्गतिम्॥
विज्ञानं यदिदं प्राप्तं यदिदं ज्ञानमर्जितम्।
जन्मान्तरेऽपि देवेश माभूदस्य परिक्षयः॥

(ब्रह्मतन्त्र)

'देवेश, इस जन्ममें तथा जन्मान्तरोंमें भी आपके चरण-कमलोंको छोड़कर दूसरा कोई मेरे कल्याणका साधन नहीं है,

जिससे मुझे सद्‌गति प्राप्त हो—मेरे लिये तो सब कुछ आपके चरण ही हैं। यह जो विज्ञान मुझे प्राप्त हुआ है, यह जो ज्ञान मैंने उपार्जित किया है, इसका जन्म-जन्मान्तरोंमें कभी नाश न हो।'

भगवत्प्रीत्यर्थ निष्कामकर्मका अनुष्ठान भी साधकके चित्तको शुद्ध कर देता है, अतएव कर्म भी उपासना का सहायक ही होता है।

ज्ञानं प्रेमा सेवेति सत्क्रमः ॥ ५७ ॥

हमारे दैनन्दिन व्यापारों में ज्ञान, प्रेम और कर्म का क्रम निहित है। जिस व्यक्ति के गौरव, सौन्दर्य, माधुर्य, औदार्य का हमें ज्ञान होता है; उसके प्रति हमारे हृदय में प्रेम का उदय हो जाता है; और प्रेम यदि वास्तविक होता है तो वह पुष्पोपहारादि रूप में अवश्यमेव प्रकट होता है। यह पुष्पोपहार-समर्पण ही सेवा है। प्रभु के सम्बन्ध में भी यही विचार है। प्रभु के ज्ञान से अर्थात् उनके स्वरूप, रूप, गुण, लीला और धाम के तात्त्विक अवबोध से जीव के मन में उनके प्रति प्रेमातिशय का उद्रेक स्वाभाविक है, और वह प्रेम श्रवण, कीर्त्तन, अर्चन आदि के द्वारा प्रकट होता है। अतः ज्ञान, प्रेम और सेवा (भक्ति) की त्रिवेणी में अवगाहन सकलमङ्गल-विधायक है। ज्ञान, प्रेम और सेवा का यह क्रम बड़ा सुन्दर है। आचार्य रामानुज जी ने एक प्रार्थना में कहा है—

तवानुभूति-सम्भूत-प्रीति-कारित-दासताम्
देहि मे कृपया नाथ न जाने गतिमन्यथा।

अर्थात् हे मेरे स्वामिन्, दया करके मुझे अपनी दासता

अर्थात् सेवा करने का सौभाग्य प्रदान कीजिये। कौन-सी सेवा ? जो प्रेम से, प्रीति से, प्रकट हो जाती है। कौन-सी प्रीति ? जो आपके अनुभव से, आपके सौन्दर्य-माधुर्य आदि के ज्ञान से हृदय में उत्पन्न होती है। इसके अतिरिक्त मेरे उद्धार का और कोई उपाय नहीं है।

आचार्य-प्रवर की इस प्रार्थना में सूत्रोक्त क्रम का दर्शन हो रहा है।

वैदिकोपासनेऽधिकार उपनीतानाम् ॥ ५८ ॥

मन्त्रराशिका नाम 'वेद' है। उसके व्याख्यानको 'ब्राह्मण' कहते हैं, जिसके दर्शनिक भाग 'आरण्यक' और 'उपनिषद्' नामसे प्रसिद्ध हैं। ब्राह्मण भी वेद कहलाता है। इस मन्त्र-ब्राह्मणात्मक वेदमें उपासना का यथास्थान विधान है, किन्तु वेदविहित उपासना उपनयन-सापेक्ष है।

शास्त्रान्तरोक्ते सर्वेषाम् ॥ ५९ ॥

मन्त्र-ब्राह्मणात्मक श्रुतिके अतिरिक्त जो शास्त्र है वह 'स्मृति' कहलाता है। इतिहास, पुराण, आगम, धर्मशास्त्रादि इसीके अन्तर्गत हैं। इनमें भी परतत्त्वकी उपासनाका विधान है जिसमें सभी का अधिकार है। इसके लिये उपनयन-संस्कार का नियम नहीं है।

प्रपत्तिः शरणागतिर्वा सारः ॥ ६० ॥

उपासना या भक्तिकी परम महिमा है। भक्ति के द्वारा जीवका उद्धार हो जाता है; किन्तु भक्तिका भी बड़ा विस्तार है। श्रीमद्भागवतका श्रवण, रामायणका पाठ, मन्दिर-निर्माण,

मूर्ति पूजन, तीर्थयात्रा आदि सभी भक्तिके अङ्ग हैं। ये सभी कार्य परम धैर्य, द्रव्यव्यय, संयम और श्रमसे सम्पन्न हो सकते हैं; अतएव जिन जीवोंमें ये गुण नहीं हैं वे भक्तिके भी अयोग्य हैं। जब जीव भगवत्प्राप्तिके लिए भक्तिका भी अवलम्बन नहीं ले सकता तब वह निरुपाय होकर अपनेको सब प्रकारसे अशक्त समझकर भगवान्को ही उपायरूप से वरण करता है। जीवकी इस प्रवृत्तिको 'प्रपत्ति' कहते हैं। इसमें उपेय ही उपाय होता है। यही साधनों का सार है—

> आत्मात्मीयं परं सर्वं निक्षिप्य श्रीपतेः पदे
> उपायं वृणु लक्ष्मीशं तमुपेयं विचिन्तय
> इति ते सकलं भद्रे शास्त्र-शास्त्रार्थतत्फलम् ॥
>
> (लक्ष्मी-तन्त्र ५७। ४४। ४५)

प्रपत्तिका दूसरा नाम शरणागति है। शरणागतिका अर्थ है—शरणमें आना। सब कुछ छोड़कर श्रीभगवान्के चरण-कमलोंका आश्रय करना शरणागति है। समस्त वेदोंका सार उपनिषद् (उप+नि+षद्=उपासनाप्रतिपादक ग्रन्थविशेष) हैं और सारे उपनिषदोंका सार गीता है; और गीताका सार शरणागति है। सर्वधर्मपरित्यागपूर्वक भगवच्छरणागति ही अर्जुनके लक्ष्यसे मानवमात्र के लिए गीताका सर्वगुह्यतम उपदेश है।

जीवके पास पूर्वजन्मविहित अनन्त पापराशिका संस्कार सञ्चित है। कुत्सित संस्कारोंसे उत्तम भावनाएँ अभिभूत रहती है। अतएव यह आवश्यक है कि पापराशि का शमन करनेके लिए कृच्छ्रचान्द्रायण, कूष्माण्ड, अग्निष्टोम आदिका अनुष्ठान करके

प्रायश्चित्त किया जाए। मनुष्यज़ीवन स्वल्प है और प्रायश्चित्त हैं अनेकानेक। कैसे काम चलेगा ? मानवजीवन समाप्त हो जाएगा और प्रायश्चित्त पूरे नहीं होंगे। अतः निरुपाय जीव प्रायश्चित्तरूप धर्मोंको छोड़कर उस दीनबन्धुकी शरण ग्रहण कर लेता है।

ज्ञानयोगमें साधक प्रत्यगात्माको प्रकृतिवियुक्त, अपरिणामी और ज्ञानमय देखनेका अभ्यास करता है, किन्तु इस स्थितिका लाभ देहधारियोंको दुःसाध्य है अतएव जीव ज्ञानयोगरूपी धर्मको छोड़कर शरणागति का अवलम्बन करता है।

साधक जीवका जबतक देहसे सम्बन्ध है तबतक वह प्राकृत गुण और कर्मोंका स्वरूपतः परित्याग नहीं कर सकता, अतः उसे देहधारणावधि यज्ञ-दान-तपमें निरत रहना चाहिये; किन्तु यह स्मरण रहे कि यज्ञादि करते समय यदि उनमें फलासक्ति बनी रहेगी तो परम कल्याण नहीं होगा। आसक्ति का त्याग ही वास्तविक त्याग है। शरणागति के सम्बन्धमें लौकिक धर्मोंके त्यागकी जो चर्चा है वह उनके फलोंमें आसक्तिका ही परित्याग है।

भक्तियोगके इतने अङ्ग और उपाङ्ग हैं कि भगवद्विरहव्याकुल भक्त भक्तियोगके लिए अपेक्षित दीर्घकालीन साधनाको दुरूह समझता है। जीवोंके लिए इस दुरूहताकी आशङ्काको दूर करते हुए श्रीभगवान्ने आदेश दिया कि 'शोक मत करो कि मैं कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोगमेंसे एक भी योगका अवलम्बन न कर सका; मेरी शरण ग्रहण कर लोगे तो मैं तुम्हें समस्त माया-प्रपञ्चसे छुड़ा दूंगा।'

शरणागतिकी महिमासे मुग्ध होकर सभी धर्मात्माओंने—

कर्ममार्गियोंने, ज्ञानमार्गियोंने, भक्तिमार्गियोंने—उसे अपना लिया। कर्मवादियोंने कर्मका त्याग स्वरूपतः नहीं किया, किन्तु उसको यज्ञार्थ—भगवत्प्रीत्यर्थ किया और उसका फल भगवान्‌को ही अर्पण कर दिया। ज्ञानवादियोंने ज्ञान-चर्चा नहीं छोड़ी, किन्तु उन्होंने शरणागतिको सर्वोत्तम ज्ञान समझा। भक्तिवादियों ने भक्ति को बनाये रक्खा किन्तु शरणागति को भक्तिका सर्वोच्च अङ्ग माना।

जो जीव एक बार भी भगवान्‌के श्रीचरणोंमें प्रपन्न होता है और कहता है कि 'हे नाथ! मैं आपका ही हूँ' उस जीवको भगवान् समस्त भयोंसे मुक्त कर देते हैं। जब-जब भक्तोंने भगवान्‌की शरणमें आकर उनसे रक्षाकी याचना की है, तब-तब भगवान्‌ने भक्तोंकी रक्षा अवश्य की है। गीताके—

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते॥

(७। १६)

—आदि वचनोंमें प्रपत्ति अथवा शरणागतिका ही प्रतिपादन है।

शरणागति छः प्रकारकी मानी गयी है—

षोढा हि वेदविदुषो वदन्त्येनं महामुने।
आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्॥
रक्षिष्यतीति विश्वासो गोप्तृत्ववरणं तथा।
आत्मनिक्षेपकार्पण्ये षड्विधा शरणागतिः॥

(अहिर्बुध्न्यसंहिता ३७। २७-२९)

वे छः प्रकार ये हैं—

(१) अनुकूलता का सङ्कल्प—श्रीभगवान्‌के अनुकूल रहनेका विचार। भगवान्‌के विधानमें अपना हित मानना। वे जैसे रक्खें उसीमें प्रसन्नताका अनुभव।

(२) प्रतिकूलताका त्याग—भगवान्‌के प्रतिकूल होनेके विचारको छोड़ना। उनके कठोर विधानोंमें भी उनके प्रति दुर्भाव न लाना। शास्त्रविरुद्ध कर्म न करना।

(३) भगवान् मेरी रक्षा करेंगे ही—इस प्रकारका दृढ़ विश्वास। रक्षा करेंगे या नहीं ? इस प्रकारके संशयात्मक विचार सच्चे भक्तके हृदयमें उठते ही नहीं। सब कालोंमें और सब देशोंमें उनकी रक्षा में विश्वास।

(४) केवल विश्वास ही नहीं, अपितु भगवान् को रक्षक बना लेना। जिस प्रकार वधू वरको पति के रूपमें वरण करती है, उसी प्रकार भक्तका भगवान्‌को गोप्ताके रूप में वरण करना।

(५) अकिञ्चनताका भाव—मनमें दीनता और नम्रताका भाव। अपने कर्म-कर्तृत्वाभिमानका परित्याग। भगवान्‌की ही सर्वस्वतामें निष्ठा। सब कुछ भगवान्‌का ही है, मेरा कुछ नहीं ऐसी दृढ़ धारणा। भगवान् ही मेरे परम धन हैं—ऐसी बुद्धि।

(६) आत्मनिक्षेप अथवा आत्मसमर्पण अथवा आत्मनिवेदन-अपना कहलानेयोग्य जो कुछ भी है—देह, इन्द्रिय, चैतन्य आदि उसे भगवान्‌को पूर्णतया अर्पण कर देना जैसा कि श्रीयामुना-चार्यने किया था—

वपुरादिषु योऽपि कोऽपि वा
गुणतोऽसानि यथातथाविधः।
तदहं तव पादपद्मयो-
रहमद्यैव मया समर्पितः॥

अर्थात् हे प्रभो ! 'अहम्' पदसे अनेक विद्वान् अनेक अर्थ लेते हैं। शरीरात्मवादी कहते हैं कि शरीर ही 'अहम्' है और चैतन्यवादी कहते हैं कि 'अहम् शरीरसे भिन्न एक चेतन द्रव्य

है इत्यादि; इसी प्रकार 'अहम्' के गुणोंमें भी वे परस्पर एकमत नहीं हैं। 'अहम्' का स्वरूप जो कुछ भी हो, उसके गुण जो कुछ भी हों, मैंने तो उस 'अहम्' को ही आज आपके चरणकमलोंमें समर्पण कर दिया है।

श्रवण आदर्शो देवरातः ॥ ६१ ॥

शास्त्रमें नवधा भक्तिका निर्देश इस प्रकार पाया जाता है—

श्रवणं कीर्त्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्म-निवेदनम्॥

श्रीभगवान्के नाम, गुण और लीलाओंको सुनना ही श्रवण है। भक्तिके इस अङ्गमें महाराज परीक्षित् आदर्श हैं जिन्होंने एक सप्ताह तक श्रीभगवच्चरित्रोंका श्रवण कर मुक्तिलाभ किया था। सूत्रोक्त देवरात शब्दका अर्थ है परीक्षित्। देवरातके समान विष्णुरात भी महाराज परीक्षित्का नामान्तर है। श्रवणका निर्देश श्रुतिने इस प्रकार किया है—

सेदु श्रवोभिर्युज्यं चिदभ्यसत्।

(ऋग्वेद १-१५६-२)

अर्थात् वह 'चेतन'[1] जीव ध्यानगम्य परमात्मा श्रीविष्णुको उनके यशःश्रवणद्वारा प्राप्त करने का अभ्यास करे। यहाँ मुख्य शब्द है 'श्रवोभिः'[2] जिसके अर्थ हैं (क) कान, (ख) कीर्त्ति और (ग) सुनना। इस मंत्रांशमें भक्तके लिए यह उपदेश है कि वह अपने कानोंसे भगवान्की कीर्त्तिका श्रवण करे। श्रवोभिः' के बहुवचनसे भगवच्चरित्रोंका बार-बार सुनना ध्वनित होता है। साधनकी इस प्रकार पुनः पुन, आवृत्ति शास्त्र-सम्मत है।

---

१. मंत्रांश में जो चित् पद है उसका अर्थ है चेतन अर्थात् जीव। चेतति इति चित्। चिती संज्ञाने+क्विप्।

२. श्रवः श्रवणम्। श्रु+असुन्।

ब्रह्मसूत्रका 'आवृत्तिरसकृदुपदेशात्' (४-४-१) यह समानार्थक वचन भी इस प्रसंगमें मननीय है। श्रवण की फलश्रुतिमें पुराणका एक वचन है—

संसारसर्पसन्दष्टनष्टचेष्टैकभेषजम् ।
कृष्णेति वैष्णवं मन्त्रं श्रुत्वा मुक्तो भवेन्नरः ॥

अर्थात् 'श्रीकृष्ण' इस वैष्णव मन्त्रका श्रवण करके मनुष्य भव-पाशसे छुटकारा पा जाता है। संसाररूपी सर्पके मायामोह रूपी विषके प्रभावसे प्रभावित व्यक्तिके लिये रामबाण औषध के समान इसका गुण है।

कीर्त्तने वैयासकिः ॥ ६२ ॥

व्याख्यान, प्रवचन, स्तव, स्तोत्र, पाठ, कथा—ये सब कीर्तन-के समकक्ष हैं। भक्तिके इस अङ्गमें शुकदेवजी आदर्श हैं जिनके एक सप्ताहके सत्संगसे महाराज परीक्षित्‌की मुक्ति हुई थी। श्रुतिकी कतिपय सूक्तियाँ, कीर्त्तनका निर्देश करनेवाली, नीचे दी जा रही हैं—

(क) विष्णोर्नु कं वीर्याणि प्रवोचम्

(ऋग्वेद १-१५५-१)

अर्थात् मैं अब श्रीविष्णु भगवान्‌की लीलाका प्रवचन करता हूँ।

(ख) तत्तदिदस्य पौंस्यं गृणीमसीनस्य त्रातुरवृकस्य मीढुषः।

(ऋग्वेद १-१५५-४)

अर्थात् त्रिभुवनपति, जगद्रक्षाविचक्षण, अहिंसक, कामनावर्षी इन विष्णु भगवान्‌के चरित्रोंका हम कीर्त्तन करते हैं।

(ग) तमु स्तोतारः पूर्व्यं यथा विद ।

(ऋग्वेद १-१५६-३)

अर्थात् हे स्तुति करने वालो, आप सब लोग उन पुराणपुरुष-को जिस प्रकार जानते हैं।

(घ) आस्य जानन्तो नाम चिद्विवक्तन।

(ऋग्वेद १-१५६-३)

अर्थात् आप सब जानकार हैं। इनके नामका विशेष कीर्त्तन कीजिये।

(ङ) वर्धन्तु त्वा सुष्टुतयो गिरो मे। (ऋग्वेद ७-९९-७)

अर्थात् हे विष्णो, सुन्दर स्तुतिवाले मेरे वचन आपको बढ़ायें—प्रमुदित करें।

(च) ध्रुवासो अस्य कीरयो जनासः।

(ऋग्वेद ७-१००-४)

अर्थात् कीर्त्तन करनेवाले भक्तजन (ऐहिक सुख तथा आमुष्मिक आनन्दमें) स्थिर हो जाते हैं।

(छ) तं त्वा गृणामि तवसमतव्यान्।

(ऋग्वेद ७-१००-५)

अर्थात् मैं निर्बल आप बलशालीका कीर्त्तन करता हूँ। कीर्त्तनकी महिमामें पुराण का एक वचन है—

ध्यायन् कृते यजन् यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेर्चयन्।
यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ संकीर्त्य केशवम्॥

अर्थात् सत्ययुगमें प्रणायाम, प्रत्याहार आदि जटिल अङ्गों-वाले ध्यानके अवलम्बनसे जीवको जो सद्गति प्राप्त होती है; त्रेतायुगमें अग्निष्टोम, अतिरात्र आदि यज्ञोंद्वारा यजन करनेसे जो सद्गति प्राप्त होती है, एवं द्वापर युगमें प्रचुर-धन-साध्य मन्दिर-निर्माण और मूर्त्ति-स्थापनके अनन्तर नानाविध उपचारों-द्वारा पूजाअर्चासे जो सद्गति प्राप्त होती हैं, वही सद्गति कलियुगमें श्रीभगवान् केशवके नाम-गुण-कथाओं के कीर्त्तनसे ही प्राप्त हो जाती है।

स्मरणे प्रह्लादः ॥६३॥

भक्तिके स्मरणनामक अंगमें प्रह्लाद जी आदर्श हैं जिन्होंने स्मरणके बलसे बाल्यमें ही श्रीभगवान्‌का प्रत्यक्ष दर्शन प्राप्त किया था। श्रुति की उक्ति है—

प्र विष्णवे शूषमेतु मन्म। (ऋग्वेद १-१५४-३)

अर्थात् श्रीविष्णुभगवान्‌के लिये मेरा मनन (स्मरण) बलको प्राप्त हो—सबल हो जाय, निरंतर बना रहे[1]। स्मरणकी महिमामें पुराणका एक वचग है।

गंगास्नानसहस्रेषु पुष्करस्नानकोटिषु।
यत् पापं विलयं याति स्मृते नश्यति तद्धरौ॥

अर्थात् जो गुरुतर पाप अनेकानेक बार गंगाजलमें और पुष्करजलमें स्नान करनेसे नष्ट हो जाता है, वह श्रीभगवान्‌के स्मरणमात्रसे ही नष्ट हो जाता है।

चरणसेवायां पद्मा ॥६४॥

भक्तिके चरणसेवा नामक अङ्गमें श्रीलक्ष्मीजी आदर्श हैं जो नित्य निरन्तर श्रीभगवान्‌के चरणकमलोंकी सेवा किया करती हैं। जिनका मकरन्द मन्दाकिनीके रूपमें प्रवाहित होकर त्रिभुवनके पाप-पाशको सर्वथा विच्छिन्न कर देता है, उन दिव्य चरणकमलोंकी सेवा कौन न करना चाहेगा? तभी तो शास्त्रमें श्रीभगवान्‌के चरणकमलोंको 'परमहंसमहामुनीना मन्वेषणीय—' कहा गया हैं।

अर्चने वैन्यः ॥६५॥

भक्तिके अर्चननामक अङ्गमें वेन-तनय महाराज पृथु आदर्श हैं। अर्चनका निर्देश श्रुतिमें इस प्रकार है—

महे शूराय विष्णवे चार्चत

(ऋग्वेद १-१५५-१)

---

१ विष्णवे (मम) मन्म शूषम् प्रैतु। इत्यन्वयः।
भगवते मम स्मरणं प्रकर्षेण बलवद् भवत्वित्यर्थः।

अर्थात् आप सब लोग महान् एवं शूरवीर विष्णु भगवान्का अर्चन कीजिये। अर्चनकी महिमामें पुराणका एक वचन है—

विष्णोः सम्पूजनान्नित्यं सर्वपापं प्रणश्यति

अर्थात् भगवान् विष्णुकी पूजा करनेसे भक्तके सब पाप दूर हो जाते हैं।

वन्दने श्वफल्कतनयः ॥६६॥

भक्तिके वन्दन नामक अङ्गमें महात्मा श्वफल्कके पुत्र अक्रूर जी हैं जिन्होंने श्रीभगवान्के चरणकमलों को प्रणाम करनेकी सम्भावना-मात्रसे ही अपने जीवनको सफल समझा था एवम् जो भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रजीके चरणचिह्नोंका दर्शन कर उनमें लोटने लगे थे। वन्दनका निर्देश श्रुतिमें इस प्रकार हैं—

(क) नमो रुचाय ब्राह्मये।

(यजुर्वेद ३१-२०)

अर्थात् परब्रह्म परमात्माके रोचक विग्रहको मैं प्रणाम करता हूँ।

(ख) विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधव-प्रियाम्।
विष्णुप्रियसखीं देवीं नमाम्यच्युतवल्लभाम्।

(श्रीसूक्त)

अर्थात् अच्युत भगवान् विष्णुकी पत्नी, प्रियसखी, वल्लभा, क्षमाशीला, माधवी, भगवत्प्रिया, श्रीलक्ष्मीदेवीकी मैं वन्दना करता हूँ। वन्दनकी महिमामें महाभारतका एक वचन है—

अतसीपुष्पसंकाशं पीतवाससमच्युतम्
ये नमस्यन्ति गोविन्दं न तेषां विद्यते भयम्।

अर्थात् जो भक्तजन नीलवर्ण, पीताम्बरधारी, अच्युत गोविन्दकी वन्दना करते हैं, उन्हें किसी प्रकारका भय नहीं होता।

दास्येऽञ्जनानन्दनः ॥ ६७ ॥

भक्तिके दास्य नामक अङ्गमें अञ्जनानन्दन हनुमान् जी आदर्श हैं जो वीरगर्जनके साथ कहा करते हैं कि

दासोऽहं कोसलेन्द्रस्य रामस्याक्लिष्टकर्मणः

(वाल्मीकि-रामायण)

अर्थात् मैं उन कोसलेन्द्र श्रीरामका दास हूँ जिनके कार्य-कलाप, लीला-चरित्र, लोकाभिराम हैं। श्रुतिने भगवान्के भजनका निरूपण इस प्रकार किया है—

महस्ते विष्णो ! सुमतिं भजामहे

(ऋग्वेद १-१५६-३)

अर्थात् हे विष्णो, हम सब आपके अनुग्रहका, दयादृष्टि-का भजन करते हैं। भजनका अर्थ है सेवा। जो सेवा करता है वही सेवक किंवा दास है। अतएव भक्तिमें दासभाव प्रधान है। अन्य सभी भावोंमें, किसी न किसी अंशमें, सेवाका भाव अवश्य विद्यमान रहता है; और फिर दास्यभाव तो सेवा-ही-सेवा है।

सख्ये गुडाकेशः ॥ ६८ ॥

भक्तिके सख्य नामक अंगमें निद्राविजयी अर्जुन आदर्श हैं। जीव और ईशके चिरन्तन सख्यभावका प्रतिपादन श्रुतिका

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया

यह मन्त्र कर रहा है। अन्य सूक्तियाँ भी मननीय हैं—

(क) स हि बन्धुरित्था (ऋग्वेद १-१७४-४)

अर्थात् वे विष्णुभगवान् हमारे बन्धु हैं-सखा हैं।

(ख) भवा मित्रो न शेव्यः

(ऋग्वेद १-१५६-१)

अर्थात् हे विष्णो ! आप मित्रके समान हितकारका हूजिये।

(ग) व्रजं च विष्णुः सखिवाँ अपोर्णुते

(ऋग्वेद १-१५६-४)

अर्थात् सखाओंवाले श्री विष्णुभगवान् व्रजको आवरण रहित—संकटरहित कर देते हैं।

आत्मनिवेदने वैरोचनिः ॥ ६९ ॥

भक्तिके आत्मनिवेदन नामक अङ्गमें विरोचनतनय महाराज बलि आदर्श हैं जिन्होंने भगवान् त्रिविक्रमके चरणोंमें अपना सर्वस्व सहर्ष समर्पण कर दिया था। इसीको प्रपत्ति और शरणागति भी कहते हैं। श्रुतिमें इस सर्व-समर्पणका इस प्रकार निर्देश है—

य: पूर्व्याय वेधसे नवीयसे
सुमज्जानये विष्णवे ददाशति (ऋग्वेद १-१५६-२)

अर्थात् 'जो जन पुराणपुरुष, जगत्स्रष्टा, नित्य-नूतन, लक्ष्मीकान्त विष्णुभगवान्को निवेदन करता है।' यहाँ पर पत्र, पुष्प, धन, जनके साथ २ आत्मा का भी निवेदन अभीष्ट है। मन्त्रमें श्रीविष्णुभगवान्का विशेषण है 'सुमज्जानि' जिसकी व्युत्पत्ति इस प्रकार है—सुतरां माद्यति हृष्यति इति सुमत् अथवा सुतरां मादयति हर्षयति भक्तान् इति सुमत् ह्लादिनीशक्तिः श्रीलक्ष्मीः; सा जाया यस्येति सुमज्जानिः। बहुव्रीहिसमासे जायाया निङ् इति पाणिनिसूत्रम् ५-४-१३४।

तन्मयतायां व्रजाङ्गनाः ॥ ७० ॥

तन्मयतामें व्रजवधुएँ अर्थात् गोपियाँ आदर्श हैं। श्रीकृष्ण वनमें बछड़े चराने जाते तो गोपियाँ दिन भर श्रीकृष्णचिन्तनमें लीन रहा करती थीं। इनकी तन्मयताकी पराकाष्ठाका

दिग्दर्शन हमें तब होता है जब कि श्रीकृष्णके अन्तर्धान होने पर गोपियाँ अपने परमाराध्यकी लीलाएँ करने लगती हैं—

लीला भगवतस्तास्ता ह्यनुचक्रुस्तदात्मिकाः

(भागवत १०-३०-१४)

वात्सल्ये नन्दपत्नी। ७१॥

वात्सल्यमें यशोदाजी आदर्श हैं। नंद जी द्रोण नामक वसु थे और यशोदा जी थीं द्रोण-पत्नी धरा। ब्रह्मा जी के आदेशसे श्रीभगवान् नारायणकी कृष्णरूपमें सेवा-सपर्या करने के लिये ही द्रोण और धरा इस धराधामपर नन्द और यशोदाके रूपमें आये थे। दोनों ही परब्रह्म परमात्माका वात्सल्यभावसे आराधन करते थे—

ततो भक्तिर्भगवति पुत्रीभूते जनार्दने
दम्पत्योर्नितरामासीद् गोपगोपीषु भारत।

भागवत (१०-८-५१)

ध्यान औत्तानपादिः॥ ७२॥

ऊपर जिस स्मरणका उल्लेख हुआ है, वही जब अविच्छिन्न और एकतान हो जाय तो ध्यानरूपमें परिवर्तित हो जाता है। श्रवणभक्तिके प्रसङ्गमें जो मन्त्रभाग उद्धृत किया जा चुका है उसका 'युज्य' पद महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इससे ध्यानपर प्रकाश पड़ता है। श्रीविष्णुको युज्य कहा गया है। यह शब्द 'युज समाधौ' धातुसे निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है समाधेय, हृदयभवनमें भावनीय– ध्येय—'योगिभिर्ध्यानगम्यम्।'

ध्यानके आदर्श हैं उत्तानपादके पुत्र ध्रुव, जिन्होंने बाल्य कालमें ही, नारदजीके सदुपदेशके प्रभावसे, ध्यानकी ऐसी उच्चभूमिका प्राप्त कर ली थी कि उन्हें वैकुण्ठधामसे पधारे हुए,

एवं सम्मुख विराजमान, अपने इष्टदेवका भी पता न चला। ध्यानकी महिमामें पुराणका एक वचनहै —

आलोड्य सर्वशास्त्राणि विचार्य च पुनः पुनः
इदमेकं सुनिष्पन्नं ध्येयो नारायणः सदा।

अर्थात् समस्त शास्त्रोंका पर्यालोचन करनेपर एवम् बारंबार स्थिर बुद्धिसे सोचनेपर यही सार निकला कि नित्य निरन्तर सदा सर्वदा श्रीमन्नारायणका ध्यान करना चाहिये। यह ध्यान स्मरणका ही विशदतम चूड़ांत रूप है।

———

पञ्चम अध्याय

साधन और सायुज्य

अभिगमनादयः पञ्च ॥ ७३ ॥

श्रीभगवान्के सम्मुख जाना अर्थात् गृहैकदेशमें, नगरैकदेशमें अथवा तीर्थमें स्थापित श्रीविग्रहकी सेवामें उपस्थित होना अभिगमन कहलाता है। एवं श्रीभगवदाराधनाके निमित्त चन्दन, माला, धूप, दीप, नैवेद्य प्रभृति सामग्रीकी आयोजना करना उपादान कहलाता है।

सर्वप्रथम अभिगमन होता है। तदनन्तर उपादान। तदनन्तर इज्या अर्थात् याग वा पूजा। तदनन्तर स्वाध्याय अर्थात् मंत्रजप और स्तोत्रपाठ। तदनन्तर योग अर्थात् ध्यान। इन पाँचों को पंचकाल भी कहते हैं। जो वैष्णवजन जागरणसे शयनपर्यन्त भगवदाराधनामें ही दत्तचित्त हैं, वे अपनी आराधनाके समयको पाँच भागोंमें विभक्त कर लेते हैं। प्रथम भागमें अभिगमन, द्वितीयमें उपादान, तृतीयमें इज्या, चतुर्थमें स्वाध्याय और पंचममें योग होता है। इसका विवरण जयाख्य-संहितामें—

एकस्यैव हि कालस्य वासरीयस्य नारद।
आप्रभातं निशान्तं वै पंचधा परिकल्पना॥

—इत्यादि श्लोकोंद्वारा किया गया है।

अष्टप्रहरात्मक समयको भगवदाराधनामें व्यतीत न कर सकनेवाला भक्त यदि एक समयमें भी अभिगमनादि पाँचों कर्त्तव्योंको कर लिया करे तो भी वह पांचकालिक कहलाता है—

एवं विद्वानेकदापि कुर्वन् सन् पाञ्चकालिकः।

इनमेंसे अभिगमन, उपादान और इज्या—ये तीन कृत्य मध्याह्न-भोजनसे पूर्व ही सम्पादनीय हैं; स्वाध्याय तीसरे पहरमें और योग रात्रिमें शयनसे पूर्व। भोजनसे पूर्व ही पाँचों कृत्योंके सम्पादनका भी सम्प्रदाय है जैसा कि श्रीपांचरात्ररक्षामें वेंकटनाथजीका वचन है—

एतौ च स्वाध्याययोगौ आह्निकानुयागात् पूर्वमेव केषुचित् संहिता-विशेषेषु समाहृत्योपदिश्येते ।

इन पाँचोंमें भी इज्या प्रधान है; क्योंकि इसके करनेसे पंचकालोक्त सब कर्तव्य हो जाता है—

कृतं भवति वा सर्वमिज्ययैव हि केवलम् ।

(भारद्वाजसंहिता)

पूजामें सर्वप्रथम भगवद्विग्रहके सम्मुख जाना होता है । यह अभिगमन है । पत्र, पुष्प, फल, जल आदिके बिना पूजन सम्भव नहीं, अतः उपादान होता ही है । मन्त्रोच्चारण ही स्वाध्याय है । ध्यानके अनन्तर ही आवाहन होता है । अतः योग भी सम्पन्न होता है ।

श्रीभगवान्‌की पूजा (इज्या, याग, यजन) सभी कामनाओंको पूर्ण करनेवाली है, भोग और मोक्ष देनेवाली है, अभ्युदय और निःश्रेयसकी साधिका है—

अकामः सर्वकामो वा मोक्षकाम उदारधीः ।
तीव्रेण भक्तियोगेन यजेत पुरुषं परम् ॥

(श्रीमद्भा ग० २ । ३।१०)

इज्या द्विविधा बाह्यान्तर-भेदात् ॥ ७४ ॥

पूजा दो प्रकारकी है—बाह्य और आन्तर । स्थूल द्रव्यकी बनी हुई मूर्तिके द्वारा की हुई पूजा 'बाह्य' और मानसी मूर्तिके द्वारा की हुई 'आन्तर' है । इनको क्रमशः बहिर्याग और अन्तर्याग भी कहते हैं । अन्तर्याग ही मानसी पूजा है, जिसके विषयमें कहा गया है कि—

आवाहनादिपुष्पान्ता विधयः कथिता बुधैः ।
ते सर्वे ध्यानवद् योज्याः पूजा सा मानसी मता ॥

(वाराहसंहिता)

अर्थात् आवाहनसे लेकर पुष्पाञ्जलिपर्यन्त विधियोंका यदि

ध्यानके समान ही प्रयोग किया जाय, तो वह पूजा 'मानसी' होती है ।

प्रतिमायाम् सम्प्रदायः ॥ ७५ ।

प्रतिमा, मूर्त्ति, प्रतिकृति और बिम्ब ये पर्याय हैं । आराध्य देवके समान वर्ण, आकृति, वसन, आभरण, आयुधवाली प्रतिमामें पूजा करनेका विधान है । अथर्ववेदके 'ऋषीणां प्रस्तरोसि । नमो दैवाय प्रस्तराय'' अर्थात् ऋषियों द्वारा प्रतिष्ठापित और आराध्य देवद्वारा अधिष्ठित प्रस्तरको हम प्रणाम करते हैं, इस मन्त्रसे पाषाणप्रतिमाका निर्माण और पूजन स्पष्ट है । सामवेदके 'षड्विंश ब्राह्मण' के ''देवतायतनानि कम्पन्ते, दैवतप्रतिमा हसन्ति'' इत्यादि वचनोंसे वैदिक समयमें मन्दिर और मूर्तियोंके सद्भावकी सिद्धि होती है । पुराण और आगमसंहिताओंमें मूर्त्तिरचना और मन्दिर-निर्माणपर प्रचुर प्रकाश डाला गया है । 'श्रीमद्भागवत' में प्रतिमाके विषयमें कहा गया है कि—

शैली दारुमयी लौही लेप्या लेख्या च सैकती ।
मनोमयी मणिमयी प्रतिमाष्टविधा स्मृता ॥

अर्थात् पाषाण, काष्ठ, धातु, मिट्टी, रत्नकी, दीवारपर खींची हुई, कागज़ वा कपड़ेपर बनायी हुई और मानसिक, इस प्रकारसे प्रतिमा आठ प्रकारकी होती है । कुछ मूर्तियाँ गिरिगह्वर, सरित्, सरोवरादिमें स्वयं प्रकट हो जाती हैं, वे 'स्वयंव्यक्त' कहलाती हैं । सिद्ध महात्माओंसे प्रतिष्ठापित और पूजित मूर्त्तियाँ 'मानुष' कहलाती हैं । जो प्रतिमाएँ एक स्थानसे दूसरे स्थान तक ले जायी जा सकें, उन्हें 'चल' और जो न ले जायी जा सके, उन्हें 'अचल' कहते हैं ।

घरोंमें अँगूठेके पोरुएसे लेकर अधिकसे अधिक वितस्तिपरिमित मूर्ति स्थापित करनेका नियम है—

अंगुष्ठपर्वादारभ्य वितस्ति यावदेव तु ।
गृहेषु प्रतिमा कार्या नाधिका शस्यते बुधैः ॥ (मत्स्य पुराण)

वैष्णवभक्तोंमें शालग्रामका परमादर है। यह 'स्वयंव्यक्त' मूर्तियोंके अन्तर्गत है। इसमें प्रतिष्ठाकी आवश्यकता नहीं है—शालग्रामशिलायां तु प्रतिष्ठा नैव विद्यते (स्कन्द)। शालग्राम जितने छोटे हों, उतना अच्छा; जैसा कि वचन है—"यथा यथा शिला सूक्ष्मा तथा स्यात्तु महत्फलम्" (स्कन्द)। स्वयंव्यक्त मूर्त्तियाँ स्वयं प्रतिष्ठित हैं, 'दिव्य' और 'सिद्ध' मूर्तियाँ पहलेसे ही प्रतिष्ठित होती हैं। नूतन मानुष-प्रतिमाओंमें प्रतिष्ठा आवश्यक है। प्रतिष्ठासे प्रतिमामें भगवत्सानिध्य होता है, अतएव उसे 'श्रीविग्रह' कहते हैं। श्रीविग्रहकी समुचित पूजा-सपर्यासे भक्तोंको चतुर्वर्गकी प्राप्ति होती है। भक्तको चाहिए कि गुरुदेवसे पूजा-प्रक्रिया सीखकर भगवान्‌की अनेक मूर्त्तियोंमें जो अच्छी लगे, उसकी पूजा करे—

लब्धानुग्रह आचार्यात् तेन सन्दर्शितागमः।
महापुरुषमभ्यर्चेत् मूर्त्त्याऽभिमतयाऽऽत्मनः (भागवत ११।४।४८)

भगवत्प्रतिमाको घरमें न रखनेमें प्रत्यवाय है—

केशवार्चा गृहे यस्य न तिष्ठति महीपते।
तस्यान्नं नैव भोक्तव्यमभक्ष्येण समं स्मृतं॥ (स्कन्द पुराण)

अनेकधा सा कञ्जादि-विन्यास-भेदेन ।७६॥

कमल आदि को धारण करने के भेद से श्रीविष्णुभगवान् की चौबीस मूर्त्तियाँ होती हैं। उन चौबीस मूर्त्तियों के नाम केशव आदि हैं।

ऊपर के दाहिने हाथ में शङ्ख, नीचे के दाहिने हाथ में चक्र, ऊपर के बाएँ हाथ में गदा और नीचे के बाएँ हाथ में पद्म धारण करने से श्रीभगवान् केशव कहलाते हैं।

इसी क्रम से शङ्खादि के विन्यास में परिवर्त्तन करते रहने से चौबीस रूप बन जाते हैं। इन रूपों के नाम हैं केशव, विष्णु,

गोविन्द, वामन, दामोदर, पुरुषोत्तम, हृषीकेश, उपेन्द्र, प्रद्युम्न, जनार्दन, अच्युत, कृष्ण. मधुसूदन, माधव, त्रिविक्रम, नारायण, वासुदेव. अधोक्षज, नृसिंह, हरि, सङ्कर्षण अनिरुद्ध, श्रीधर और पद्मनाभ ।

ये रूप श्रीविष्णुभगवान् के मूर्त्ति-भेद हैं ।

भगवान् श्रीराम की मूर्त्ति धनुर्बाणधारिणी होती है, एवम् भगवान् श्रीकृष्ण की मुरलीमनोहरा ।

विहितैः कुसुमादिभिः ॥ ७७ ॥

सब उपचारोंमें षोडशोपचार अधिक प्रचलित है । सोलह ऋचावाले 'पुरुषसूक्त' की एक एक ऋचासे क्रमशः एक एक उपचार करनेसे षोडशोपचार सम्पन्न होता है । 'पुरुषसूक्त' के द्वारा जो श्रीभगवान्को पुष्प अथवा केवल जल भी समर्पण कर देता है, वह चराचर जगत्की पूजा कर लेता है—

दद्यात् पुरुषसूक्तेन यः पुष्पाण्यप एव वा ।
अर्चितं स्याज्जगदिदं तेन सर्वं चराचरम् ॥

(योगियाज्ञवल्क्य)

केवल वैदिक मन्त्रोंसे, वैदिक मन्त्रोंके साथ-साथ पुराणागमोक्त मन्त्रोंसे, अथवा केवल पुराणागमोक्त मन्त्रोंसे भी उपचार सम्पन्न होते हैं । केवल नाममन्त्र तृतीय विकल्पके ही अन्तर्गत हैं । वेदपाठमें अनधिकृतोंको तृतीय विकल्प ही स्वीकार्य है । अर्घ्य सब उपचारों का प्रतीक है । यदि अन्यान्य उपचार न बन पड़ें तो अर्घ्य-दानसे ही सब पूजा निष्पन्न होती है, जैसा कि वचन है—

सर्वेषामुपचाराणामर्घ्यं परममुच्यते ।
कृतेनैकेन तेनैव सर्वमेव कृतं भवेत् ॥

(भरद्वाजसंहिता परिशिष्ट)

पूजनमें कुछ पुष्प वर्जित हैं, कुछ विहित हैं। अविहित पुष्पों-से पूजन नहीं करना चाहिए। इसी प्रकार अन्यान्य उपचारोंमें प्रयोज्य द्रव्योंका ज्ञान साधकको सम्पादनीय है। पाद्यमें दूर्वा आदिका विधान है—

पाद्ये दूर्वां विष्णुपर्णीं श्यामकं पद्ममेव च।

अर्घ्यमें श्वेत सर्षप आदिका विधान है—

सिद्धार्थमक्षतं चैव कुशाग्रं तिलमेव च।
यवं गन्धं फलं पुष्पमर्घ्यपात्रे विनिक्षिपेत्॥

स्नानानन्तर श्रीभगवान्‌को पीताम्बर पहनाना चाहिये। सब गन्धोंमें मलयज श्रेष्ठ है—

सर्वेषु गन्धजातेषु प्रशस्तो मलयोद्भवः
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन दद्यान्मलयजं सदा॥ (कालिकापुराण)।

कपूर, केसर और कस्तूरीके साथ घिसे हुए चन्दनमें और भी आमोदवृद्धि हो जाती है। वैखानस भक्त कस्तूरी का प्रयोग नहीं करते। इस उपचारमें अनामिका प्रशस्त है। चन्दन लगानेके अनन्तर श्रीविष्णु-पूजनमें अक्षतोंका विधान नहीं है—

नाक्षतैरर्चयेद् विष्णुम्।

कीड़ोंके खाये हुए, पृथ्वीपर स्वयँ गिरे हुए, मलिन, बिना खिले हुए, छिन्न-भिन्न, अस्पृश्य व्यक्ति के द्वारा लाये हुए, एरण्डपत्र-में लाये हुए, बाएँ हाथमें रखे हुए, धोतीमें रखे हुए, पानीसे धोये हुए और दुर्गन्धयुक्त पुष्प उपादेय नहीं हैं। अभिनव पुष्पों-के अभावमें कुछ पुष्प कुछ दिनों तक पर्युषित भी ग्राह्य हैं, जैसे कमल पांच दिन तकका और तुलसी ग्यारह दिन तककी। यथा-सम्भव दिनके फूलोंसे दिनमें ओर रातके फूलोंसे रातमें पूजा करनी चाहिए—दिवा पुष्पैर्दिवा पूजा रात्रिपुष्पैस्तथा निशि (परमसंहिता ५।४०)। आक, धतूरा, काञ्ची, पहाड़ी चमेली,

कुड़ा, शाल्मली और कटेरोके फूल श्रीविष्णुकी पूजामें निषिद्ध हैं—

नार्कं नोन्मत्तकं काञ्ची पूजने गिरिमल्लिका ।
कौटजं शाल्मलीपुष्पं कण्टकारिभवं न हि ॥

(अग्निपुराण)

उग्रगन्ध पुष्पोंका संङ्ग्रह नहीं करना चाहिए—

अन्यानि चोग्रगन्धानि अनुक्तानि सर्वाणि वर्जयेत् ।

(वैखानसागम)

जाती, चम्पक, मल्लिका, मालती, तुलसी, पद्म आदिकी वैखानसागममें प्रशंसा की है और कहा है—

अन्यानि तरुलताजातानि सौम्यानि सुगन्धीनि
तुष्टिकराणि यथार्हं गृह्णीयात् ॥

महाभारतमें जपा, अशोक, बहेड़ा, आक, नीम आदिके फूलोंको निषिद्ध बताकर चम्पा, मालती, जाती, पलाशपुष्पकी प्रशंसा की गई है। उत्पल, पद्म, शतदल, सहस्रदल, और पुण्डरीक उत्तरोत्तर प्रशस्त हैं। इनसे भी अधिक तुलसी है। उससे भी अच्छा है अगस्ति-पुष्प और सौवर्ण पुष्प तो भगवान्को प्रियतम है। परिस्थितिवश यदि पुष्प न मिल सकें, तो उन उन क्षुपादिके पत्तोंसे और तृण-गुल्मौषधियोंसे भी पुष्पोपचार सम्पन्न हो सकता है—

अलाभे तु सुपुष्पाणां पत्राण्यपि निवेदयेत् ।
पत्राणामप्यलाभे तु तृणगुल्मौषधीरपि ॥

(भविष्यपुराण)

फूलको टेढ़ा करके नहीं चढ़ाना चाहिए, प्राकृतिक दशामें पेड़पर जैसा लगता है, वैसा ही अर्पित करना चाहिए—

यथोत्पन्नं तथार्पयेत् ।

मध्यमा और अनामिकाके बीचमें फूल लेकर अर्पण करना चाहिए—

मध्यमानामिकामध्ये पुष्पं संगृह्य पूजयेत् ।

पूर्व दिवसमें समर्पित पुष्पोंके अपनोदनमें अङ्गुष्ठ और तर्जनीका विधान है—

अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु निर्माल्यमपनोदयेत् ।

तुलसी का दल बिना स्नान किये नहीं तोड़ना चाहिए—

अस्नात्वा तुलसीं छित्वा यः पूजां कुरुते नरः ।
सोऽपराधी भवेत् सत्यं तत्सर्वं निष्फलं भवेत् ॥

(वायुपुराण)

पद्मपुराण के अनुसार पूर्णिमा, अमावस्या, द्वादशी, सङ्क्रान्ति, तैलाभ्यङ्ग, मध्याह्न, रात्रि, सन्ध्यासमय और अपवित्रतामें तथा रात्रिके वस्त्र पहने हुए तुलसीदल लेना वर्जित है। वाचस्पतिके मतसे सङ्क्रान्त्यादि निषिद्ध समयमें भी शालग्राम-पूजनार्थ तुलसीदल ले सकते हैं—

सङ्क्रान्त्यादौ निषिद्धेऽपि तुलस्यवचयः स्मृतः ।

चन्दन, अगर और देवदारका चूर्ण धूपके लिए उत्तम है—

देवदारुकृतं धूपं चन्दनागुरुमिश्रितम् ।
आदद्याद्देवपूजायां विधूमाङ्गारसम्भवम् ॥

(परमसंहिता ५ । ५१)

अष्टगन्धका धूप बहुत प्रसिद्ध है। धूपके चूर्णको मध्यमा और अनामिकापर रखकर अङ्गुष्ठाग्रसे अग्निमें डालना चाहिए। धूप देते समय घण्टी बजानी चाहिए। दीपक घीका ही बनाया जाय अथवा तेलका ही, घी और तेल दोनोंको मिलाना नहीं चाहिये। बत्ती कपासकी ग्राह्य है, और घी गायका ग्राह्य है—

न मिश्रीकृत्य दद्यात्तु दीपं स्नेहे घृतादिकम् ।
घृतेन दीपकं नित्यं तिलतैलेन वाः पुनः ॥
ज्वालयेन् मुनिशार्दूल सन्निधौ जगदीशितुः ।
कार्पासवर्त्तिका ग्राह्या न दीर्घा न च सूक्ष्मका ॥

(कालिकापुराण)

गव्येन सर्पिषा दीपं तैलेनापि कृतं नवम् ।
सूत्रवर्त्तियुतं दद्यादमुखानलदीपितम् ॥

(परमसंहिता ५ । ५३)

नैवेद्य निवेदन करनेके लिए सोनेका, चाँदीका, काँचका, ताँबेका या मिट्टीका पात्र हो अथवा ढाकका पत्ता या पद्मका पत्ता हो—

हैरण्यं राजतं कास्यं ताम्रं मृण्मयमेव च ।
पालाशं पद्मपत्रं वा पात्रं विष्णोरतिप्रियम् ।

(पद्मपुराण)

वैश्वदेव करके, धेनुमुद्रा दिखाकर, विविध, उत्तमोत्तम सात्विक, षड्रससम्पन्न सामग्री एवं पानीय निवेदन करना चाहिए। भोज्यान्न के अभावमें फल और उनके भी अभावमें जल निवेदन करनेसे भी यह उपचार सम्पन्न होता है—

नैवेद्यवस्त्वलाभे तु फलानि च निवेदयेत् ।
फलानामप्यलाभे तु तोयान्यपि निवेदयेत् ।

(पद्मपुराण)

पूर्वापोशन, उत्तरापोशन, हस्तप्रक्षालन, मुखप्रक्षालन, आचमनीय और करोद्वर्तन समर्पण करना भी नैवेद्यके अङ्ग हैं। एला, लवङ्ग, कपूरसे सुवासित ताम्बूल समर्पण करना चाहिए। चरणारविन्दोंकी चार बार, नाभिकी एक बार, वदनारविन्दकी तीन बार और समग्र श्रीविग्रहकी सात बार आरती उतारनेसे यह उपचार सम्पन्न होता है। शङ्खपूर्ण जलको श्रीमूर्त्तिके चतुर्दिक् घुमाना भी इस उपचारका अङ्ग है, किन्तु वैखानस भक्तगण शङ्खको पूजा-कृत्यमें नहीं लाते। शङ्खवारिसे, आर्त्तिक्यानन्तर मार्जन पापघ्न है—

शङ्खमध्ये स्थितं तोयं भ्रामितं केशवोपरि ।
अङ्गलग्नं मनुष्याणां ब्रह्महत्यां व्यपोहति ॥

श्रीविष्णुभगवान्की चार परिक्रमा होती हैं—

"चतस्रः केशवे कुर्यात्", "हरेश्चतस्रः कर्त्तव्याः ।"

जिस प्रणाममें छाती, सिर. नेत्र, मन, वचन, दोनों पैर, दोनों हाथ और दोनों घुटनोंका उपयोग हो, उसे अष्टाङ्ग कहते हैं—

उरसा शिरसा दृष्ट्या मनसा वचसा तथा।
पद्भ्यां कराभ्यां जानुभ्यां प्रणामोऽष्टाङ्ग उच्यते ॥

उपचारोंमें किसी प्रकारकी न्यूनता रह जाय, तो वह श्रीभगवत्स्मरणसे पूर्ण हो जाती है—

यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या यज्ञदानतपः-क्रियाः।
न्यूनाः सम्पूर्णतां यान्ति सद्यो वन्दे तमच्युतम् ॥

यात्राव्रतोपवासाः ॥ ७८ ॥

शरीर और मनमें सात्त्विकताका विकास होनेसे श्रीभगवान्के पदपद्मोंमें भक्तिभावकी वृद्धि होती है, अतएव सत्त्वोद्रेकके लिए सतत यत्नवान् होना चाहिये।

निर्मल जलवाले, एवं भगवल्लीलास्थली होने के कारण वन्दनीय सरित्सरोवरोंमें, वापीनिर्झरोंमें स्नान-आचमनसे शरीरशुद्धिके साथ साथ मानसिक शान्ति भी मिलती है। तटवर्त्ती ब्रह्मनिष्ठ महानुभावोंके सत्संगसे तथा उनके वचनामृतपानसे ज्ञानवैराग्यका उदय होता है और भजनलालसा तीव्र होती है। समस्त जलाशयोंमें गंगाजी की महिमा मुख्य है। गंगा साक्षात् श्रीविष्णुका चरणोदक है जिसकी दिव्यतासे सभी विमुग्ध हैं। गंगाजी की यात्रा करते समय प्रतिपद अश्वमेधादि यज्ञोंका फल मिलता है—

यस्यां स्नानार्थं चागच्छतः पुंसः पदे पदेऽश्वमेधराजसूयादीनां फलं न दुर्लभम्। (भागवत ५। १७। ९)

गंगाके अतिरिक्त यमुना, दृषद्वती आदि अनेक पूततोया सरिताएँ हैं। गंगादि जलाशयोंकी तथा अयोध्या, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन, द्वारका, पुरी, सेतुबंध, बदरीनारायण, प्रयाग, काशी

आदि पतितपावन धामोंकी; एवं कुञ्ज, गिरि, वनोपवन आदि अन्यान्य भगवद्विलास-भूमियोंकी यात्रा भक्तोंका कर्त्तव्य है ।

सत्त्वोद्रेकका दूसरा उपाय है व्रत और उपवास । अमावस्या, पूर्णिमा, दोनों पक्षोंकी द्वादशियाँ और श्रवणनक्षत्रद्वादशी ये पाँच तिथियाँ भगवान्को अतिप्रिय हैं; अतएव इनमें व्रत व उपवास-का विधान है । यदि सब उपवास करनेमें व्यक्ति असमर्थ हो तो उसके लिये केवल द्वादशीमें उपवासका विधान है ।

महाभारतमें लिखा है कि मार्गशीर्षसे कार्त्तिक तक प्रत्येक मासमे क्रमशः केशव, नारायण, माधव, गोविन्द, विष्णु, मधुसूदन, त्रिविक्रम, वामन, श्रीधर, हृषीकेश, पद्मनाभ और दामोदर नामसे श्रीभगवान्का पूजन करना चाहिये ।

अवतारोंकी जयन्तियाँ शास्त्रोक्त अवसरोंपर एवं अर्चावतारोंके प्रादुर्भावोत्सव भी यथावसर इच्छानुसार मनाये जा सकते हैं । इसके अतिरिक्त अनन्त-चतुर्दशी आदि अन्य व्रत वा उपवास करते हुए इनके नियमोंका सांगोपांग पालन करनेसे सद्गुणोंका उदय होता है ।

एकादशीमें उपवास करनेसे सैकड़ों पूर्वजन्मोंमें किये हुए भी पाप विनष्ट हो जाते हैं :—

एकादशी-समुत्थेन वह्निना पातकेन्धनम् ।
भस्मतां याति राजेन्द्र अपि जन्मशतोद्भवम् ।।

(वसिष्ठ)

पाप सभी इन्द्रियोंसे हो सकते हैं और यह उपवास उन सबको ही दूर कर देता है—

एकादशेन्द्रियैः पापं यत् कृतं भवति प्रभो ।
एकादश्युपवासेन तत् सर्वं विलयं व्रजेत् ।।

(वसिष्ठ)

वाजपेय और अश्वमेध यज्ञोंके फलसे भी अधिक इस उपवासका फल है—

अश्वमेधसहस्राणि वाजपेयशतानि च ।
एकादश्युपवासस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥

(वसिष्ठ)

पुत्र, कलत्र, आरोग्य, राज्य एवं स्वर्ग और अपवर्ग भी इस उपवाससे मिलते हैं—

स्वर्गमोक्षप्रदा ह्येषा राज्यपुत्रप्रदायिनी ।
सुकलत्रप्रदा ह्येषा शरीरारोग्यदायिनी ॥

(वसिष्ठ)

वैष्णव भक्त सम्पत्तिमें हों वा विपत्तिमें हों, एकादशीके उपवासका परित्याग नहीं करते—

परमापदमापन्नो हर्षे वा समुपस्थिते ।
नैकादशीं त्यजेद्यस्तु यस्य दीक्षास्ति वैष्णवी ॥
समात्मा सर्वजीवेषु निजाचारादविच्युतः ।
विष्णवर्पिताखिलाचारः स हि वैष्णव उच्यते ॥

(स्कन्दपुराण)

यह उपवास नित्य है, अर्थात् प्रतिपक्ष अवश्य अनुष्ठेय है। विशेष कामनाको लेकर किये जानेसे कामना सिद्ध भी हो सकती है। उपवासमें दशमी-विद्धा एकादशी वर्जित है।

सूर्योदयसे पूर्व चार घड़ीका समय अरुणोदय कहलाता है—

उदयात् प्राक् चतस्रस्तु नाडिका अरुणोदयः ।

(नारद)

अरुणोदय यदि दशमी-शेषसे संयुक्त हो तो वह एकादशी विद्धा कहलाती है। दशमी-विद्धा एकादशी त्याज्य है—

दशमीशेषसंयुक्तो यदि स्यादरुणोदयः ।
नैवोपोष्यं वैष्णवेन तद्दिनैकादशीव्रतम् ॥

(गरुडपुराण)

दशमी-वधका विधान विभिन्न संप्रदायोंमें पृथक् पृथक् है।

नवमी, दशमी अथवा एकादशी के क्षय अथवा वृद्धि होने पर द्वादशीमें उपवास करना चाहिये। श्रवणयुक्त द्वादशीकी विशेष महिमा है। एकादशीमें उपवासकी पारणा द्वादशीमें होती है। और द्वादशीमें उपवासकी पारणा त्रयोदशीमें।

आठ वर्षके वयसे लेकर अस्सी वर्षके वय तकके स्त्री-पुरुष इस उपवासके अधिकारी हैं। ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, संन्यासी और विधवा नारीके लिये दोनों पक्षोंमें उपवासका विधान है, किन्तु गृहस्थके लिये केवल शुक्ल पक्षमें—

एकादश्यां न भुंजीत पक्षयोरुभयोरपि।
वानप्रस्यो यतिश्चैव शुक्लामेव सदा गृही॥

(कूर्म पुराण)

एकादश्यां न भुंजीत पक्षयोरुभयोरपि।
ब्रह्मचारी च नारी च शुक्लामेव सदा गृही॥

(भवष्योत्तर)

पतिकी अनुमतिसे स्त्रियोंको भी एकादशीके उपवासमें अधिकार है। आठ पहर तक भोजनका त्याग उपवास कहलाता है। इस प्रकारके भोजनत्यागमें जो अशक्त हों, वे उपवासके स्थानपर व्रत कर सकते हैं। व्रत में उसी दिन फलादिका आहार कर सकते हैं। मध्याह्न बीतनेपर रात्रिसे पूर्व ही जो व्रत-पारणा होती है वह 'एकभक्त' कहलाती है। नक्षत्र-दर्शनपर पारणा 'नक्त' कहलाती है। बिना किसी प्रयत्नके उपलब्ध व्रतानुकूल पदार्थसे पारणा 'अयाचित' कहलाती है। इसके लिये दिन वा रात्रिका विशेष विधान नहीं है।

इन त्रिविध विकल्पोंमेंसे किसी एकको अंगीकार करके एकादशीका व्रत कर्त्तव्य है। ऐसा न हो कि व्रत रक्खा ही न जाय। व्रत न हो सके तो ब्राह्मण-भोजन करावे अथवा दान दे—

एकभक्तेन नक्तेन तथैवायाचितेन च।
उपवासेन दानेन न निर्द्वादशिको भवेत् ।।

(मार्कण्डेय)

अथवा गायत्रीका सहस्र जप करे अथवा बारह बार प्राणायाम करे—

सहस्र-सम्मितां देवीं जपेद्वा प्राणसंयमान्।
कुर्याद् द्वादशसंख्याकान् यथाशक्ति व्रते नरः।।

(ब्रह्मवैवर्त्त)

स्वयं व्रतोपवासमें अशक्त होनेपर भाई, बहिन, पत्नी, पुत्र, शिष्य, पुरोहित अथवा ब्राह्मणान्तरसे कराना चाहिये। इससे नियममें बाधा नहीं आती।

दशमीको एक बार भोजन, भूमिशयन और ब्रह्मचर्यका विधान है। व्रतके दिन दातुन न करे, तेल न मले, काजल न लगावे, अनुलेपन न करे। भोजनमें अन्न, शाक, तिल-पिष्ट, तैल, मधु, मांस, मसूर, पुनर्भोजन एवं कांस्यपात्रभोजनका निषेध है। अधिक जल पीना, बार २ जल पीना भी निषिद्ध है। ताम्बूल-चर्वण और दिनमें सोना निषिद्ध है। पतित, पाखण्डी, नास्तिक, अन्त्यज, रजस्वलाका स्पर्श तथा उनसे सम्भाषण गर्हित है। दिनमें देव-मूर्त्तियों के लिये कुसुम-मण्डपकी रचना करे। वहाँ लक्ष्मी-नारायणका विधि-पूर्वक पूजन कर हवन, जप और स्तुति करे। रात्रिमें जागरण-पूर्वक भक्ति-विषयक गीत, वाद्य और नृत्यका आयोजन करे।

उपवाससे अगले दिन भी एक बार भोजनका विधान है।

इस प्रकार एकादशीका व्रत एवं उपवास करनेसे श्रीविष्णु भगवान् प्रसन्न होते हैं।

शीलाचारनिष्ठा ।।७६।।

शीलका अर्थ है सद्व्रत—सच्चरित्र—अच्छा चालचलन। इसे सदाचारका अंग माना जा सकता है किन्तु अच्छे चालचलन-

की महिमाका अधिक प्रख्यापन करनेके लिये इसका पृथक् निर्देश है।

महर्षि हारीतने ब्रह्मण्यता, देवपितृभक्ति, अनसूया, सौम्यता, अपरोपतापिता, मृदुता, अपारुष्य, मैत्रता, प्रियवादिता, कृतज्ञता, शरण्यता, कारुण्य, और प्रशान्तिको शील माना है।

परस्त्रीके साथ वयोनुसार माता, बहिन वा पुत्रीके समान व्यवहार भी सद्वृत्त है। ऐसे शीलवान् व्यक्ति धन्य हैं—

मातृवत् स्वसृवच्चैव तया दुहितृवच्च ये।
परदारेषु वर्त्तन्ते ते नराः स्वर्गगामिनः ॥

(महाभारत)

सदाचारकी बड़ी महिमा है। श्रुति और स्मृतिके अनन्तर इसीका प्रामाण्य है। आचारहीन व्यक्ति अपवित्र है, उसे श्रुति भी पवित्र तहीं करती—

आचारहीनं न पुनन्ति वेदाः।

ब्राह्मणादि वर्णोंके और ब्रह्मचर्यादि चारों आश्रमोंके विशेष विशेष आचार शास्त्रमें भिन्न भिन्न रूपमें उपदिष्ट हैं। उन सब वर्णाश्रमाचारोंका पालन आवश्यक है। उनके नित्य नियमपूर्वक पालन करनेसे श्रीभगवान् प्रसन्न होते हैं- -

वर्णाश्रमाचारवता पुरुषेण परः पुमान्।
सम्यगाराध्यते पन्था नान्यस्तत्तोषकारकः ॥

आचारके इसी माहात्म्यको ध्यानमें रखकर ही इसे सबसे बड़ा धर्म बताया गया है—

आचारः परमो धर्मः।

ब्राह्म मुहूर्तमें प्रातःस्मरणपूर्वक शय्यात्याग, गुरुजनाभिवन्दन, शौचस्नानादि दिनचर्या और रात्रिचर्याके समस्त शास्त्रोक्त व्यापार आचारके अन्तर्गत हैं।

स्नानके बिना कोई धार्मिक कृत्य नहीं किया जाता। अतः स्नान आवश्यक कर्त्तव्य है—

स्नानपूर्वाः क्रियाः सर्वा यतः सम्यक् फलप्रदाः।
तस्मात् स्नानं पुरा कुर्यात् य इच्छेच्छ्रेय आत्मनः॥

(जयाख्य संहिता ६। ७०)

स्नानके अनन्तर सन्ध्याका विधान है। अपनी अपनी शाखाके सूत्रके अनुसार इसका स्वरूप जान लेना चाहिये। उदाहरणार्थं माध्यन्दिन शाखाके पारस्कर सूत्रके अनुसार संध्याका संक्षिप्त स्वरूप है मार्जन, प्राणायाम और सूर्योपस्थान।

धर्मशास्त्रमें प्रातः सन्ध्या और सायं सन्ध्या न करने वाले द्विजोंकी बड़ी निन्दा की गई है—

न तिष्ठति तु यः पूर्वां नोपास्ते यश्च पश्चिमाम्।
स शूद्रवद् बहिष्कार्यः सर्वस्माद् द्विजकर्मणः॥

(मनुस्मृति २। १३)

जब तक मनुष्य संध्या न करले तब तक उसमें अन्य कार्योंके करनेकी योग्यता नहीं आती—

सन्ध्याहीनो ऽशुचिर्नित्यमनर्हः सर्वकर्मसु।
यत्किंचित् कुरुते कर्म तत्सर्वं निष्फलं भवेत्॥

(दक्षस्मृति)

संध्याके अनन्तर गायत्रीका जप करना चाहिए। तदनन्तर होमका, तत्पश्चात् स्वाध्यायका, फिर तर्पणका और फिर पूजनका विधान है। स्नानानन्तर सन्ध्यादि षट्कर्म नित्य अनुष्ठेय हैं—

स्नानं सन्ध्या जपो होमः स्वाध्यायः पितृतर्पणम्।
देवतापूजनं चैव षट् कर्माणि दिने दिने॥

ब्रह्मादीनां सम्मानस्तद्विभूतित्वात् ॥ ८० ॥

श्रीब्रह्मदेव आदि देवगण भगवद्विभूतियाँ हैं, अतः उन सबका सम्मान शास्त्र-विहित है। महर्षि पराशर का वचन है—

सर्वे च देवा मनवः समस्ताः
सप्तर्षयो ये मनु-सूनवश्च
इन्द्रश्च योऽयं त्रिदशेशभूतो
विष्णोरशेषास्तु विभूतयस्ताः ।

(विष्णुपुराण १ । ३ । ४६)

स्वयं श्रीभगवान् ने दक्ष प्रजापति से कहा था कि—

ब्रह्मा भवो भवन्तश्च मनवो विबुधेश्वराः
विभूतयो मम ह्येता भूतानां भूतिहेतवः ।

(भागवत ६ । ४ । ४५)

श्रीमद्भागवत के 'विद्याकामस्तु गिरिशं दाम्पत्यार्थमुमां सतीम्'
(२ । ३ । ७)

दुर्गां विनायकं व्यासं विष्वक्सेनं गुरून् सुरान्
स्वे स्वे स्थाने त्वभिमुखान् पूजयेत्प्रोक्षणादिभिः ।

(११ । २७ । २९)

इत्यादि पद्य भी इस प्रसङ्ग में मननीय हैं ।

विवेकादीनाम्पालनम् ॥ ८१ ॥

समस्त साधनोंका एकमात्र लक्ष्य है चित्तमें सात्त्विकताका संचार; क्योंकि सत्त्वगुणविभूषित चित्तमें ही श्रीभगवान्का सतत स्मरण सम्भव है—

सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः (छान्दोग्य० ७ । २६ । २)

परतत्त्वके उपासनमें निरत सत्पुरुषोंमें सात साधन प्रचलित हैं—विवेक, विमोक, अभ्यास, क्रिया, कल्याण, अनवसाद और अनुद्धर्ष । सर्वप्रथम विवेकका विवेचन किया जाता है ।

आहारे शुद्धिर्विवेकः ॥ ८२ ॥

विवेकका यहाँ अर्थ है खान-पानमें शुद्धि । मानवजीवनमें आहार और विहारके संयमका बड़ा महत्त्व है । आहारसे तात्पर्य है भोजनका, और भोजनके अतिरिक्त इतर कार्यकलापका नाम है

विहार। ये दोनों जब संयत हो जाते हैं—युक्त हो जाते हैं, तब साधकको सर्वांगीण समुन्नतिकी ओर अग्रसर करते हैं।

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥

(गीता ६। १७)

अर्थात् यथायोग्य आहार-विहार, यथायोग्य कर्मचेष्टा और यथायोग्य सोने-जागनेवालेका योग ही दुःखनाशक होता है। मनुष्य जैसा भोजन करता है वैसा ही उसका मन बनता है—

अन्नमयम् हि सौम्य मनः। (छान्दोग्य० ६। ६। ५)

सात्त्विक आहार करनेसे चित्त सात्त्विक होता है—

आहार-शुद्धौ सत्त्वशुद्धि:। (छान्दोग्य० ७। २६। २)

परतत्त्वके उपासक सत्त्वगुणसम्पादनमें बद्धपरिकर रहते हैं, अतएव तामस भोजनका सर्वथा त्याग कर देते हैं ओर राजससे भी बचना ही चाहते हैं। भोजनमें दो वर्ग हैं—सामिष और निरामिष। आमिषके तामस होनेके कारण सात्त्विक साधनामें उसका कोई स्थान नहीं। शास्त्रमें आमिषभोजनके परिचायक जिन वाक्योंका समावेश है, वे परिसंख्या हैं; न कि विधि वा नियम।

निरामिष खाद्यसामग्रीमें—अन्नादिमें भी—कारणवश तामसभाव आ सकता है अतएव वह भी त्याज्य है, अर्थात् तामसभावापन्न अन्नादि भी साधकोंके लिए हितकारी नहीं है। विज्ञ पुरुषोंकी सम्मति है कि आहारमें तीन प्रकारका दोष होता है—१ जातिदोष, २ आश्रयदोष और ३ निमित्तदोष।

जो भोजनद्रव्य अपनी जातिसे ही अर्थात् स्वभावसे या प्राकृतिक गुणोंसे ही भोक्ताके चित्तमें राजस और तामस भावोंको जागरित कर देता है, उसमें जातिदोष माना जाता है। ऐसे भोजनके

उदाहरण हैं—लहसुन, शलगम और प्याज। इसीलिए शास्त्रने ऐसे खाद्यका निषेध किया है—

पलाण्डुं गृञ्जनं चैव मत्या जग्ध्वा पतेद् द्विजः।

(मनु० ५। १९)

और—

लशुनं गृञ्जनं चैव जग्ध्वा चांद्रायणं चरेत्।

(याज्ञवल्क्य० १। ७। १७६)

पतित, नास्तिक आदि तामस वृत्तिवाले लोगोंके भोजनमें आश्रयदोष है। ऐसे पुरुष अपने उपार्जित द्रव्यसे मोल लेकर फल-दुग्ध आदि पदार्थ भी यदि किसीको खिलाएँगे तो खानेवाले-के मनमें बुरे भावोंका उदय होगा। लोभी, चोर, सूदख़ोर, शत्रु, क्रूर, उग्र, पतित, नपुँसक, महारोगी, जार, स्त्रैण, वेश्या, व्यभि-चारिणी, निर्दय, पिशुन, मिथ्यावादी, कसाई आदि व्यक्तियोंकी अभोज्यान्नोंमें गणना है अर्थात् इनका भोजन नहीं करना चाहिए।

'इस अन्नको कौन खायगा' ऐसा कहकर जिसका वितरण हुआ हो, जिसे किसी अपवित्र व्यक्तिने छू दिया हो, अथवा पवित्र व्यक्तिने भी जान-बूझकर जिसमें पैर लगा दिया हो, बुरे लोगोंकी जिसपर दृष्टि पड़ चुकी हो, कुत्ते-कौए आदिने जिसे जूठा कर दिया हो, एवं गाय आदिने जिसे सूँघ लिया हो—ऐसे भोजनमें निमित्तदोष माना जाता है।

उपर्युक्त जातिदोष, आश्रयदोष और निमित्तदोषसे रहित खाद्यसामग्रीका भोजन करना 'विवेक' नामक साधन है। शुद्ध होकर, शुद्ध वस्त्र धारण करके, हाथ, पैर, मुँहको धोकर, शुद्ध स्थानमें आसनपर, विहित दिशाकी ओर मुँह करके, विहित समयमें, स्पृश्य और संस्कृत व्यक्तिके द्वारा बनाये हुए और परोसे हुए भगवत्प्रसादके भोजन करते रहनेसे अन्तःकरण निर्मल हो जाता है।

कामादिष्वनासक्तिर्विमोकः ॥८३॥

विमोकका अर्थ है परित्याग । कामको—विषयोंकी वासनाको त्याग देना, उसमें आसक्ति न रखना ही 'विमोक' नामक साधन है ।

काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य—ये छः शत्रु साधक पुरुषकी आध्यात्मिक उन्नतिमें बाधक हैं । इन सभीका त्याग श्रेयस्कर है; क्योंकि चित्तमें जब इनका अभाव होता है तभी वह भक्तिभाव करनेके योग्य बन सकता है । इन छःमें भी पहले तीन अति प्रबल हैं, अतएव इन्हें नरकका 'त्रिविध द्वार कहा गया है, जिसमें प्रविष्ट होनेपर जीवात्मा, अनात्मभावसे भावित होनेके कारण, विनाशकी ओर अग्रसर होने लगता है—

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः ।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत् त्रयं त्यजेत् ॥

(गीता १६ । २१)

इन तीनोंमें भी काम ही प्रबलतम है । बड़े-बड़े वीर पुरुष भी इससे हार मान गये हैं । गीतामें इसे रजोगुण-समुद्भव, महाशन, महापाप्मा, दुष्पूर अनल, ज्ञानविज्ञाननाशन और दुरासद शत्रु बताया गया है । कामी पुरुषकी सदसद्विवेचिनी बुद्धि भी उपहत हो जाती है । अतएव यह बुद्धिसे भी बलशाली है—

एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना ।
जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम् ॥

(गीता ३ । ४३)

स्मृतिका वचन है कि—

कामात्मता न प्रशस्ता न चैवेहास्त्यकामता ।

अर्थात् संसारमें कामको छोड़ते भी नहीं बनता और कामीकी निन्दा भी की जाती है । कामनाओंके उपभोगसे कामका उपशम होता ही नहीं, प्रत्युत वह निरन्तर वृद्धिङ्गत होता है—

न जातु कामः कामानामुपभोगात् प्रशाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते ॥

ऐसी दशामें क्या कर्त्तव्य है ? कामको धर्मसे संपृक्त कर देना । धर्म-संयुक्त काम अनिष्टकारी न होकर आत्माके अभ्युदयमें सहायक ही होता है । जीवकी विषयप्रवण, स्वाभाविक, अनर्गल प्रवृत्तिको विवाहादि धार्मिक कृत्य नियन्त्रणमें रखते हैं, इसीसे भगवान्‌ने धर्म्य कामको अपनी विभूति बताया है—

धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ ।

(गीता ७ । ११)

कामपर विजय प्राप्त करनेके लिये एक उपाय बताया जाता है 'असङ्कल्प'—

असङ्कल्पाज्जयेत् कामम्,

किन्तु इतिहासमें सुना गया है कि संकल्प-विकल्प-शून्य समाधिको प्राप्त करनेवाले कई तपस्वियोंने भी कामकी सेनाके सम्मुख आत्मसमर्पण कर दिया था ।

श्रीभगवान् ही कृपा करके इस दुर्धर्ष शत्रुसे बचाएं तो बचाव हो सकता है, अन्यथा बड़े-बड़े अभिमानी साधक इसके वक्र चक्र में पड़कर अपने परिष्कृत प्रज्ञावादको भी लांछित कराते हैं । केवल भगवच्चरणारविन्दका आश्रय ग्रहण करनेवाला भक्त ही यह कह सकता है कि—

न कामकलुषं चित्तं मम ते पादयोः स्थितम् ।
कामये वैष्णवत्वं च सर्वजन्मसु केवलम् ॥

(ब्रह्मतन्त्र)

कामपर विजय प्राप्त करना अथवा कामको धर्माविरुद्ध बनाना प्रवृत्तिमार्गियोंके लिये ही उपादेय है, किन्तु जो निवृत्तिमार्गी हैं—संसारके विषयोंसे जिन्हें ग्लानि है, महर्षि पतंजलिके—

शौचात् स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्गः

(योगसूत्र २ । ४०)

इस वचनकी भावनासे एवं शरीरके रक्तमांसमय संघटनके तात्त्विक विज्ञानसे, जिन्हें न केवल अपने ही अङ्गमें जुगुप्सा है, अपितु दूसरेसे संसर्गकी भी इच्छा नहीं, ऐसे संत महानुभाव तो कामका परित्याग ही कर देते हैं। आचार्य रामानुजने—

भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्मसंज्ञितः।

(गीता ८।३)

—पर भाष्य करते हुए लिखा है कि—

भूतभावो मनुष्यादिभावस्तदुद्भवकरो यो विसर्गः पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्तीति श्रुतिसिद्धो योषित्सम्बन्धजः स कर्मसंज्ञितः। तच्चाखिलं सानुबन्धम् उद्वेजनीयतया परिहरणीयतया च मुमुक्षुभिर्ज्ञातव्यम् परिहरणीयता चानन्तरमेव वक्ष्यते यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्तीति।

इसका भाव यह है कि योषित्-सम्बन्धसे होनेवाले, प्राणियोंके जन्म देनेवाले, विसर्गको 'कर्म' कहते हैं। मुमुक्षुओंको इस कर्मसे उद्वेग होता है। अतएव उनके लिए यह परिहरणीय है और श्रीभगवान्‌ने अपने श्रीमुखसे भी आगे काम-प्रतियोगी ब्रह्मचर्यका मुमुक्षुओंके लिए विधान किया है।

मल-मूत्रसे परिपूर्ण रक्त-मांस-मय रामा-शरीरसे निर्विण्ण होकर संत तुलसीदासजीने चिदानन्दमय राम-मूर्तिसे अपना मन लगा लिया था। कामका ऐसा ही परित्याग साधकोंके लिए उपदिष्ट है। जिस अवस्थामें कामकी वासनाएँ स्वयमेव शान्त हो जायँ और उनके स्थानपर भागवती भावनाओंका समुदय हो जाय उसी अवस्थाको ब्रह्मचर्य कहते हैं। वही ब्रह्मकी ओर संचरण है। ब्रह्म-प्रेप्सुका वही महाव्रत है। इसीका निर्देश श्रुतिने—

यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति

(कठ० १।२।१५)

कहकर किया है।

सच्चे ब्रह्मचारीके क्रोधादि शत्रु, अपने अग्रजके पराभवके अनन्तर, स्वयमेव परास्त हो जाते हैं।

इस प्रकारके साधनका ही नाम 'विमोक' है।

आलम्बन-संशीलनमभ्यासः ॥ ८४ ॥

अभ्यास वह साधन है जिसमें मन, वाणी और शरीरमें बारम्बार ऐसी प्रवृत्ति रहे जिससे साधकका हृदय-भवन सदा श्रीभगवान्‌की भक्तिभावोद्भाविनी भावनासे भावित रहे। प्रपंचोन्मुखी चित्तको समस्त अशुभ आश्रयोंसे हटाकर प्रपंचातीत शुभाश्रय श्रीभगवान्‌में ही निविष्ट करना इसका उद्देश्य है। इस साधनासे मन-वाणी-शरीर विनिर्मल हो जाते हैं और भगवद्भावका उसमें अधिकांश समावेश होता है।

चित्त सदा किसी-न-किसी आलम्बनको ही लेकर रहता है। शास्त्रका सिद्धान्त है कि परतत्त्व श्रीमन्नारायण ही चित्तके सर्वोत्कृष्ट आलम्बन हैं—

एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्।

(कठ० १।२।१७)

जिनके भ्रूकुटिविलाससे विश्वके उदय, विभव और विलय हुआ करते हैं, उन्हीं परम सौन्दर्यके अपार पारावार श्रीभगवान्‌से सम्बन्ध रखनेवाली बातोंका ही निरन्तर अभ्यास होता रहे तो इससे बढ़कर और कौन-सा साधन होगा?

पञ्चमहायज्ञाद्यनुष्ठानं क्रिया ॥ ८५ ॥

भगवती श्रुतिका आदेश है कि मनुष्य कर्म करता हुआ ही सौ वर्ष जीनेकी इच्छा करे—

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः।

(ईशा० २)

कर्म चार प्रकारका है—नित्य, नैमित्तिक, काम्य और निषिद्ध। इनमेंसे असत्यभाषण आदि निषिद्ध कर्मोंका त्याग ही श्रेयस्कर है। 'षट् कर्माणि दिने दिने' आदि वाक्योंद्वारा शास्त्र जिन कर्मोंके

करनेका उपदेश दे रहे हैं, वे नित्य हैं। इनको प्रतिदिवस करना चाहिये; क्योंकि न करनेसे प्रत्यवाय है। सूर्यग्रहण आदि निमित्त विशेषके उपस्थित होनेपर जो स्नान-दानादि कर्म किये जाते हैं, वे नैमित्तिक हैं। काम्यकर्म दो प्रकार के हैं—एक तो वे, जो किसी शुभ स्वार्थ या परार्थके साधनकी भावनासे किये जाते हैं—जैसे पुत्रेष्टि आदि; और दूसरे वे, जिनका अनुष्ठान किसी अशुभ उद्देश्यकी पूर्तिके लिये किया जाता है—जैसे उच्चाटन-प्रयोग आदि। इनमेंसे सत्त्वगुणप्रधान सज्जन शुभकामनाको लेकर किये जानेवाले कर्मकलापमें तो प्रवृत्त होते हैं, अशुभ कामनाओंमें नहीं। शुभ कामना वालेमें भी वे ही अभिरुचि रखते हैं, जो प्रवृत्ति मार्गी हैं। जो निवृत्तिमार्गी हैं वे तो मधुरमूर्त्ति श्रीभगवान्‌में ही अपनी समस्त कामनाओंको केन्द्रित कर चुकनेके कारण भगवदितरविषयक काम्य कर्मोंका न्यास ही कर देते हैं; किन्तु यज्ञ, दान और तपको भगवत्प्रीत्यर्थ वे भी करते रहते हैं। ये कर्म त्याज्य नहीं हैं—

> यज्ञदानतपःकर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत्।
>
> (गीता १८।५)

इसका कारण यह है कि वे साधकोंकी चित्तवृत्तिको पवित्र बनाये रखते हैं—

> यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्॥
>
> (गीता १८।५)

इसलिये श्रुतिका वचन है कि—

> तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन।
>
> (बृहदारण्यक० ४।४)

गृहस्थोंके लिये पञ्चमहायज्ञोंको नित्य करनेका शास्त्रमें विधान है। अग्निष्टोमादि अन्यान्य यज्ञ न भी बन पड़ें तो भी इनका तो निर्वाह सुगमतया हो ही सकता है। ये पञ्चमहायज्ञ हैं—ब्रह्मयज्ञ, पितृयज्ञ, देवयज्ञ, भूतयज्ञ और नृयज्ञ। स्वाध्यायसे

ब्रह्मयज्ञ, तर्पणसे पितृयज्ञ, हवनसे देवयज्ञ, बलिकर्मसे भूतयज्ञ और अतिथि-सत्कारसे नृयज्ञ सम्पन्न होता है—

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम् ।
होमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञोऽतिथिपूजनम् ॥

(मनु० ३ । ७०)

महर्षि बादरायणने अपने—

अग्निहोत्रादि तु तत्कार्यायैव तद्दर्शनात् ।

(४ । १ । १६)

—इस ब्रह्मसूत्रमें विद्वान्‌को भी अग्निहोत्रादि करनेकी आज्ञा दी है; क्योंकि ये कार्य विद्याके—सत्-ज्ञानके—साधक ही हैं, बाधक नहीं । इसी विचारसे पाञ्चरात्रान्तर्गत ब्रह्मतन्त्रमें आदेश है कि साधक अपने घरमें परतत्त्व श्रीमन्नारायणके चरणोंमें स्तव-स्तोत्रोंकी सुमनाञ्जलियोंसे सपर्या समर्पण करके अपने गृह्यसूत्रके अनुसार बलिवैश्वदेव एवं महायज्ञोंका अनुष्ठान करे—

इति विज्ञाप्य देवेशं वैश्वदेवं स्वधामनि ।
कुर्यात् पंच महायज्ञानपि गृह्योक्तकर्मणा ॥

इस प्रकार यज्ञ, दान और तप नामक साधनोंका यथाविधि और यथाशक्ति अनुष्ठान ही 'क्रिया' नामक चौथा साधन है ।

दयार्जवादि कल्याणम् ॥ ८६ ॥

यद्यपि प्रत्येक कार्यमें शारीर और मानस व्यापार अपेक्षित है, तथापि क्रिया-नामक चतुर्थ साधनमें शारीरिक कर्मकी ओर विशेष झुकाव है और कल्याण-नामक इस पञ्चम साधनमें मानस व्यापारकी ओर है । मानवकी पूर्णता इसीमें है कि उसके साधन-सम्पन्न शरीरमें साधन-सम्पन्न मन हो । शरीर और मनका घनिष्ठ सम्बन्ध है, और दोनोंको ही साधन-मार्गमें प्रवृत्त करने-वाला साधक अन्तमें सिद्धि-लाभ करता है ।

कल्याणका तात्पर्य मङ्गलमयी मानसिक वृत्तियोंसे है। ये वृत्तियाँ मानो कुसुमावलियाँ हैं, जिनसे कि हृदय-भवन सुसज्जित हो जाता है। इस प्रकार परिष्कृत और सुसज्जित मनोमन्दिरमें ही भगवद्भक्तिका उदय हुआ करता है।

पूर्वोक्त 'विमोक' हेय वृत्तियोंके त्यागका साधन है तो यह 'कल्याण' उपादेय वृत्तियोंके ग्रहणका साधन है।

धृति, क्षमा, दया, आर्जव, मार्दव, अद्रोह, मैत्री, करुणा, मुदिता, उपेक्षा आदि अनेक दैवीसम्पत्तिकी सद्वृत्तियाँ हैं। ये सब कल्याणके अन्तर्गत हैं और इनसे सम्पन्न व्यक्ति कभी दुर्गतिको प्राप्त नहीं होता—

न हि कल्याणकृत् कश्चिद् दुर्गतिं तात गच्छति।

(गीता ६। २०)

प्रत्युत परमोत्तम सद्गतिको प्रदान करनेवाली भक्तिका अधिकारी बन जाता है।

दुःखेऽनवसादः ॥ ८७ ॥

साधकको अपना समस्त जीवन ही साधनामय बना लेना चाहिये। कर्मवश इस संसार-सागरमें निमज्जनोन्मज्जन करनेवाले जीवको पद-पदपर त्रिविध दुःखके आवर्त्तोंका सामना करना पड़ता है; किन्तु जो सदाशय व्यक्ति हैं, वे इन दुःखोंसे कदापि विचलित-चित्त नहीं होते। इष्टका वियोग एवं अनिष्टका संयोग, प्रतिकूल-वेदनीय होनेके कारण, दुःखका हेतु होता है। दुःखसे उद्विग्न होकर मनुष्य कोई साधन नहीं कर सकता—न तो प्रवृत्तिमार्गी साधक त्रिवर्गसाधनमें सफल हो सकता है और न निवृत्तिमार्गी साधक पारमार्थिक सिद्धि ही प्राप्त कर सकता है।

यदि साधन करते-करते कष्टोंका सामना करना पड़े तो भी प्रवृत्तिमार्गीके समान ही निवृत्तिमार्गीको भी विषाद नहीं करना

चाहिये । विषण्ण होनेसे शरीर और मनका स्वास्थ्य विकृत हो जाता है—

विषादो रोगकराणाम् । (चरक)

विषादका दूसरा नाम है अवसाद और इसका अभाव अनवसाद कहलाता है । विषण्ण होकर साधन छोड़ देनेकी अपेक्षा साधकको यही भावना करनी चाहिये कि जो सिद्धियाँ परिणाममें अमृतोपम मधुर होती हैं, वे साधनवेलामें विषोपम कष्टदायिनी भी होती हैं—

यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम् ।
तत्सुखं सात्त्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धिप्रसादजम् ॥

(गीता १८ । ३७)

श्रीभगवान्ने स्थितप्रज्ञको—

दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः (२ । ५६)

—कहा है । इस प्रकार इष्टदर्शनके लिये साधन करते-करते साधनजन्य कष्टोंमें विषाद न करना ही अनवसाद नामक छठा साधन है ।

सुखेऽनुद्धर्षः ॥ ८८ ॥

जिस प्रकार जीवको विपत्तिमें विषण्ण न होनेका आदेश है उसी प्रकार सम्पत्तिमें भी आपेसे बाहर न होनेका उपदेश है । अत्यन्त सन्तोषका नाम है उद्धर्ष । उद्धर्ष होनेपर अग्रिम विकासकी अभिलाषा शान्त हो जाती है जो कि साधनाकी उच्च भूमिकामें प्रवेशकी बाधक है । उद्धर्षका अभाव 'अनुद्धर्ष' कहलाता है ।

जिस प्रकार प्रवृत्तिमार्गमें हर्षावसर प्राप्त होनेके समय अनुद्धर्षका भाव व्यक्तिके गाम्भीर्यका सूचक है, उसी प्रकार निवृत्तिमार्गमें साधन-जन्य क्रमिक विकासकी सूचना देने वाली गौण सिद्धियोंके लाभके समय साधकका अनुद्धर्ष उसके उत्कर्षका द्योतक है ।

योगमार्गके पथिकके सम्मुख, कैवल्यसे पूर्व, संयमजन्य गौण सिद्धियाँ समुपस्थित होती हैं। महर्षि पतञ्जलि कहते हैं कि साधक को उन सिद्धियोंके लाभसे 'स्मय' (ईषद्धसन, मुसकराहट, गौरव-का अनुभव) नहीं करना चाहिये, अन्यथा अनिष्ट होनेकी संभावना है। उस समयका स्मय कैवल्यका बाधक हो सकता है—

स्थान्युपनिमन्त्रणे सङ्गस्मयाकरणं पुनरनिष्टप्रसङ्गात्।

(योगसूत्र ३।५१)

इसी प्रकार उपासनाकी साधनामें भी साधकको गौण सिद्धियों के लाभके सुखसे उद्धृष्ट नहीं होना चाहिये। अन्यथा साधनाका साध्य असिद्ध ही रहेगा।

इस प्रकार साधनाके क्रमिक विकासमें तज्जन्य सुखद चमत्कारोंकी प्राप्तिमें असन्तोष रखना ही 'अनुद्धर्ष' नामक सातवाँ साधन है। राजकुमार ध्रुवने परतत्त्व भगवान्‌के साक्षात्कारके लिये द्वादशाक्षर-विद्याका जप किया था। इस मन्त्रराजके एक सप्ताह तक अनुशीलनसे खेचरोंका दर्शन हो जाता है—

यं सप्तरात्रं प्रपठन् पुमान् पश्यति खेचरान्॥

(श्रीमद्भाग० ४।८।५३)

ध्रुवजी यदि खेचर-दर्शनसे ही अतिसन्तुष्ट हो जाते तो आगे प्रयत्न न करते, किन्तु वे 'अनुद्धर्ष' के साधक थे। ऐसा अनुद्धर्ष ही साधकका परम आदर्श है।

भक्तो द्विविधस्त्रिवर्गापवर्गपरभेदात्॥ ८६॥

अविदित पुरातनकालसे जीव संसार-चक्रमें भ्रमण कर रहा है। जीवको आत्मा, चित्, चेतन, पुरुष, देही और शरीरी भी कहते हैं। श्रोत्रादि इन्द्रियोंद्वारा जो शब्दादि विषयोंका अनुभव करता है, वह जीव है—

यो वेदेदं जिघ्राणीति स आत्मा गन्धाय घ्राणम्, अथ यो वेदेदमभिव्याहराणीति स आत्माभिव्याहाराय वाक्, अथ यो वेदेदं शृणवानीति

स आत्मा श्रवणाय श्रोत्रम्, अथ यो वेदेदं मन्वानीति स आत्मा मनोऽस्य दैवं चक्षुः।

(छान्दोग्य० ८। १२। ४-५)

जीव ही वस्तुतः ज्ञाता है। यह ज्ञानस्वरूप होता हुआ ही ज्ञातृस्वरूप है। ज्ञान इसका अविनाशी गुण है। इस ज्ञानका कभी लोप नहीं होता—

न हि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वात्।

(बृहदारण्यक० ४। ३। ३०)

अपने धर्मभूत ज्ञाननामक गुणसे भी इसका निर्देश होता है—

यो विज्ञाने तिष्ठन्। (बृहदारण्यक० ३। ७। २२)

इसी सिद्धान्तको महर्षि बादरायणने—

तद्गुणसारत्वात्तु तद्व्यपदेशः प्राज्ञवत्।

(ब्रह्मसूत्र २। ३। २९)

इस सूत्रमें प्रदर्शित किया है, जैसा कि आचार्य रामानुजके भाष्यसे सुव्यक्त है—

विज्ञानगुणसारत्वादात्मनो विज्ञानमिति व्यपदेशः। विज्ञानमेवास्य सारभूतो गुणः, यथा प्राज्ञस्यानन्दः सारभूतो गुण इति प्राज्ञ आनन्द-शब्देन व्यपदिश्यते.........यथा वा सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेति विपश्चितः प्राज्ञस्य ज्ञानशब्देन व्यपदेशः।

अर्थात् विज्ञान-नामक गुणरूपी सारसे संयुक्त होनेके कारण आत्माको विज्ञान कहा जाता है। विज्ञान ही आत्माका सारभूत गुण है। प्राज्ञ अर्थात् परमात्माका सारभूत गुण आनन्द है और इसीलिये प्राज्ञका आनन्द-शब्दसे जैसे निर्देश किया जाता है वैसे ही जीवात्माका ज्ञान वा विज्ञान शब्दसे निर्देश किया जाता है। अथवा इस प्रकार समझना चाहिये कि जैसे 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस वाक्यमें सर्वज्ञ ब्रह्मको केवल ज्ञान शब्द से सूचित किया गया है उसी प्रकार जीवात्माके लिये भी ज्ञान शब्दका प्रयोग युक्तिसंगत ही है।

जीव नित्य पदार्थ है और संख्यामें अनेक है, जैसा कि

श्वेताश्वतरके इस वचनसे सिद्ध होता है कि—

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनाना-
मेको बहूनां यो विदधाति कामान् ॥
(६ । १३)

अर्थात् नित्यसिद्ध एक चेतन परमात्मा अनेक नित्य चेतन जीवोंकी कामनाओंको पूर्ण करता है। गायत्री-मन्त्रमें भी ईश्वरकी एकता और जीवोंकी अनेकता उपदिष्ट है। उसमें एकवचनका 'यः' पद ईश्वरके लिए है और बहुवचनका 'नः' पद जीवोंके लिए है।

परमात्मा महान् हैं—व्यापक हैं, किन्तु जीवात्मा अणु है—परिच्छिन्न है। अणु कहनेसे नैयायिकोंके वा वैशेषिकोंके परमाणुका ग्रहण नहीं करना चाहिए। जीवकी अणुताका वर्णन केवल उस (जीव) में ईश्वरकी महत्तासे वैपरीत्यका बोधक है।

देहमें जीवका निवास हृदय माना गया है—

हृदि ह्ययमात्मा। (प्रश्न० ३ । ६)

योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः।
(बृहदारण्यक० ४ । ३ । ७)

सभी विद्वान् इस आत्माके सम्बन्धमें प्रवचन और श्रवण करते हैं, किन्तु इसको कोई नहीं जान पाता—

श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित्। (गीता २ । २९)

ऐसा क्यों ? इसलिए कि परतत्त्व भगवान्की इस लीला-विभूतिमें उनके संकल्पसे—उनकी इच्छासे—जीवमात्रका स्वरूप तिरोहित हो रहा है—

पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततो ह्यस्य बन्धविपर्ययौ।
(ब्रह्मसूत्र ३ । २ । ५)

इस तिरोधानसे यहाँ कोई नहीं बचा है। बृहस्पतिसे लेकर वनस्पतितक सभी देहाभिमानी हो रहे हैं। लीला-विभूतिका

वैभव ही ऐसा है। अपने पराक्रमसे कोई जीव विधिके इस विधान का उल्लंघन नहीं कर सकता। उल्लंघनका प्रयास विडम्बनामात्र होता है।

जीवके अन्तःकरणमें जब सत्त्वका समुद्रेक होता है, तब उसकी प्रवृत्ति धर्म-कर्मकी ओर होती है। जब रजोगुणकी प्रधानता होती है, तब अर्थ-संचयकी ओर और जब तमोगुणकी प्रबलता होती है, तब विषय-वासनाकी ओर। साधारणतया जगत्के सभी भोगोंका इन तीनों प्रवृत्तियोंमें—धर्म, अर्थ, काममें—समावेश हो जाता है। इन तीनोंका एक नाम है त्रिवर्ग। प्रवृत्तियोंकी प्रबलताके भेदके कारण जीव—

१ धर्म-प्रवण
२ अर्थ-प्रवण
३ काम-प्रवण
४ धर्मार्थ-प्रवण
५ धर्म-काम-प्रवण
६ अर्थ-काम-प्रवण
अथवा
७ धर्मार्थ-काम-प्रवण

—हो सकता है। कुछ जीव त्रिवर्गकी उपलब्धिमें अपने लौकिक परिश्रमपर ही निर्भर रहते हैं और कुछ जीव देवताकी अलौकिक कृपापर भी। फिर उपासकोंमें भी कुछ लोग परतत्त्वेतर इन्द्रादि देवताओंकी उपासनासे अपने अभीष्टकी प्राप्तिकी अभिलाषा करते हैं—

विद्याकामस्तु गिरिशं दाम्पत्यार्थ उमां सतीम्।
(श्रीमद्भा० २।३।७)

और कुछ लोग परतत्त्वकी ही आराधनासे। त्रिवर्गाभिलाषी

जीव जब—

दिवो वा विष्ण उत वा पृथिव्या
महो वा विष्ण उरोरन्तरिक्षात् ।
उभा हि हस्ता वसुना पृणस्वा
प्रयच्छ दक्षिणादोत सव्यात् ॥*

(यजुर्वेद ५ । १९)

—इत्यादि मन्त्रोंसे श्रीविष्णुभगवान्‌की आराधना करते हैं, और—

सरसिजनिलये सरोजहस्ते
धवलतरांशुकगन्धमाल्यशोभे ।
भगवति हरिवल्लभे मनोज्ञे
त्रिभुवनभूतिकरि प्रसीद मह्यम् ॥+

(श्रीसूक्त)

—इत्यादि मन्त्रोंसे श्रीलक्ष्मीजीकी आराधना करते हैं, तब वे लक्ष्मीनारायण अपने आराधकोंकी सकल कामनाओंको पूर्ण करके उन्हें कृतार्थ कर देते हैं।

परतत्त्वोपासका द्वितीयभाजः ॥ ९० ॥

यद्यपि त्रिवर्गकी प्राप्ति देवतान्तरकी आराधनासे भी हो

---

*हे विष्णो ! द्युलोकसे अथवा भूलोकसे, महर्लोकसे अथवा विस्तृत अन्तरिक्षसे आप अपने दोनों हाथोंको धनसे भर लीजिए और उन दोनों ही दायें और बायें हाथोंसे उस धन को मुझे दीजिए।

+अयि कमलनिवासिनि, कमलोंसे सुशोभित हाथोंवाली, अत्यन्त विनिर्मल वस्त्र एवं चन्दन और मालाओंसे सुशोभिते, मनके भावोंको जाननेवाली, त्रिभुवनके वैभवोंको करनेवाली, ज्ञानबलैश्वर्यवीर्यशक्तितेजोमूर्ते, नारायणप्रिये, लक्ष्मी देवी, मुझ (विनत तनय) पर प्रसन्न हूजिए।

सकती है, तथापि अपवर्गके अभिलाषुकोंके लिये परतत्त्वका ही आराधन अपरिहार्य है—

अकामः सर्वकामो वा मोक्षकाम उदारधीः ।
तीव्रेण भक्तियोगेन यजेत पुरुषं परम् ॥
(श्रीमद्भाग० २ । ३ । १०)

स्वात्मयाथात्म्यवेदितारोऽपि ॥ ६१ ॥

जिस प्रकार त्रिवर्ग लीलाविभूतिकी वस्तु है, उसी प्रकार अपवर्ग नित्यविभूतिकी वस्तु है । परतत्त्वके उपासकोंको तो परमपद सुलभ है ही, आत्माके याथातथ्यको जाननेवाले भी परमपदको प्राप्त हो जाते हैं । ऐसे ज्ञानी भी धन्य हैं, जो आत्माको और ईश्वरको क्रमशः नियाम्य-नियामक, उपासक-उपास्य और शेष-शेषी जानते हैं । उपासनामें उपास्य-बुद्धिकी प्रधानता है और ज्ञानमें उपासक-बुद्धिकी । उपासककी मनोवृत्ति उपास्यके गुणरूपके मननमें रहती है और ज्ञानीकी वृत्ति अपनी नियाम्यता और शेषभावके चिन्तनमें । उपासककी निष्ठा अपने आराध्यमें होती है, ज्ञानीकी निष्ठा अपनेमें ।

ज्ञानी अपनेको परमात्माकी 'परा प्रकृति' समझकर उसी भावनामें मस्त रहना चाहता है और भक्त उस 'परा प्रकृति' के परम आत्मा अन्तर्यामीके ध्यानमें लीन रहना चाहता है । यही दोनोंकी विशेषता है । एकका आग्रह 'प्रकार' में है और दूसरेका 'प्रकारी' में । जीवात्माको प्रकार कहते हैं और परमात्माको प्रकारी ।

न तत्राऽऽगन्तुकदेहपरिग्रहः श्रुतिव्याकोपात् ॥ ६२ ॥

अपवर्गकी दशामें जीव प्रकृतिके समस्त बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है । उसमें जीवका जो कुछ भी आकार-प्रकार होता है वह

उसका स्वरूप ही होता है, आगन्तुक नहीं । इन्द्रादिके तैजस शरीर मानवोंके भौम शरीरोंसे विलक्षण होनेपर भी, हैं आगन्तुक ही; किन्तु मुक्तजीवोंके आकार श्रीभगवान्‌के आकारके समान स्वरूपभूत होते है । आचार्यप्रवर रामानुजने—

संपद्याविर्भावः स्वेन शब्दात्

—इस ब्रह्मसूत्र (४ । ४ । १) के श्रीभाष्यमें इस मतका उपन्यास करते हुए कहा है कि—

आगन्तुकदेहपरिग्रहे हि स्वेन रूपेणेति विशेषणमनर्थकं स्यात् ।

अर्थात् यदि ऐसी कल्पना की जायेगी कि मुक्तपुरुष कोई आगन्तुक शरीर धारण करता है तो श्रुतिने जो 'अपने रूपसे' यह विशेषण दिया है वह निरर्थक हो जायेगा ।

बद्धजीवोंका जीवन देह, इन्द्रिय और प्राणका सापेक्ष है, किन्तु मुक्तजीवोंकी सत्ता देह, इन्द्रिय और प्राणके बिना ही शास्त्रने प्रतिपादित की है—

देहेन्द्रियासुहीनानां वैकुण्ठपुरवासिनाम् ।

(श्रीमद्भाग० ७ । १ । ३४)

मुक्तोंका शरीर हमारे-जैसा नहीं होता, जिसमें कि छान्दोग्य-उपनिषद्‌के—

अन्नमशितं त्रेधा विधीयते, तस्य यः स्थविष्ठो धातुस्तत्पुरीषं भवति ।

(६ । ५ । १)

—इस वचनकी संगति लग सके। मुक्तों के चैतन्यमय आकार में प्राकृतभावोंका अभाव है। उसमें न भूख है न प्यास, न जरा है न मृत्यु । अप्राकृत आकारमें मल-मूत्र नहीं होते । मलमूत्रका सद्भाव तो भौम शरीरमें ही है ।

ऐसा नहीं समझना चाहिये कि अप्राकृत आकारवाले मुक्तोंको निराकार कहना ही युक्त है, क्योकि 'वैकुण्ठपुरवासिन:' और—

सर्वे चतुर्बाहवः । (श्रीमद्भा० २ । ९ । ११)

--इत्यादि वचनोंसे मुक्तोंकी साकारताका हो प्रतिपादन हुआ है ।

बन्धाभावे स्वाभाविकगुणाविकासः ॥ ९३ ॥

प्रकृतिके उच्चावच स्तरोंमें निवास करनेकी दशामें जीवके सर्वज्ञता आदि स्वाभाविक गुण ऐसे छिपे रहते हैं जैसे कि मिट्टी में मिले रहनेसे हीरेकी कांति । मिट्टी[1] को धो देनेसे जैसे हीरा पुन: कान्तिसम्पन्न हो जाता है, उसी प्रकार भगवद्भजनद्वारा, प्राकृतिक आवरणोंके हट जानेपर, जीव भी सार्वज्ञ्य, सत्यसङ्कल्पत्व आदि गुणावलोसे सम्पन्न हो जाता है ।

सत्यसंकल्पत्वेपि विश्वव्यापृतावनधिकारः ॥ ९४ ॥

यद्यपि अपवर्गमें जीव सत्यकाम और सत्यसंकल्प हो जाता है, तथापि उसका ऐश्वर्य निरवग्रह और निरतिशय न होकर सावग्रह और सातिशय ही रहता है । ऐश्वर्यकी निरवग्रहता और निरतिशयता केवल परतत्त्वमें ही है । तभी तो शास्त्रका यह सिद्धान्त है कि मुक्तात्मा विविध अणिमाद्यैश्वर्यसे सम्पन्न होने

---

१. यथा न क्रियते ज्योत्स्ना मलप्रक्षालनान्मणेः ।
दोषप्रहाणान्न ज्ञानमात्मनः क्रियते तथा ।
यथोदपानकरणात् क्रियते न जलं परम् ।
सदेव नीयते व्यक्तिमसतः सम्भवः कुतः ॥
तथा हेयगुणध्वंसादवबोधादयो गुणाः ।
प्रकाश्यन्ते न जन्यन्ते नित्या एवात्मनो हि ते ॥

[आत्मा प्रकरणात् (ब्रह्मसूत्र ४ । ४ । ३) पर श्रीभाष्यमें उद्धृत-वचन]

पर भी जगत्‌की सृष्टि, स्थिति और प्रलयमें अनधिकृत है। जगत्‌का निर्माण, उसका लालन-पालन एवं उसका अवसान तो ईश्वरकी इच्छासे ही हुआ करता है।

अनादि वासनासे वासित अन्तःकरणवाला जीव संसारमें प्रवृत्त हो रहा है। वह प्रवृत्तिमार्गी है। ऐसा जोव उत्क्रान्तिके अनन्तर कृष्णगतिका पथिक होता है। सत्सङ्गद्वारा जिसका कषाय मृदित हो जाता है, वह जीव निवृत्तिमार्गी है। ऐसा जीव उत्क्रान्तिके अनन्तर शुक्लगतिका पथिक होता है। पहली अर्थात् कृष्णगतिसे संसारमें पुनरावृत्ति होतो है, किन्तु दूसरी अर्थात् शुक्लगतिसे नहीं—

एकया यात्यनावृत्तिमन्ययावर्तते पुनः।

(गीता ८।२६)

शुक्लगतिमें चलता हुआ जीव अर्चि, दिन, पूर्वपक्ष, उत्तरायण अब्द, वायु, सूर्य, चन्द्र, विद्युत्, वरुण, इन्द्र और प्रजापतिद्वारा क्रमशः सत्कृत और पूजित होकर, सीमान्त-सिन्धुमें स्नानके अनन्तर,अमानव पुरुषके दिव्य करस्पर्शसे श्रीभगवान्‌के-से अप्राकृत आकारको प्राप्त कर लेता है। इस क्रममें, तीव्रावेगवाले भक्तोंके लिये, क्वाचित्क विपर्यय भी हो सकता है, जैसा कि गजेन्द्रमोक्षमें हुआ था। गजेन्द्रने—

अत्र ब्रह्म समश्नुते (कठ० २।३।१४)

इस श्रुति के अनुसार, दिव्यधामसे पधारे हुए श्रीभगवान्‌के करकिसलयके संस्पर्शसे उसी समय—बिना किसी क्रमके—उनका-सा आकार प्राप्त कर लिया था—

गजेन्द्रो भगवत्स्पर्शाद्विमुक्तोऽज्ञानबन्धनात्।
प्राप्तो भगवतो रूपं पीतवासाश्चतुर्भुजः॥

(श्रीमद्भा० ८।४।६)

जीवेशयोरैक्यं सिंह-माणवकयोरिव ॥ ९५ ॥

भक्त और भगवान् की एकता के प्रतिपादक वचनों का सार यही है कि जीव भी वस्तुतः सच्चिदानन्द है। जब यह कहा जाता है कि 'अमुक बालक सिंह है', तब बच्चे और शेर की एकता के प्रतिपादन का लक्ष्य है बालक की वीरतामात्र, न कि सर्वांश में बालक और सिंह की समानता; अन्यथा बालक को मनुष्य-कोटि से गिराकर पशु-कोटि में मानना पड़ेगा। इसी प्रकार जीव और ईश्वर की सर्वाङ्गीण समानता स्वीकार करने पर जीव को जगत् का कर्त्ता, भर्त्ता और हर्त्ता भी मानना पड़ेगा, किन्तु जीव तो मुक्त होने पर भी जगत् के सृष्टि आदि व्यापार नहीं कर सकता—

जगद्-व्यापार-वर्जम् (ब्रह्मसूत्र ४। ४। १७)। बद्धावस्था में तो उसके ईश्वर-साम्य का प्रश्न ही नहीं उठता।

ऐसे प्रसंगों में वाक्य का अर्थ हृदयङ्गम करते समय अभिधा का आश्रय न लेकर जहल्लक्षणा का आश्रय लिया जाता है। यह लक्षणा वाच्यार्थ का परित्याग करके अन्य युक्ति-संगत अर्थ का ग्रहण कराती है।

उपास्यसमानाकारता विना श्री-श्रीवत्स-कौस्तुभान् ॥ ९६ ॥

मुक्तजीवके आकारमें श्रीवत्सका चिह्न नहीं होता। वह तो परतत्त्वकी विशेषता है। इसी प्रकार मुक्तात्माके गलेमें कौस्तुभ-नामक पद्मरागमणि भी नहीं होती। नित्यपार्षदोंके आकारमें भी ये चिह्न नहीं होते—

विना श्रीवत्सकौस्तुभौ। (श्रीमद्भा० ६। ९। २९)

विष्णुभगवान्के वक्षस्थलके वामांशपर स्वर्णिम रेखाके रूप में श्रीलक्ष्मीदेवीका निवास भी परतत्त्वकी परम विशेषता हैं। इस

प्रकार मुक्तजीव (और नित्य जीव) के आकारमें श्री, श्रीवत्स और कौस्तुभ नहीं होते।

सायुज्यं परमः पुमर्थः ॥ ६७ ॥

श्रीभगवान्‌के सारूप्यका लाभ करके ही जीव परतत्त्वके दिव्यलोकका अधिकारी होता है। संसारपाशसे मुक्त होकर जीव जब परब्रह्मके नित्यधाममें प्रवेश करता है तब वहाँ माला, चन्दन अङ्गराग, दुकूलके समर्पण एवं नीराजनद्वारा उसके प्रति स्वागत-सत्कारका भाव प्रदर्शित किया जाता है। स्वागत करनेवाली देवियाँ जगन्माता श्रीलक्ष्मीजीकी विभूतियाँ होती हैं। अतएव वे सभी माताएँ हैं—

अम्बाश्चाम्बायवश्च* (कौषीतकी १।३)

तदनन्तर मुक्तजीवमें दिव्य गन्ध, रस, तेज और यशका प्रादुर्भाव होता है इसके पश्चात्—

निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति। (मुण्डक० ३।१।३)

—इस श्रुतिको, सारूप्य-लाभसे, चरितार्थ कर चुकनेवाला वह मुक्तात्मा, परतत्त्वके अमितौजा नामक दिव्य सिंहासनके समीप पहुँचता है। तब उसके समस्त आराधनको सफलता प्रदान करते हुए, शुचितम स्मितसे उसका सत्कार करते हुए, मधुरालाप-से उसे कृतार्थ करते हुए, करुणावरुणालय, सौन्दर्यसुधाके अपार

---

*श्रीभगवत्पार्षद जिस प्रकार देवयु कहलाते हैं उसी प्रकार श्रीलक्ष्मीजीकी विभूतियाँ अम्बायु कहलाती हैं। देवयु शब्दका प्रयोग ऋग्वेदमें इस प्रकार है—

'नरा यत्र देवयवो मदन्ति।'

इन शब्दोंके रूप इस प्रकार होते हैं—देवयुः देवयू देवयवः। अम्बायुः अम्बायू अम्बायवः।

पारावार, परतत्त्व श्रीमन्नारायण उसे अपने कौस्तुभ-विभूषित गले-से लगा लेते हैं। ईश्वर और जीवका यह आध्यात्मिक मधुर मिलन ही सायुज्य है और यही जीवका परम पुरुषार्थ है—

श्रीवैकुण्ठमुपेत्य नित्यमजडं तस्मिन् परब्रह्मणः
सायुज्यं समवाप्य नन्दति समं तेनैव धन्यः पुमान्।

(वरदगुरु)

अर्थात् मुक्तजीव सनातन, चिन्मय परमपदको प्राप्त कर वहाँ परब्रह्म परमात्माका सायुज्य लाभकर, कृतकृत्य होकर, अपने परमाराध्यके साथ ही वहाँकी आनन्दमयी समृद्धिका अनुभव करता है।

सायुज्यका द्वैतपरक अर्थ ही अभीष्ट है। इस प्रकार के अर्थके दिग्दर्शनमें नीचे कुछ पंक्तियाँ दी जा रही हैं।

'सायुज्य' शब्दकी व्युत्पत्ति इस प्रकार है—'सह युञ्जाते इति सयुजौ अथवा समाना युक् ययोस्तौ इति सयुजौ, तयोर्भावः सायुज्यम्।'' सयुजौ शब्दका सर्वप्रथम प्रयोग हमें ऋग्वेदमें उपलब्ध होता है—

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया
समानं वृक्षं परिषस्वजाते ॥

(ऋग्वेद १।१६४।२०)

—इस मन्त्रमें एक ही पेड़पर रहनेवाले, सुन्दर पंखोंवाले, दो मित्र-पक्षियोंको 'सयुजा' कहा गया है। सयुजा शब्द सयुजौ-का ही वैदिक प्रयोग है। और यह प्रयोग, बिना किसी संदेहके, द्वैतभावकी पुष्टि कर रहा है। दो मित्रोंमें यदि सायुज्य हो सकता है तो भक्त और भगवान्में भी हो सकता है।

आचार्य शंकरने वेदान्तके—

जगद्व्यापारवर्जम्......................

(४।४।१७)

—इस सूत्रपर भाष्य करते हुए 'सायुज्य' शब्द का द्वैतपरक प्रयोग इन शब्दोंमें किया है—

ये सगुणब्रह्मोपासनात्सहैव मनसा ईश्वरसायुज्यं व्रजन्ति किं तेषां निरवग्रहमैश्वर्यं भवत्याहोस्वित् सावग्रहम् ।

अर्थात् सगुण ब्रह्म (ईश्वर) की उपासना करनेसे जो मनके साथ ही ईश्वरके सायुज्यको प्राप्त करते हैं क्या उनका ऐश्वर्य निरतिशय होता है अथवा सातिशय ? शांकर-वेदान्तमें क्रममुक्त जीवका ईश्वरसे जो सायुज्य माना गया है वह अद्वैतसूचक नहीं है अपितु द्वैतसूचक ही है; क्योंकि ईश्वर-सायुज्यको प्राप्त हुआ जीव ईश्वरके समान जगत्के सृष्टि आदि व्यापार नहीं कर सकता । उस सायुज्यमें जीवको ईश्वरके समान भोग उपदिष्ट है । क्रममुक्त जीव जीवान्तरके शासनमें न रहता हुआ भी परमेश्वरके शासनमें तो रहता ही है । भामतीका वचन है—

नित्यत्वादनपेक्षत्वाच्छ्रुतेस्तत्प्रक्रमादपि ।
ऐकमत्याच्च विदुषां परमेश्वरतन्त्रता ।।

वेंकटनाथने तत्त्वमुक्ताकलापमें सायुज्यके सम्बन्धमें यह श्लोक लिखा है—

सालोक्यादिप्रभेदा ननु परिपठिताः क्वापि मोक्षस्य मैवं
सायुज्यस्यैव तत्वात्तदितरविषये मुक्तिशब्दस्तु भाक्तः ।
तस्मिस्ते च त्रयः स्युस्तदपि च सयुजोर्भाव इत्यैकरस्यं
युक्साम्यं लोकसाम्यादिवदपरधियां तावतैवैक्यमोहः ।।
(२ । ६७)

अर्थात् यद्यपि मुक्तिके सालोक्य, सामीप्य और सारूप्य—ये तीन भेद और भी कहे गये हैं, तथापि मुख्य मुक्ति सायुज्य ही है । सायुज्यमें इन सबका ही समावेश हो जाता है अतएव सालोक्य, सामीप्य और सारूप्यमें मुक्ति-शब्द गौण है । इसमें भक्त और भगवान् 'सयुजौ' कहलाते हैं, उन दोनोंका भाव ही सायुज्य है । जिस प्रकार सालोक्यसे समानलोकनिवास सूचित

होता है उसी प्रकार सायुज्यसे समृद्धि-साम्यानुभव सूचित होता है; किन्तु किन्हीं लोगोंको अज्ञानवश सायुज्यमें ऐक्यकी गन्ध आती है।

एवं उक्त श्लोककी सर्वार्थसिद्धि (टीका) में तो यहाँ तक कहा है कि—

न हि सयुक्-शब्द एकपर्यायस्तथा क्वचिदपि प्रयोगाभावात्……… यदि कश्चिन्नैघण्टुक ऐक्यं सायुज्यमिति पठेत् तत्तस्य स्वपक्षाभिनिवेशेन शब्दशक्तिग्रहणापरिबुद्धतया वा प्रयुक्तमित्युपेक्षणीयम्।

अर्थात् "सयुक् शब्द एक शब्दका पर्याय नहीं है; क्योंकि एकके अर्थमें 'सयुक्' शब्दका प्रयोग कहीं भी नहीं मिलता……। यदि कोई कोषकार 'सायुज्य' का अर्थ ऐक्य करे तो समझना चाहिये कि उसने पक्षपातवश ऐसा किया है अथवा शब्दके वास्तविक रहस्यको न समझ सकनेके कारण। अतएव उस अर्थकी उपेक्षा करनी चाहिये।"

इस प्रकार ऋग्वेदके उद्धरणसे, आचार्य शंकरके प्रयोगसे और विद्वद्वर वेंकटनाथकी सम्मतिसे 'सायुज्य' शब्दका अर्थ द्वैतपरक सिद्ध होता है और इसी दृष्टिकोणसे 'सायुज्य' का यहाँ प्रयोग किया गया है।

तत उत्तमा सेवा परमा भक्तिः ॥ ६८ ॥

सायुज्यके इस दिव्य, मधुर मिलनके प्रमोदातिशयसे मदिर जीव दिव्य दम्पतीके चिराभिलषित चरणनलिनयुगलमें आत्म-समर्पण करके उसी युगलकी सेवा-सपर्यामें सदैव संलग्न रहता है। वह उत्तम सेवा ही परमा भक्ति है, जिसके लिये देवता भी सदा लालायित रहते हैं।

न तदा कर्मणः संसरणम् ॥ ६९ ॥

उत्तमा सेवा वा परमा भक्तिकी प्राप्ति हो जानेपर जीव कृतकृत्य हो जाता है। तदनन्तर उसे कर्मबन्धनबद्ध होकर

त्रिगुणविनिर्म्मित जगज्जालमें नहीं आना पड़ता । जन्म-मृत्यु ही संसार का मुख्य स्वरूप है, और पुण्य-पाप ही यहाँ के सुख-दुःखमें कारण हैं । मुक्तिके अनन्तर जीव पुण्यपापसे परे हो जाता है, अतएव संसृतिचक्रमें परिभ्रमणसे उसका छुटकारा हो जाना है । इसी उद्देश्यसे उपनिषद्का वचन है कि—

इमं मानवमावर्त्तं नावर्त्तन्ते

(छान्दोग्य ४ । १५)

एवं व्यास जी का सूत्र है—

अनावृत्तिः शब्दात्

(वेदान्तसूत्र ४ । ४ । २२)

स्वेच्छया परतत्त्वेच्छया तु ॥ १०० ॥

परमा भक्तिको पाकर फिर मुक्तात्माका कर्मवश इस त्रिगुणमय जगत्में आगमन नहीं होता । हाँ, अपनी इच्छा से, उपास्यदेवके लीला-वैभवका दर्शन करने आ सकता है, एवं परतत्त्व-की इच्छासे, उनके साथमें अथवा अकेले भी, वह धराधाममें अवतीर्ण हो सकता है ।

वैदिक युग से ही भगवद्-भक्तों में यह आर्ष कामना परम्परया प्रचलित है कि श्रीविष्णुभगवान् के चरण-कमलों का चञ्चरीक भक्त अपनी रक्षा का भार अपने आराध्य के श्रीचरणों में रखकर निश्चिन्त हो जाय । भगवान् उसे जहाँ उचित समझेंगे, वहीं रक्खेंगे, । भक्त का तो यही वक्तव्य होना चाहिये कि—

'इष्णन्निषाणामुं म इषाण
सर्वलोकं म इषाण ।

(यजुर्वेद ३१ । २२)

अर्थात् हे परम पुरुष विष्णुभगवन्, आप मेरे लिये उस दिव्य लोक की कामना कीजिये (मैं वहाँ रहूँगा) और इस लीलाविभूति के लोकों की कामना कीजिये (तो मैं यहाँ रहूँगा) ।

भगवान् के इङ्गित को समझकर उनका स्वजन उनके दिये हुए अधिकार को सानन्द स्वीकार कर लेता है।

श्रीमद्-विष्णुर्नः शरणं श्रीमद्-विष्णुर्नः शरणम्॥ १०१॥

सकलनिगमागमद्वारा गीतकीर्त्ति परतत्त्व श्रीमन्नारायण विष्णुभगवान् ही जीवजातके शरण हैं। वे ही लीलाविभूतिके जीवोंके आराध्य हैं और वे ही नित्यविभूतिके सूरियोंके उपास्य हैं। उन शरणागतवत्सलकी शरणको ग्रहण करना ही वेदादि वाङ्मयके उपदेशका सार है। प्रत्येक जीवके लिये उस परम शरण्यका यह वचन ही आधार है कि—

सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।
अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम॥

(वा० रामायण ६। १८। ३३)

और वह श्रीभगवान्के महिमातिशयके सम्मुख नतमस्तक होकर कहता है कि—

यत्र कुत्र कुले वासो येषु केषु भवोऽस्तु मे।
तव दास्यैकभावे स्यात् सदा सर्वत्र मे रतिः॥

(ब्रह्मतन्त्र)

अर्थात् चाहे जिस कुलमें मेरा जन्म हो, चाहे जहाँ मुझे रहना पड़े, मैं चाहता हूँ कि हे प्रभो, आपके चरणकमलोंके दास्यभावमें ही मेरी सदा सर्वत्र प्रीति रहे।

परतत्त्वके वैभवको जानकर जीवमात्रके अन्तस्तल में इस भावना का उदय होता है कि पर-तत्त्व, लक्ष्मीकान्त श्रीविष्णु-भगवान् ही सर्वत्र, सर्वदा और सर्वथा हमारे संरक्षक हैं। सच्चे भक्त के हृदय से यह कामना प्रस्फुटित होती है कि—

अजातपक्षा इव मातरं खगाः
स्तन्यं यथा वत्सतराः क्षुधार्त्ताः।
प्रियं प्रियेव व्युषितं विषण्णा
मनोऽरविन्दाक्ष दिदृक्षते त्वाम्॥

(श्रीद्भागवत ६। ११। २६)

और वह कहता है कि—

अनाथाय जगन्नाथ शरण्य शरणार्थिने ।
प्रसीद सीदते मह्यं मुह्यते भक्तवत्सल ।।

(ब्रह्मतन्त्र)

अर्थात्—

अशरण-शरण, भवभयहरण, प्रभु, दीनबन्धु, दयानिधे,
संप्रति शरणमें आपकी आया हुआ हूँ हे विधे ।।
मा श्रीरमाके साथ अपना हाथ मेरे शीर्षपर
रखकर अनुग्रह कीजिये इस तुच्छ पामर जीवपर ।।

श्रीमद्विष्णुर्न : शरणम् की द्विरुक्ति रचना की पूर्णता को सूचित करती है ।।

* विष्णु-गीतम् *

अनिशं गगन-प्रचलत्तारा-रचना-चतुरोऽनन्त-मतिः ।
नीलः स्वर्णिम-वसनो रुचिरो दिव्याकारोऽज्ञेय-गतिः ॥१॥
पूर्वेषामपि ब्रह्मादीनां शास्ता निर्गत-हेय-गुणः ।
स्वीये धामनि पुण्ये नित्यं कृत-वसतिः कल्याणगुणः ॥२॥
नित्यं मुक्तः शुद्धो बुद्धः शरण-समागत-दुःख-हरः ।
योगि-ध्येयः पुरुषात् प्रकृतेः परः प्रमोदाऽऽनन्द-करः ॥३॥
भक्तैर्दत्तं पत्रं पुष्पं स्वीकुरुतेऽलं* तोय-फलम् ।
यो भू-भारं हर्त्तुं विविधं रूपं कुरुतेऽनेक-कलम् ॥४॥
यत्पद-युगले सुकृता विनतिर्विपदा-सरिता-तरण-तरिः ।
अतिशय-मधुर-मनोरम-मूर्तिर्हृदि मे स वसतु
सदा हरिः ॥५॥

नक्राकृष्टो द्विरदोऽध्यायत् कञ्जकरो[1] यं कञ्जकरम् ।
तस्य स्मेर-मुखं मे सकलं व्यसनं हरते कष्टकरम् ॥६॥
उरसि यदीये देवी लक्ष्मीर्लसति सदा वात्सल्य-झरी[3] ।
कमल-वराऽभय-भूषित-पाणिः सन्तति-सुख-
म्मानकरी ॥७॥

यो मनुते स्वजनाऽर्पित-तुलसी-दलमपि हरितालङ्करणम्[4] ।
सोऽयम्भूयाद् भूयो भूमा[5] श्रीमद्-विष्णुर्मे शरणम् ॥८॥

*अलम्=अरम् अर्थात् द्रुतम् । रलयो : सावर्ण्यम् ।

१. कञ्जं करे शुण्डे यस्य सः कञ्जकरो गजेन्द्रो यः पूर्वस्मिञ्जन्मनि इन्द्रद्युम्न-नामा महीपो बभूव। अत्र 'उत्क्षिप्य साम्बुज-करं गिरमाह कृच्छ्रान्नारायणाऽखिल-गुरो भगवन्नमस्ते 'इति श्रीमद्भागवत-प्रसङ्गोऽनुसंधेयः ।

२. कञ्जानीव कम्राः करा यस्येति कञ्जकरो भगवान्-विष्णु.—

३. झृष् धातुः। अप्प्रत्ययः, झरः । षित्वात् अङि झरा । अच इः, झरिः । ङीषि झरी ।

४. हरितालङ्करणम्=गारुत्मत-जटितमाभूषणम्

५. 'तावाह भूमा परमेष्ठिनां प्रभुः' (भागवतम् २० । ८९ । ५८)

AN ODE TO VIṢṆU

English Translation of Viṣṇu-gītam

1. Adept in creating a myriad of constellations of stars incessently revolving in the azure vault of firmament, and possessing limitless knowledge, the Lord is blue in complexion and puts on golden garment. Having a divine form, He is very attractive, and His ways are inscrutable.

2. The instructor of the ancients—even of Brahmā, He has no despicable mundane characteristics. An abode of all auspicious attributes such as bliss and consciousness, He ever resides in His own divine locus of excellence.

3. Ever emancipated, pure and omnicient, He dispels all miseries of those who approach Him for succour. The mystics meditate on Him. Transcending both matter and spirit, He bestows worldly pleasures and heavenly bliss on His votaries.

4. He accepts leaves (of holy basil), flowers, fruits and water sincerely offered by the devotees ; and He assumes various forms full of elegance and majesty for relieving the (denizens of this) earth of atrocities (committed by the sinful people).

5. Viṣṇu has a very sweet and fascinating person. A salutation offered to His lotus-feet acts like a vessel for crossing the stream of afflictions. May He (in His manifest aspect) ever reside in my heart !

6. The elephant (King Indradyumna under the influence of Agastya's curse) being pulled down by a crocodile (a celestial being under the influence of Devala's curse) held up a tiny lotus by the tip of his trunk and meditated, for help, on the Lord whose hands are as handsome as lotuses. His countenance with a smile on lips dispels all my myseries full of pain and pang.

7. Goddess Lakṣmī, resides on (the left side of) His bosom (in the shape of a beautiful, goldon streak). She holds two lotuses (in Her upper hands) and vouchsafes benediction and fearlessness (by the lower ones). She bestows boons of prosperity in progeny, honour and happiness on the worshippers.

8. The devotees offer green leaves of the holy basil to Viṣṇu. He accepts them, condescending to consider them as precious as some ornaments studded with fine pieces of genuine emarald.

May Śrī Viṣṇu, the Supreme, be ever my saviour, protector and sole refuge ! OM.

श्रीविष्णुयन्त्रम्



Symbology of VIṢṆU-YANTRAM

1. The circle, indicating infinite existence, represents VIṢṆU.
2. The triangle represents Prakṛti with its three constituents. Countless cosmic units are contained in it. The entire cosmos is accomodated in the Divinity like a baby on her mother's lap.
3. The star represents VIṢṆU'S immanence in the universe by threefold stepping in the upper, middle and lower strata. It stands for the Lord's Eka-pādvibhūti.
4. The blue stars represent transcendence of VIṢṆU. They stand for His Tri-pād-vibhūti. The three feet are Sandhinī, Saṁvit and Hlādinī (or Sat, Cit and Ānada) aspects of VIṢṆU.
5. Four stars, thus, symbolise the composite view of VIṢṆU.
6. Each stars, hexagonally figured, represents the six eminent attributes on account of which VIṢṆU is called Bhagavān.

(From A Philosophical Study of the Concept of VIṢṆU in the Purāṇas by Dr K. Bharadvāja)

7. The syllable OM in blue stands for Bhagavān VIṢṆU of sapphirine complexion ; and the syllable Śrī in yellows for Devī Lakṣmī of golden hue.

श्री विष्णु-चालीसा

नीलवर्ण पीताम्बर सोहै।
भक्त जनोंके मनको मोहै ॥ १ ॥
चरण-सरोरुह अतिशय सुन्दर।
नानाविध-भव-संभव-भय-हर ॥ २ ॥
पीत वसन अभिराम मनोहर।
तडित्कान्ति सुर-चाप-विभा-कर ॥ ३ ॥
कटि तनु शोभित वक्ष विशाला।
उर सज्जित सुन्दर वन-माला ॥ ४ ॥
वरद्-हस्त चारों अति साजैं।
करतल जिनके अरुण विराजैं ॥ ५ ॥
अंगुलि सकल मुद्रिका-युक्ता।
जिनमें जड़ीं विविध मणि-मुक्ता ॥६॥
एक हाथमें शंख विराजै।
कुंद इंदु-सी शोभा छाजै ॥ ७ ॥
चक्र दूसरे करमें धारी।
दानव-सेनाका संहारी ॥ ८ ॥

गदा तीसरे हाथ विराजै।
सूर्य समान सदा जो भ्राजै॥ ९ ॥
पद्म चतुर्थ हाथमें लीन्हे।
भक्त-मनोरथ पूरन कीन्हे॥ १० ॥
चिबुक भक्तके भयकी हारी।
शरणागतकी रक्षाकारी॥ ११ ॥
मन्द मधुर मुसकान अनोखी।
देख देख सुर धारैं तोखी॥ १२ ॥
दन्त-पंक्ति अति शुभ्र कली-सी।
हंसी विद्रुम-मध्य पली-सी॥ १३ ॥
नासा नरक-भीतिकी नासी।
पुण्यरूपकी कीर्ति-लता-सी॥ १४ ॥
नयन युगल है कमल-समाना।
भृकुटि चापके सम अनुमाना॥ १५ ॥
मुकुट मनोहर रवि-सम-शोभी।
रत्न-जटित स्वर्णिम सुर-लोभी॥ १६ ॥
अंगद कङ्कण चारु विचित्रा।
कांची नूपुर नित्य पवित्रा॥ १७ ॥
उज्ज्वल चमचम चमकैं भूषण।
भागैं दर्शकके सब दूषण॥ १८ ॥
गरुड़ मनोगति वाहन प्यारा।
संसृति–सर्प–निवारण–हारा॥ १९ ॥

आप सदा पर-पदके वासी।
निज-जन-हृदय-सरोज-विकासी ॥२०॥

त्रिगुणातीत परम पद शोभा।
मुनि-जन-मनमें अतिशय लोभा ॥२१॥

अमितौजा पर नित्य विराजैं।
माँ भी सँगमें वहीं विराजैं ॥ २२ ॥

वाम अंगमें वे छवि छाजैं।
अपनी द्युतिसे हरिको साजैं ॥२३॥

भक्त-अनुग्रह-विग्रह देवी।
रमा-विष्णुके हैं हम सेवी ॥ २४ ॥

रमा इन्दिरा लक्ष्मी माता।
नाम उन्हीं के वेद बताता ॥ २५ ॥

जो लक्ष्मी नारायण सोई।
उनमें भेद कहीं नहिं कोई ॥ २६ ॥

जो माधव सो राधा प्यारी।
वृन्दावनमें कुञ्ज-विहारी ॥ २७ ॥

जो सीता सो राघव भी हैं।
इनमें भेद कदापि नहीं है ॥ २८ ॥

लैं अवतार जभी प्रभु भू पै।
धरैं रमा भी रूप अनूपै ॥ २९ ॥

जहाँ सूर्य है कांति वहीं है ।
जहाँ चन्द्र है शान्ति वहीं है ॥३०॥
विष्णु जहाँ हैं वहीं रमा हैं ।
सदा माधवी विष्णु-समा हैं ॥३१ ॥
विश्व-नियन्ता अन्तर्यामी ।
लोकविनुत त्रिभुवनके स्वामी ॥३२॥
भव्य रूप मंगलमय शीला ।
सदा करैं रुचिकर शुभ लीला ॥३३॥
जो नर हरि-गुण-गणको गावै ।
सो निज-हृदय-मनोरथ पावै ॥३४॥
धार्मिक धर्म करै मन लाई ।
धन-रुचि द्रव्य अनेक कमाई ॥३५॥
और अनेक कामना-कारी ।
पावै प्रभुसे सम्पति सारी ॥३६॥
जो चाहे सब बंधन नाशा ।
पूर्ण करैं प्रभु वह भी आशा ॥३७॥
जो हरि-पदमें ही रति लावै ।
कृपा करैं प्रभु, वह भी पावै ॥३८॥
जय जय नारायण श्रीवासा ।
कीजै नित मम उर-पुर वासा ॥३९॥

हरिये प्रभु मम संकट भारी ।
हे गजराज-विपत्ति-विदारी ॥४०॥

त्रिगुण-रहित निज-गुण-सहित,
दिव्य-रूप श्री-वास ।
रमा-सहित मम हृदय में,
करिये नित्य निवास ॥

★

विष्णु-नीराजनम्

जय लक्ष्मी-विष्णो ।

जय लक्ष्मी-नारायण, जय लक्ष्मी-विष्णो ।
जय माधव, जय श्रीपति, जय जय जय जिष्णो ॥१॥
जय लक्ष्मी-विष्णो ॥

जय चम्पा-सम-वर्णे, जय नीरद-कान्ते ।
जय मन्द-स्मित-शोभे, जय अद्भुत-शान्ते ॥२॥
जय लक्ष्मी-विष्णो ॥

कमल-वराऽभय-हस्ते, शङ्खादिक-धारिन् ।
जय कमलालय-वासिनि, गरुड़ासन-चारिन् ॥३॥
जय लक्ष्मी-विष्णो ॥

सच्चिन्मय-कर-चरणे सच्चिन्मय-मूर्ते ।
दिव्यानन्द-विलासिनि, जय सुखमय-मूर्त्ते ॥४॥
जय लक्ष्मी-विष्णो ॥

तुम त्रिभुवन की माता, तुम सबके त्राता ।
तुम लोक-त्रय-जननी, तुम सबके धाता ॥५॥
जय लक्ष्मी-विष्णो ॥

तुम जन-धन-सुख-सन्तति-जय देने वाली ।
परमानन्द-विधाता तुम हो वन-माली ॥६॥
जय लक्ष्मी-विष्णो ॥

तुम हो सुमति घरों में, तुम सबके स्वामी।
चेतन और अचेतन के अन्तर्यामी ॥७॥
जय लक्ष्मी-विष्णो ॥
शरणागत हूँ, मुझ पर कृपा करो माता।
जय लक्ष्मी-नारायण नव-मङ्गल-दाता ॥
जय लक्ष्मी-विष्णो ॥

❋

विष्णुसूत्रापरर्यायं पर-तत्त्व-सूत्रमधिकृत्य काश्चन सम्मतयः

1. Dr. S. Varadachariar, D. C. L.
Formerly Chief Justice of the
Federal Court of India

I was under the impression that only Advaitic views are in vogue in N. India and that Visishtadvaita doctrines have little currency here. Your sutras have corrected that impression. I noted with pleasure that while avoiding unnecessary technicality of diction, your sutras have all the true merits of the sutra style—conveying the maximum idea by the minimum of expression. I trust they will be widely read and appreciated.

29. 3. 48

2. Dr. S. Radhakrishnan
Vice-Chancellor
Benares Hindu University

Thank you for your letter of the 7th. I read your paper with interest.

14. 1. 1944

3. Mahamahopadhyaya Dr. Umesh Mishra .... It is a very good attempt to propound a new line of thought. Such sutra work should be followed by a Bhāṣya from the pen of the author himself so that we may be able to follow closely the chain of thought in the author's mind. I congratulate you for such an attempt.

5. 7. 47

4. Shri P. K. Gode
Curator, Bhandarkar Oriental Research
Institute, Poona

.................I have received a copy of his Paratttavasūtram which contains 101 sutras composed in the old sūtra style but more intelligible to an average reader than the Bādarayāṇa sutras. Please convey to Mr. Bharadwaj my

congratulation on this delightful and learned performance, which shows how deeply he is saturated with the form and content of our older sanskrit literature..................

20. 12. 1947

5. Shri P. T. Raju
Joint secretary and Treasurer
Indian Philosophical Congress
Anhdra University
Waltaire

पठितं हि भरद्वाज
सूत्रं ते पारतात्त्विकम्
महता तु प्रमोदेन
विष्णु-भक्ति-प्रबोधकम् ।

29. 8. 47

६. श्रीमद्-वेदमार्ग-प्रतिष्ठापनाचार्योभय-वेदान्त-प्रवर्त्तकाचार्य-श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य-श्री १००८ श्रीमज्जगद्गुरु-श्रीरामानुजाचार्य-संरक्षित-विशिष्टाद्वैतसिद्धान्त- संरक्षक - अखिल-भारतवर्षीय-वर्णाश्रम-स्वराज्य-सङ्घ के प्रधान नेता उत्तराद्रि श्रीवैष्णवमठाधीश तिरुपति बालाजी बड़गादी बम्बई श्रीदेवनायकाचार्य जी महाराज ।

सामोदं मया व्यदर्शीन्द्रप्रस्थ-मॉडर्न हाई स्कूलाह्व-विद्यालय-संस्कृताध्यापकेन प्रणीतं श्रीमन्नारायण-परत्व-प्रतिपादकं परतत्त्वसूत्रम् । सूत्रात्मिकेयं रचना प्राचीन-ग्रन्थकृतां सरणिं स्मारयति ग्राहयति च वेद-वेदान्त-सारम् ।

सूत्रकदम्बकं द्वादशाधिकरण्यां विभाजितं विभिन्न-रहस्यानि विवेचयति यानि खलु श्रीसम्प्रदाय-प्रचारक-शेषावतार-भगवच्छ्री रामानुजाचार्य-सम्मतानि । कृतावस्यां प्रमोदं प्रकाशयन्नहमनेकाशीर्वचोभिर्योजयामि भारद्वाज-विपश्चितमिति शम् ।

7. डॉ० हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

"…सूत्र तो बड़े सुन्दर हैं परन्तु जैसा कि हमेशा होता आया है, सूत्रों के साथ भाष्य होना भी आवश्यक है। 'परतत्त्व' का प्रतिपादन बड़ा मधुर और महान् है। इस भक्तिभरी रचना के लिये मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूँ।

२।१२।४७

8. डॉ० नरेन्द्रनाथ चौधरी

अध्यक्ष, संस्कृत विभाग

दिल्ली विश्वविद्यालय

"…आपका 'पर-तत्त्व-सूत्रम्' पढ़कर बड़ी ही प्रसन्नता हुई। रचना-कौशल तथा भावगाम्भीर्य के लिये आपको हार्दिक बधाई।

१८।२।४८

Publisher's note (*a*) About the Author

Seventy-year old Dr. K.D. Bharadwaj who was awarded the Certificate of Honour for scholarship in Sanskrit by President V.V. Giri in 1971 is a dedicated savant.

Sanskrit literature held a rare fascination for young Bharadwaj at the turn of the century. Starting his studies in the traditional way, he became a :Shastri at the age of 15 and an 'Acharya' eight years later.

He joined the Modern School, New Delhi as a teacher in October, 1927 and retired from there as Vice-Principal in December, 1968. "Dr. Bharadwaj's personal contribution to education and to Modern School is so immense as to be almost immeasurable" (Statesman 20th October, 1970). For his long and meritorious services, he won the National Award for Teachers of outstanding merit in 1960.

He was the first scholar to get a doctorate (Ph. D.) in the Department of Philosophy of Delhi University in 1951-52.

Despite his pre-occupation as a teacher, Dr. Bharadwaj has written about thirty books in Sanskrit, Hindi and English. "The Philosophy of Rāmānuja", "The Para-tattvasūtram" an original work in Sankrit in sūtra style on the Ultimate Reality, and "Shrivatsa Bhashya" in Hindi on the Brahma-sūtra are of abiding value.

His knowledge of Sanskrit was an asset for the Director of National Archives whom he assisted in rendering Sanskrit documents into English. Honorary titles of Vedantacharya and Doctor of Oriental Culture have been conferred upon him by Puri and Varanasi institutions.

मुद्रणे त्रुटिबाहुल्यं सञ्जातं क्षम्यतामिदम् ।
शोध्यतां पठनात् पूर्वं, सर्वमस्तु समञ्जसम् ।।

पृष्ठम्	पङ्क्तिः	मुद्रित-रूपम्	शुद्ध-रूपम्
२	३	यँ;	यँ:;
२	२२	आचसेनिका	आसेचनिका
५	४	मम्यासः	मभ्यासः
१२	१६	aound	around
१९	९	विप्णो	विष्णो
२२	१६	घ्यान	ध्यान
२३	१०	अर्थँ	अर्थ
२६	१०,११,१२	प	पृ
	१७	नित्य पुमांस	नित्यं पुमांसं
२८	१८	उर्युपक्त	उपर्युक्त
३३	१४	सभ्बन्ध	सम्बन्ध
३४	१२	ब्राह्मण	ब्राह्मणे
४२	६	ध्यामेय	ध्यायेम
४५	२०	संहियते	संह्रियते
४६	२१	पुरुष	पुरुषं
४७	१९	नहन	नहर
५२	१६	ब्रह्मणा	ब्रह्मणो
५४	१५	प्रकृसि	प्रकृति
५५	६	दुरतिक्रस	दुरतिक्रम
५६	२२	पूर्मतया	पूर्णतया
५७	१५	संह्यियते	संह्रियते
५९	३	श्रीमाष्योक्त	श्रीभाष्योक्त
	१२	यदात्नको	यदात्मको
	१३	ज्ञानात्सको	ज्ञानात्मको
६०	१	मगवान्	भगवान्
	२	निखिगुण	निखिलगुण
६१	२२	गता	गया
६२	१५	इण्द्रियों	इन्द्रियों
६३	५	भक्तक्त्या	भक्त्या
७०	१३	परिवर्त्त	परिवर्तन
७३	२६	रूप	रूपं
७७	२४	अत्यन्न	अत्यन्त
८०	२१	भगवत	भागवत
८८	२३	मामभृत	माममृतं

पृष्ठम्	पङ्क्तिः	मुद्रित-रूपम्	शुद्ध-रूपम्
८९	१२	सुमङ्गलंमस्तु	सुमङ्गलं मङ्गलमस्तु
९१	५	सते	सूते
	१७	हा	ही
	२०	अस्यां पङ्क्तौ द्वादशो भगवत्पार्षदः कुमुदोऽपि लेखनीयः	
९३	२३	श्रीमद्भगवत	श्रीमद्भागवत
९५	१	परमपदक	परमपदको
९८	२	ह्यषः	ह्येषः
१००	२१	भ्यां	भ्यां
१०१	२४	असंख्य	असङ्ख्येय
१०५	१८	श्रौ	श्री
१०६	१	यजेन्द्र	गजेन्द्र
१०७	१	औद	और
११०	४	श्रीमद्धा०	श्रीमद्भा०
११२	१२	गीतों	गीता
	२४	वेदोक	वेदोक्त
१२०	१५	दम्पतो	दम्पती
	१७	दीजिगे	दीजिये
	२६	माधुर्यं, भा	माधुर्य, भी
१२३	६	अर्यात्	अर्थात्
	२१	ल्के, सक्तसक्त	क्ले, सक्त
१२४	१८	लाम	लाभ
१२८	२५	सुग्ध	मुग्ध
१३१	२३	पुनः पुन,	पुनः पुनः
१३२	४	सप	सर्प
१३३	१९	न्पो, न्पो	प्नो, प्नो
१३४	८	वचग	वचन
१४२	१५	जकामः	अकामः
१४३	२३	सके	सकें
१४९	४	कांच का	काँसे का
	७	कास्यं	कांस्यं
१५१	१	धार्मों	धामों
१५२	२९	वेध	वेध
१५३	१०	वानप्रस्यो	वानप्रस्थो
	[illegible]	मध्याह्न	मध्याह्न
१५८	४	जी	जी
१८३	[illegible]	स्ववजन	स्वजन
१८६	[illegible]	डीषि	ङीषि
१८९	२०	stars	star

Bhagawan's Sri Sankaracharya Sanskrit Mahavidyalaya Bharatiya Vidya

...an's Sri Sankaracharya ... Mahavidya... Bharatiya Vi...

Gandhi Marg
New Delhi-1.